जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, शुक्रवार, 11 अप्रैल, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 340 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.




जीत की पटरी पर उतरना चाहेगी चैन्नई

पेजः 10

## सीएम ने ली जयपुर मेट्रो-फेज 2 की अहम बैठक

### आमजन की सुगमता को देखते हुए निर्धारित करें मेट्रो का रूट

# सीएम शर्मा बोले, मेट्रो विस्तार से जयपुर में यातायात प्रबंधन को मिलेगी मजबूती

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को मेट्रो कॉरिडोर (फेज-2) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के संबंध में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेट्रो फेज-2 की डीपीआर में प्रस्तावित सीतापुरा से अंबाबाड़ी तथा विद्याधर नगर तक भविष्य की आवश्यकता तथा आमजन की सुगमता को देखते हुए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएं।

उन्होंने कहा कि जयपुर एक ऐतिहासिक और तेजी से बढ़ता शहर है और मेट्रो का विस्तार यहां की बढ़ती आबादी और यातायात दबाव को संतुलित करने में अहम भूमिका निभाएगा। राज्य सरकार की मंशा है कि जयपुरवासियों के लिए सुगम एवं अत्याधुनिक परिवहन तंत्र विकसित किया जाए जिससे जयपुर स्मार्ट सिटी की दिशा में देशभर में मॉडल शहर बने। सीएम शर्मा ने कहा कि मेट्रो फेज-2 के तहत प्रोजेक्ट में खर्चे व लागत का समुचित आंकलन किया जाये ताकि वित्तीय संसाधनों का सदुपयोग होने के साथ ही आमजन के लिए भी बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने मेट्रो की डीपीआर में प्रस्तावित रूट, अनुमानित लागत, परियोजना की व्यवहार्यता तथा वित्तीय मॉडल की जानकारी ली।



### रेलवे स्टेशन-एयरपोर्ट के नजदीक बनाएं मेट्रो स्टेशन

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना में आमजन की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए रूट का निर्धारण किया जाए। उन्होंने कहा कि मेट्रो स्टेशन ऐसे स्थानों पर बनाए जाएं जो आम लोगों की पहुंच में हों, और इसके साथ-साथ रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट के नजदीक मेट्रो स्टेशन बनाया जाना सुनिश्चित करें जिससे मेट्रो की उपयोगिता अधिकतम हो। बैठक में मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने मेट्रो परियोजना के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सीएमडी वैभव गालरिया, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त आनंदी सहित जयपुर मेट्रो से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मतांतरण से जुड़ी याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** देश में मतांतरण के मुद्दे से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट 16 अप्रैल को सुनवाई करेगा। कुछ याचिकाओं में कई राज्यों में मतांतरण विरोधी कानूनों को चुनौती दी गई है, जबकि एक अन्य याचिका में जबरन मतांतरण के खिलाफ राहत मांगी गई है। बहरहाल, यह मामला चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार तथा जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष आएगा।

### शिक्षामंत्री मदन दिलावर बोले, राजस्थान में जल्द होंगे ग्रेड थर्ड टीचर्स के ट्रांसफर

**जयपुर।** राजस्थान में प्रमोशन का इंतजार कर रहे ग्रेड थर्ड टीचर का इंतजार जल्द पूरा होने वाला है। गुरुवार को राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इसकी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने लंबे समय से एक ही पद पर जमे अधिकारियों का ट्रांसफर करने की भी घोषणा की। जयपुर में शिक्षकों की बैठक को संबोधित करते हुए दिलावर ने कहा कि आपकी बहुत सारी मांगे हैं, जो मुझे पता है। सबको शीघ्र ही पूरा कर दिया जाएगा।

# मुम्बई हमले का दोषी तहव्वुर राणा भारत लाया गया

### लैंडिंग के बाद पहली तस्वीर सामने आई

### सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया

**नई दिल्ली।** 2008 मुम्बई आतंकी हमलों के दोषी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत ला रहा विशेष विमान दिल्ली पहुंच गया है। यह विमान दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यही पर उसकी पहली तस्वीर सामने आई है। यहां से तहव्वुर को सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया है। एनआईए हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जेल सूत्रों के मुताबिक, राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं।





### अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी याचिका

*तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। उसने अपनी याचिका में खुद को पार्किंसन बीमारी से पीड़ित बताते हुए कहा था कि अगर भारत डिपोर्ट किया गया तो उसे प्रताड़ित किया जा सकता है।*

हालांकि उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा। जांच एजेंसी एनआईए और खुफिया एजेंसी रॉ की एक जॉइंट टीम तहव्वुर को लेकर बुधवार को अमेरिका से रवाना हुई थी। राणा को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जा सकता है।

### दिल्ली पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राणा के प्रत्यर्पण को लेकर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को भी हाई अलर्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही एसडब्ल्यूएटी कमांडोज को भी एयरपोर्ट पर तैनात किया गया है। एयरपोर्ट के बाहर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज की सिक्योरिटी विंग और स्थानीय पुलिस मौजूद है। केंद्र सरकार ने इस मामले में एडवोकेट नरेंद्र मान को स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर के तौर पर नियुक्त किया है। उन्हें तीन साल या फिर केस का ट्रायल पूरा होने तक यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पाकिस्तान ने तहव्वुर राणा से दूरी बनाते हुए कहा कि वह कनाडा का नागरिक है। पाक विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि तहव्वुर राणा ने पिछले दो दशकों से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों को रिन्यू नहीं कराया है। उसके पास कनाडा की नागरिकता है। पाकिस्तान अपने उन नागरिकों को दोहरी नागरिकता रखने की अनुमति देता है। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

# बिहारः आंधी-बारिश और बिजली गिरने से तबाही, अब तक 31 लोगों की मौत

**पटना।** नालंदा, सिवान, भोजपुर, गोपालगंज, बेगूसराय, सारण, गया, जहानाबाद व अरवल में वज्रपात व तेज आंधी-पानी के कारण जगह-जगह पेड़, दीवार, पुलिया और कर्कट गिरने से जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। इन जिलों में कुल 31 लोगों की जान गई है। जिनमें सर्वाधिक नालंदा में अलग-अलग 13 लोगों को जान गंवानी पड़ी है।

इनमें एक भी मौत वज्रपात से नहीं हुई है। नालंदा जिले के मानपुर थाना के नगवां गांव में देवी स्थान की दीवार पर पीपल का विशाल वृक्ष भरभराकर गिर पड़ा, जिससे वृक्ष व दीवार के मलबे से दबकर एक ही जगह छह लोगों की मौत हो गई। जिले के इस्लामपुर में बालमत बिगहा गांव के पास पुलिया धंसने से दादी, उनके दो वर्ष का पोता और नौ माह की पोती की मलबे से दबकर मौत हो गई।

जिले के पावापुरी सहायक थाना के दुर्गापुर खंधा में ताड़ के पेड़ से दबकर एक दस वर्षीय बालक की मौत हो गई। जिले के सिलाव के माधोपुर में ताड़ से दबकर दो की मौत हो गई। वहीं राजगीर के सारिलचक में पेड़ से दबकर एक की मौत गई। भोजपुर में मां-बेटा समेत पांच लोगों की मौत हुई है। इनमें वज्रपात से एक एवं दीवार व पेड़ से दबकर चार की मौत हुई है। भोजपुर के बड़हरा में बिहार को उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला महुली घाट-सिताबदियारा पीपा पुल तेज आंधी पानी के कारण टूट गया है।



### सीएम नीतीश कुमार ने जताया शोक

भीषण आंधी-पानी और वज्रपात से प्रदेश में 31 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वह प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने सभी मतृकों के परिजनों तुरंत चार-चार लाख रुपए का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। उन्होंने लोगों से यह अपील किया है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी तरह सतर्क रहें। खराब मौसम होने पर आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

सिवान में वज्रपात से चार लोगों की मौत हो गई है। सारण के पानापुर में वज्रपात से दो की मौत हो गई है। गोपालगंज में झोपड़ी पर पेड़ गिरने से एक महिला की मौत हो गई है। जहानाबाद में वज्रपात से दो की मौत हुई है। अरवल-पटना सीमा पर पटना के बेदौली गांव में दीवार व पेड़ से दबकर दो की मौत की सूचना है। बेगूसराय के चेरिया बरियारपुर में वज्रपात से किशोरी की मौत हो गई। गया जिले के टनकुप्पा प्रखंड अंतर्गत भेटौरा पंचायत के मायापुर गांव में दीवार गिरने से आठ वर्षीय बालक की मौत हो गई। आंधी और वर्षा से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। कई जगह पेड़ धराशाई हो गए। कच्चे व खपरैल घरों को भारी नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित है। जिन किसानों की गेहूं की फसल अभी नहीं कटी है, उन्हें थोड़ी राहत हैं।

## प्रदेश में भी 16 जिलों में बारिश की संभावना

**जयपुर से जागरूक टाइम्स संवाददाता** के अनुसार राजस्थान में तेज गर्मी और लू से बुधवार देर शाम कई शहरों को राहत मिली। बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के जिलों में शाम को कई जगह तेज धूलभरी आंधी चली और बारिश हुई। मौसम के इस बदलाव से चार डिग्री तक तापमान गिरा।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राजस्थान में आज और कल भी पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा। आज 5 जिलों में ऑरेंज और 11 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। राजधानी जयपुर में भी शाम को आंधी चली और कुछ जगहों पर बूंदाबांदी हुई। इससे पहले जयपुर में तेज गर्मी रही और दिन का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सीकर, बीकानेर में भी बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। बीकानेर में कल देर शाम को 1 सेमी. बारिश दर्ज हुई। औसत से 7 डिग्री ऊपर तापमान राजस्थान में बुधवार को कई शहरों में दिन में तेज गर्मी रही। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर



*जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक **राधेश्याम शर्मा** ने बताया, उत्तर भारत में जो वेस्टर्न डिर्स्टबेंस आया है, वह बहुत प्रभावशाली है। इस सिस्टम के असर से कई जगहों पर आज तेज आंधी चलने और कई जगह हल्की बारिश होने की संभावना है। इस सिस्टम का सर्वाधिक असर 11 अप्रैल को देखने को मिलेगा, जब आधे से ज्यादा राजस्थान में बादल छाने के साथ आंधी चल सकती है।*

# बंगाल में नए वक्फ कानून पर हिंसा, 22 गिरफ्तार

### देशभर में पर्सनल लॉ बोर्ड का प्रदर्शन

### सुप्रीम कोर्ट में 16 अप्रैल को सुनवाई

**कोलकाता।** वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 8 अप्रैल को हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 8 आरोपियों को आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

जंगीपुर के पुलिस अधीक्षक, आनंद रॉय ने बताया कि हिंसा को लेकर पुलिस ने अपने आप संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। उन्होंने बुधवार को इलाके का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। दरअसल, प्रदर्शनकारियों ने 8 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध में कई वाहनों को आग लगा दी थी। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल थी। झड़प में प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अब तक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट की 3 जजों की बेंच 10 याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगी। बेंच में सीजेआई संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और केवी विश्वनाथन शामिल होंगे।



### ममता बोलीं, बंगाल में लागू नहीं होगा वक्फ कानून

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि नया वक्फ कानून पश्चिम बंगाल में लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी है, मुस्लिम समुदाय की संपत्ति की रक्षा करेगी। दरअसल, प्रदर्शनकारियों ने 8 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध में कई वाहनों को आग लगा दी थी। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल थी। झड़प में प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अब तक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। याचिकाओं पर 16 को सुनवाई करेगी।

## दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने 194 राजनीतिक नियुक्तियां रद्द की



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए 194 राजनीतिक नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया। ये नियुक्तियां पिछली आम आदमी पार्टी सरकार में हुई थीं। जिन लोगों को सरकार ने पद से हटाया है उनमें आम आदमी पार्टी के कई प्रमुख नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी शामिल हैं।

### इन संस्थाओं में लोगों की नियुक्तियां रद्द

दिल्ली सरकार ने 17 संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्तियों रद्द कर दिया है। इन संस्थाओं में दिल्ली जल बोर्ड, पशु कल्याण बोर्ड, दिल्ली हज कमेटी, तीर्थयात्रा विकास समिति, उर्स समिति, हिंदी अकादमी, उर्दू अकादमी, साहित्य कला परिषद, पंजाबी अकादमी और संस्कृत अकादमी शामिल हैं।

# राजस्थान हाईकोर्ट में करीब 6 लाख मुकदमें लम्बित

### मुख्य न्यायाधीश बोले, हमारे पास केसों के अनुपात में पर्याप्त जज नहीं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश की अदालतों में बढ़ते मुकदमों की संख्या से जज भी प्रभावित हो रहे हैं। अकेले हाईकोर्ट की बात करें तो यहां करीब 6 लाख मुकदमे लंबित हैं। वहीं न्यायाधीशों के स्वीकृत पदों के मुकाबले जजों की संख्या भी कम है। वर्तमान में राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के 24 प्रतिशत पद खाली हैं। अभी मुख्यपीठ जोधपुर और जयपुर पीठ में न्यायाधीशों के 50 स्वीकृत पदों में से 38 न्यायाधीश ही कार्यरत हैं। ऐसे लंबित मुकदमों के मुकाबले जजों की कम संख्या को लेकर मुख्य न्यायाधीश भी कई बार चिता जता चुके हैं।



बुधवार को नव नियुक्त न्यायाधीशों के सम्मान समारोह में भी उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि होना एक बड़ा अध्याय होता है। आप सब जानते हैं, आप किसी से छिपा नहीं है। हमारे यहां मुकदमों की संख्या बहुत ज्यादा है और उन मुकदमों के अनुपात में पर्याप्त जज हमारे पास नहीं हैं।

### प्रति जज 16 हजार मुकदमों का भार

राजस्थान हाईकोर्ट में प्रत्येक जज पर करीब 16,096 मुकदमों का भार है। इसे लेकर भी मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पर्याप्त संख्या में जज नहीं होने से प्रति न्यायाधीश मुकदमों का भार बहुत होता है। इसी कारण से बहुत सारे प्रकरण जिनकी जल्दी सुनवाई होनी चाहिए, शायद वो नहीं हो पाती है। उन्होंने कहा कि अभी हमें जल्दी-जल्दी अच्छी संख्या में न्यायाधीश मिले हैं, इससे पूरी संस्था को बहुत लाभ पहुंचेगा।

हम सब इस सिस्टम का हिस्सा हैं। हम सभी लिटिगेंट्स के लिए काम करते हैं। न्यायाधीशों की संख्या में बढ़ोतरी होने से उन्हें फायदा पहुंचेगा। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

# जयपुर में अब ओपन जेल के प्रहरी को धमकी

### कहा मेरी पिस्टल में बहुत पीतल है, वो पीतल तेरे में भर दूंगा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर के ओपन जेल में तैनात जेल प्रहरी को कॉल कर जान से मारने की धमकी दी गई। कॉल करने वाले ने धमकाया दूसरे बंदियों को भेजकर सबक सिखा दूंगा। मेरी पिस्टल में बहुत पीतल है, वो पीतल तेरे में भर दूंगा। मालपुरा गेट पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर धमकी देने वाले बदमाश और ओपन जेल में दो हत्यारे बंदियों को अरेस्ट किया है।

डीसीपी (ईस्ट) तेजस्विनी गौतम ने बताया, मामले में आरोपी विक्रमजीत (33) पुत्र रामचन्द्र निवासी महाजन बीकानेर, रामभरोसी (45) पुत्र भगवती निवासी मासलपुर करौली और रामकिशन (31) पुत्र बनवारी लाल निवासी खेतड़ी झुंझुनूं को अरेस्ट किया है। आरोपी रामभरोसी और रामकिशन दोनों बंदी ओपन जेल में हत्या की सजा काट रहे है। बंदी रामकिशन का पूर्व केसवार विक्रमजीत है, जो जेल से बाहर है। पुलिस ने विक्रमजीत को तमिलनाडु के पांडिचेरी से पकड़ा है, जबकि दोनों बंदियों को सांगानेर ओपन जेल से अरेस्ट किया है।



### प्रहरी को धमकी भरा कॉल

गत 5 अप्रैल को ओपन जेल के प्रहरी मनोहरलाल विश्नोई ने मालपुरा गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने कॉल किया। कॉल करने वाले ने खुद का नाम विक्रांत चौधरी होना बताया। धमकाया तुझे अभी इस बंदी फार्म के दूसरे बंदियों को भेजकर सबक सिखा दूंगा। तू मुझे जानता नहीं है, मेरी पिस्टल में बहुत पीतल है।

वो पीतल तेरे में भर दूंगा। ओपन जेल से बाहर निकलते ही जान से मारने की धमकी दी। पुलिस जांच में सामने आया कि 2 अप्रैल को बंदी रामभरोसी को रोलकॉल में लेट आने पर प्रहरी मनोहर लाल ने डांट दिया था। इस बात से नाराज होकर बंदी रामकिशन ने अपने पूर्व केसवार विक्रमजीत को कॉल कर बताया। वह तमिलनाडु में रह रहा है। तमिलनाडु के पांडिचेरी से कॉल कर विक्रमजीत ने जेल प्रहरी मनोहर लाल को धमकी दी। धमकी दिलवाने के पीछे जेल में सजा भुगत रहे बंदी रामभरोसी सोनी और रामकिशन का हाथ है। दोनों बंदियों ने साजिश करके मरवाने के लिए पैसा की लेन-देन की बात कर कॉलर विक्रमजीत से धमकी दिलवाई। पुलिस ने दोनों बंदियों को ओपन जेल से अरेस्ट किया। पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर ट्रेस कर आरोपी विक्रमजीत को तमिलनाडु से पकड़ा।

# सिन्ध प्रान्त भारत में नहीं पर मातृ भाषा सिन्धी आत्मा में है : शर्मा

## सिन्धी भाषा मान्यता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अजमेर।** स्वतंत्रता मिलने पर अखण्ड भारत से सिन्ध प्रान्त अलग हो गया और समाज बन्धु देश के अलग अलग हिस्से में बस गये। सिन्ध प्रान्त भारत में नहीं होने पर भी मातृ भाषा सिन्धी हमारी आत्मा है और भारत सरकार ने भी प्राथमिक अध्ययन मातृभाषा में करवाने के लिये नई शिक्षा नीति लागू की है। ऐसे विचार भारतीय सिन्धु सभा की ओर से सिन्धी भाषा मान्यता दिवस पर स्वामी सर्वानन्द विद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता निरंजन शर्मा ने प्रकट किये।



शर्मा ने कहा कि हमारी पहचान पांच भ से होती है जिसमें भाषा, भूषा, भवन, भोजन व भ्रमण है जो हमें भाषा के साथ सभ्यता से जोड़ता है। 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू हुआ परन्तु सिन्ध प्रदेश से अलग हुये समाज की मातृभाषा सिन्धी को नहीं जोड़ा गया और मान्यता के लिए लगातार संघर्ष करते हुये 10 अप्रैल 1967 को संविधान की आठवीं अनुसूची में जुड़ने की सफलता प्राप्त हुई। प्रदेश भाषा एवं साहित्य मंत्री डॉ. प्रदीप गेहाणी ने कहा कि सरकार भाषा का विस्तार व बढ़ावा देने के लिये प्रयासरत् है। राज्यों में भाषा के लिये अकादमियों का गठन व केन्द्र स्तर पर राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद का गठन किया गया है और भारतीय सिन्धु सभा की ओर से बाल संस्कार शिविरों के अलावा अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से बच्चों को मातृभाषा से जोड़ने व ज्ञान बढ़ाने की सेवा समाज से मिलकर हो रही है। आज आवश्यकता है सिन्धु विकास बोर्ड की स्थापना की जाये। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहायक कमाण्डेंड मनोज भम्भाणी ने कहा कि मेरे लिये गर्व की बात है कि कल 9 अप्रैल को शौर्य दिवस व आज मातृभाषा मान्यता दिवस है। विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के लिये में सहयोग देने व बाल संस्कार शिविरों में भी राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा के लिये प्रशिक्षण देने के लिये तत्पर हूं। सुधार सभा के संरक्षक ईश्वर ठाराणी ने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत सरकार ने राज्य नहीं होने पर भी सिन्धी भाषा की दो लिपियों में मान्यता दी है और हम विद्यालयों में बच्चों को निरंतर भाषा व संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। सिन्ध व हिन्द के साहित्यकार व शिक्षाविद् भाषा के माध्यम से आपसी जुड़ाव की बात कर रहे हैं और सिन्ध मिलकर अवश्य अखण्ड भारत बनेगा।

अप्रवासी भारतीय एच.आर.आसवाणी ने कहा कि मैं दुनिया के हर देश में व्यापार के कार्य हेतु जाता रहता है मगर प्रसन्नता है कि हमारी युवा पीढ़ी भी सिन्धी भाषा का ज्ञान रखती है और सोशल मीडिया के माध्यम से सिन्धु संस्कृति से भी जुडी हुई है। पूजा पद्धति भले ही अलग अलग पंथ की है परन्तु हम मातृभाषा से जुड़े हुये सनातनी है। मंत्री महेश टेकचंदाणी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ आराध्यदेव झूलेलाल, भारत माता व सिन्ध के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया। स्वागत भाषण जिला मंत्री रमेश वलीरामाणी व आभार अध्यक्ष नरेन्द्र बसराणी ने प्रकट किया। सत्र का संचालन संगठन मंत्री मोहन कोटवाणी व रूकमणी वतवाणी ने किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सिन्धी भाषा गीत व प्रार्थना की। सामूहिक राष्ट्रगान से समापन हुआ।

## श्योपुरा बालाजी धाम हनुमान जन्मोत्सव पर जागरण व शोभा यात्रा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव श्योपुरा बालाजी धाम पर हनुमान जन्मोत्सव समारोह पर्व पर मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन होंगे मंदिर के पुजारी हरि चरण शर्मा ने बताया की 11 अप्रैल शुक्रवार को सुबह 11.00 रुद्राभिषेक होगा, शाम को 7. 30 बजे महा आरती वह रात्रि 8. 00 बजे से मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा आयोजित होगा, रात्रि 8. 00 बजे से मंदिर प्रांगण में विशाल जागरण का आयोजन होगा जिसमें मुख्य भजन गायकर संजय सर्वव बाबूलाल सैनी, एवं आसपास के गांव व शहर की पार्टी भजन गायक करो के द्वारा भजनों की अमृत वर्षा होगी जागरण में हरियाणा के कलाकार द्वारा नृत्य नाटिका का भव्य आयोजन होगा, पुजारी शर्मा ने बताया की 12 अप्रैल को शनिवार को सुबह 8. 00 मंदिर प्रांगण से विशाल शोभायात्रा निकाली जावेगी जिसमें डीजे चंग व धमाल के साथ हरियाणा के कलाकारों द्वारा संजीव झांकियां नृत्य नाटिका के साथ रहेगी।

## गर्भावस्था में नियमित स्वास्थ्य जांच और उचित पोषण से होगा स्वस्थ शिशु का जन्म

### आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित किए जा रहे सक्षम पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग,धौलपुर धीरेंद्र सिंह द्वारा बसेड़ी सेक्टर के तुरसीपुरा प्रथम आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। वहां पर गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं की एंथ्रोपोमेट्रिक माप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिंह ने कहा कि गर्भावस्था में नियमित स्वास्थ्य जांच और उचित पोषण से ही स्वस्थ शिशु का जन्म सुनिश्चित किया जा सकता है। अतः गर्भकाल में रूढ़िवादी मानसिकता को त्याग कर आंगनबाड़ी पर पहली तिमाही में पंजीकरण, आहार की विविधता व समय पर उचित पोषण सुनिश्चित होना चाहिए। साथ ही उन्होंने विभागीय कार्मिकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिशु की उचित वजन निगरानी होनी चाहिए, ताकि अति कुपोषण व नाटे बच्चों की पहचान कर शिशु का समय से उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

उपनिदेशक द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग पोषण ट्रैकर ऐप पर समयबद्ध रूप से प्रति माह सही दर्ज करने के निर्देश फील्ड स्टाफ को दिए। उपस्थित कार्मिकों को संबोधित करते हुए पोषण पखवाड़े पर जन आंदोलन के माध्यम से पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी संदेश अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी बसेड़ी रत्नेश यादव ने शिशु की वजह निगरानी,विभागीय योजनाओं पर चर्चा की। इस मौके पर महिला पर्यवेक्षक शशि वर्मा, कनिष्ठ सहायक दिनेश कुमार एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अभय, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं आशा सहयोगिनी उपस्थित रहे।



## सकल जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** महावीर जयन्ती कार्यक्रम को सकल जैन समाज की ओर से धुमधाम से मनाया गया। जयन्ती पर सुबह 8 बजे सकल जैन समाज जिसहें दिगम्बर जैन समाज व श्वेताम्बर जैन समाज के संयुक्त तत्वाधावन में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा तेरापंथ भवन से शुरु होकर धोबी चौराहा, सुभाष चौक, सफेद घंटाघर होते हुए जैन मन्दिर में पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गई। शोभायात्रा में घोड़ी, बैण्डबाजा जैन श्वेताम्बर विद्यालय, श्री जैन केशर बालिका विद्यालय आदि के बच्चों ने भगवान महावीर के संदेश लिखे बैनर सहित जैन ध्वज हाथ में लेकर भाग लिया। श्री दिगम्बर जैन मन्दिर में समाज के प्रबुद्धजनों ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने ध्वज गीत गाया। दिगम्बर जैन समाज की ओर से सुरेश सरावगी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्वेताम्बर समाज से सुरेश बैध ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नरेन्द्र कोठारी, हेमन्त पारख, राव कोठारी, विजय कुमार कोठारी, सुरेश बैद, पवन नाहटा, अजय दफतरी, श्रवण कोठारी, शांतिलाल कोठारी, छतर सिंह डागा, रचना कोठारी, मोना देवी डागा, डॉ. मांगीलाल श्यामसुखा, प्रदीप सरावगी, सुरेश जैन, सुनील जैन, जय कुमार सिकरिया राजकुमार सिकरिया, प्रमोद सरावगी, संजय सरावगी, सुनील सरावगी, सौरभ जैन, पवन जैन, विनोद सरावगी दलीप सरावगी व विपुल जैन आदि मौजूद रहे। संचालन प्रो. कमल कोठारी ने किया।

### गंगाजल विवाद में अलवर में दलित समाज में रोष

## ज्ञानदेव आहूजा के बयान का विरोध, अम्बेडकर सर्किल से मिनी सचिवालय तक रैली निकाली



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा की टिप्पणी के खिलाफ पूरे देश भर में सर्व समाज में आक्रोश का माहौल पनप रहा है देश व प्रदेश में विभिन्न संगठनों द्वारा प्रदर्शन कर रोष जताया जा रहा है।

गुरुवार को सामाजिक न्याय स्वाभिमान संघर्ष समिति के तत्वाधान में टीकाराम जूली नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा के भगवान श्री राम मंदिर प्रवेश के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेता ज्ञान देव आहूजा (पूर्व विधायक रामगढ़) के द्वारा मंदिर में गंगाजल छिड़ककर मंदिर का शुद्धिकरण करने व अस्पृश्यता व जातीय बयान के विरुद्ध सामाजिक न्याय स्वाभिमान महारैली अंबेडकर सर्किल से सचिवालय तक निकाली गई।

रैली में जिले भर से भारी संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लिया । जिसमें सूरजमल कर्दम प्रदेश प्रदेश चैयरमैन कांग्रेस , योगेश मिश्रा जिला अध्यक्ष कांग्रेस ,गफूर खान प्रदेश सचिव कांग्रेस छगनलाल गण्डूरा सांसद प्रत्याशी ,प्रेमसिंह मीणा गण्डूरा, नरेंद्र मीणा मालाखेड़ा, हिम्मत सिंह चौधरी, विशाल बौद्ध जिला सचिव , जमशेद खान , जेडी आर्यन ,रामावतार खंडेलवाल ,रहमान ,प्रदीप कुमार कर्दम ओम प्रकाश महिवाल ,मिर्चू राम सांवरिया धर्मपाल भरत सिंह अहरोदिया जब्बाराम सरपंच ताराचंद सरपंच जगदीश सरपंच किशोरीलाल ,हरिसिंह ,दुलीचंद कोली , सागर जनमोथरिया ,रामसहाय तहसीलदार, हरकेश मीणा , डालचंद , मामराज मीणा , पूरण सिरमोलिया ,रुपेश खान , ज्योति शर्मा, सोनू मीणा, भरत मास्टर, महेंद्र बौद्ध, आकाश अल्वरिया, रोहित बौद्ध, संदीप बौद्ध आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नाटक के मंचन की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**धौलपुर।** मुंबई के कलाकारों द्वारा 17 अप्रैल गुरुवार को स्थानीय नगर परिषद के ऑडिटोरियम में आयोजित पुण्यश्लोका माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित नाटक की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस सम्बंध में भार्गव वाटिका में एक बड़ी बैठक का आयोजन किया गया।

संस्कार भारती के जिला संयोजक मुकेश सूतैल ने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता रामख्यार सिंह और अनुराग शर्मा के आतिथ्य में सम्पन्न बैठक में उपस्थित विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक व साहित्यिक संगठनों के पदाधिकारियों ने नाटक को सफल बनाने के लिए अपने-अपने विचार रखे। अनुराग शर्मा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि नाटक की तैयारी के अंतिम चरण में मंच को नाटक के विषय के अनुसार सजाया गया है।

## होराईजन हाईट्स वर्ल्ड स्कूल का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** जिला मुख्यालय स्थित उस्मानाबाद कॉलोनी में होराइजन हाइट्स वर्ल्ड स्कूल का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य आकर्षण भाजपा नेता विक्रम सिंह कोटवाद, राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ की प्राचार्य डॉ. जेबी खान, एडिशनल सीएमएचओ डॉ.अहसान गौरी, असिस्टेंट प्रोफेसर जावेद खान, पोक्सो न्यायालय में पूर्व विशिष्ट लोक अभियोजक एडवोकेट वरुण सैनी, आल युवा मुस्लिम समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष संजय खान, सीनियर लीगल एडवाइजर अयूब खान, शिक्षाविद् शमशेर खान, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ खान, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट सद्दाम हुसैन, समाजसेवी जाकीर खान केके, साजिद टांक तारानगर, भीलू सिंह इत्यादि मंचस्थ अतिथि थे।

## विश्व होम्योपैथी दिवस एवं डॉ. हैनिमन जयन्ती मनाई

### होम्योपैथिक चिकित्सा है बिना साइड इफैक्ट के स्थाई इलाज की पद्धति

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** शेखावाटी होम्योपैथिक मेडिकल एसोसियेशन के तत्वाधवान में राजीव मार्केट स्थित श्रद्धा होम्यो. एण्ड योगा सेन्टर पर होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनिमन की 270वीं जयन्ती एवं विश्व होम्योपैथी दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष, अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अमरसिंह शेखावत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में होम्योपैथ्स ने डॉ.हैनिमन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित



कर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रारंभ में बिसाऊ के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. उदयवीर शर्मा द्वारा रचित डॉ.हैनिमन वंदना प्रस्तुत की। समारोह में एसोसिएशन के सचिव डॉ.बी.के.शर्मा ने बताया कि होम्योपैथी के जन्मदाता डॉ. सैम्युअल हैनिमन का जन्म जर्मनी के सेक्सोनी मेशन में गरीब कुम्भकार के घर में 10 अप्रैल 1755 में हुआ। गरीबी से संघर्ष करते हुए होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का आविष्कार कर उन्होंने दुनिया को एक नई राह दिखाई। आज दुनिया के करीब 185 देशों में होम्योपैथी को सरकारी मान्यता मिली हुई है। शेखावाटी में होम्योपैथी के पुरोधा डॉ. अमरसिंह शेखावत ने बताया कि हिन्दुस्तान में होम्योपैथी का बहुत अच्छा प्रचार-प्रसार होते हुए सबसे ज्यादा इस चिकित्सा पद्धति द्वारा पीड़ित मानव की सेवा की जा रही है। इस अवसर पर डॉ. शेखावत ने बताया कि होम्योपैथिक चिकित्सा कारगर, सुलभ, बिना साइड इफैक्ट के स्थायी इलाज की पद्धति है। इसका भारत तथा विदेशों में तीव्र गति से विकास हो रहा है।

## प्रतिभानगर स्थित महावीर भगत के मेड़ी के आगे श्याम सखा मंडल के तत्वावधान में हुआ श्याम पाठ, संतों भी आए

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** प्रतिभानगर के वार्ड 56 में महावीर भगत की मेड़ी के सामने श्याम सखा मंडल की ओर से श्रीश्याम अखंड ज्योत का सामूहिक पाठ हुआ। शाम करीब 4 बजे बाबा की ज्योत से शुरू हुए सामूहिक पाठ में मोहल्ले ही नहीं शहर के भक्तों ने भाग लिया। रतनगढ़, भिवाड़ी, पिलानी सहित अन्य स्थानों से श्याम भक्त भी आए। पाठवाचक मेहुल शर्मा, आशीष शर्मा, नारायण गौड़ के साथ भक्तों ने देर रात 11.15 बजे सामूहिक पाठ किया।

मौसम विभाग की आंधी और बूंदाबांदी की चेतावनी के बावजूद भक्त देर रात तक सामूहिक पाठ से नहीं उठे। इस दौरान आशीष शर्मा की प्रस्तुति हारा हूं बाबा, पर तुझ पर भरोसा है...भजन शुरू किया तो पांडाल में मौजूद सभी नृत्य करने को मजबूर हो गए। बिसाऊ के गणेश नाथ धाम के संत रामनाथ महाराज एवं विधायक हरलाल सहारण ने श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई और अखंड ज्योत के दर्शन किए। श्याम सखा मंडल के राकेश झिकनाड़िया, प्रकाश, राजकुमार सैनी सहित अन्य आयोजकीय भूमिका निभाई। श्याम भक्त पप्पू डीडवानिया, अनिल माटोलिया, बद्रीनारायण मंदिर पुजारी पं. पंकज चोटिया, काशीराम सेवदा सहित अन्य मौजूद थे। श्याम सखा मंडल के मुकेश ने बताया कि ये लगातार दूसरी बार पाठ का आयोजन करवाया गया। मंडल के सदस्य आपस में



मिलकर ये आयोजन करवाते है। बाबा के जन्मोत्सव पर मनाई खुशी, बांटी बधाई श्याम अखंड ज्योत पाठ के दौरान शिव पूजन, भीम विवाह के प्रसंग के बाद श्याम जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान करीब आधा घंटे पाठवाचक मेहुल और आशीष के भजनों पर भक्तों ने सामूहिक नृत्य कर खुशियां मनाई। महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। बाद में भक्तों ने बाबा के जन्मोत्सव पर बधाई के तौर पर खिलौने, गुब्बारे, मिठाई व टॉफी बांटी। इस दौरान संत रविनाथ, विधायक सहारण, जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, सर्जन डॉ. बजरंगलाल शर्मा, डॉ. सज्जन जांगिड़ आदि का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। सम्मान करने वालों में श्याम मंदिर के पुजारी संतोष बुढ़ाढ़रा, पूर्व पार्षद हनुमान माटोलिया, नथमल झिकनाड़िया, मुकेश झिकनाड़िया, गोपाल बुढाढ़रा आदि शामिल थे।

## श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की सजाई झांकी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** श्रीराम मंदिर में चल रही भागवत कथा में वामन अवतार व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की सजीव झांकिया सजाई गई। कथावाचक बाल संत भोले बाबा ने कहा कि जब धरती पर पाप बढ़ता है, तब भगवान अवतार के रूप में जन्म लेते है। संसार में अत्याचारी की प्रकाष्ठा बढ़ती है, तो ईश्वर धरती पर आकर उस अत्याचारी का विनाश करता है। उन्होंने ने कहा कि संसार में मनुष्य को बुरें कार्य नहीं करने चाहिए। हमेंशा सदकर्म के कार्य करने चाहिए। जिससे मनुष्य को आंतरिक संतुष्टि मिलती है। उन्होंने कहा कि कहा कि त्रेतायुग में भगवान विष्णु देवी अदिति के गर्भ से जन्म लेकर ब्राह्मण बालक वामन रूप में धरती पर आए। राजा बलि से तीन पग धरती मांगी। तीन कदम में ही वामन देव ने अपने पैरों से तीनों लोक नापकर राजा का घमंड तोड़ दिया था। इस दौरान वामन अवतार की झांकी भी सजाई गई। इस अवसर पर कथा के आयोजक रमेशचन्द्र इंदौरिया ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन किए।

## शिविर में रोगियों का किया रजिस्ट्रेशन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** भारत विकास परिषद शाखा के तत्वाधवान में श्रीबजाज परिवार मुबई के सहयोग बजाज आई हॉस्पिटल में निशुल्क मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ समाज सेवी डूंगरमल बजाज व सरोज बजाज ने किया। कार्यक्रम में श्रवण बजाज व रेखा देवी बजाज आदि मंचस्थ रहे। भारत विकास परिषद के शिविर प्रभारी मदन सिंह राठौड़ ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर में सभी चयनित लाभार्थियों का ऑपरेशन निःशुल्क किया जायेगा। शिविर में विश्वनाथ गोटेवाला व उमेशचन्द्र चौहान ने बजाज परिवार को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रमाकांत भाउवाला, शैलेन्द्र शर्मा, विमलचंद भटनागर हुकमचन्द गौड़, सुरेश कुमार सरावगी, वैद्य बनवारीलाल शर्मा, श्यामसुंदर शर्मा, शंकर जांगिड़ आदि उपस्थित रहे शिविर में देवेंद्र कुमार चंदेल, सुरेंद्र कुमार ग्रोवर, पुनीत लाटा, पवन कुमार जांगिड़, श्यामसुंदर पारीक, हुकमचन्द सोनी, मोहनलाल शर्मा व निरंजन वर्मा आदि ने रजिस्ट्रेशन में सहयोग किया।

## मण्डल के सदस्यों ने वितरित किए निमंत्रण पत्र, श्रीश्याम अखण्ड ज्योत पाठ 13 को

**चूरू।** जैन गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में श्रीश्याम अखण्ड ज्योत पाठ समिति की ओर से 11वां उत्सव



फटकारो मोरछड़ी को आयोजन की कड़ी में चूरू जिला मुख्यालय पर नागवाणी के नोहरे में श्रीश्याम अखण्ड ज्योत पाठ 13 अप्रैल को आयोजित होगा। 13 अप्रैल को शाम श्याम बाबा छोटी काशी चूरू में नगर भ्रमण करेंगे। जिला मुख्यालय पर गुरुवार को आयोजक मण्डल सदस्यों ने ज्योत पाठ को लेकर व्यापारियों व आमजन को पीले चावल व आमंत्रण पत्र देकर निमंत्रण दिया। मण्डल के सदस्यों ने मण्डी चौराहा से सफेद घंटाघर व सुभाष चौक पर व्यापारियों व आमजन को निमंत्रण पत्र दिए।

## फतेहपुर के नया बास मण्डल की संगठनात्मक बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत नया बास मण्डल की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक के मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी रियाजत अली खान, फतेहपुर देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष झाबरमल धायल, पंचायत समिति फतेहपुर के प्रधान प्रतिनिधि महिपाल नेहरा, पंचायत समिति फतेहपुर के उप प्रधान प्रतिनिधि प्रभु सिंह, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से बीकानेर के प्रभारी एडवोकेट सद्दाम हुसैन, कांग्रेस नया बास मण्डल अध्यक्ष रामस्वरूप इत्यादि मंचस्थ अतिथि थे।

बैठक में मंचस्थ अतिथिगणों ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं रीति नीति का अधिकाधिक प्रचार प्रसार करने एवं मण्डल से लेकर गांव एवं बूथ स्तर तक कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित एवं निष्ठावान सर्वसमाज के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में उत्तरदायित्व प्रदान कर पार्टी को और अधिक सशक्त एवं मजबूत बनाने की बात कही तथा आगामी नगर निकाय एवं पंचायती राज चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को महत्व दिये जाने की बात कहीं। इस अवसर पर नेमीचंद मेघवाल, फुसाराम, शमशेर खान फौजी, रामवतार, मोहियुद्दीन खान, अस्त अली खान, भंवरू खां, सुभाष सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन फतेहपुर पंचायत समिति के उप प्रधान प्रतिनिधि प्रभु सिंह ने किया तथा फतेहपुर देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बसीर खान गौरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**मुख्यमंत्री का श्रीगंगानगर दौरा: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर स्टेशन का किया निरीक्षण, सुचारू संचालन के दिए निर्देश**

# किसानों व आमजन को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा






**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**श्रीगंगानगर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दो दिवसीय हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर दौरे के तहत बुधवार को श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने पॉवर स्टेशन का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत उत्पादन के लिए संचालित इकाइयों का सुव्यवस्थित संचालन किया जाए जिससे ग्रीष्म ऋतु में किसानों व आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

शर्मा ने पॉवर स्टेशन के कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि पॉवर स्टेशनके सभी तकनीकी पहलुओं का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए जिससे ब्रेक-डाउन जैसी स्थिति के कारण विद्युत उत्पादन प्रभावित नहीं हो तथा तकनीकी खराबी के कारण उत्पादन इकाइयों के शट डाउन जैसी स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने सभी इकाइयों की विद्युत उत्पादन क्षमता की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए।

**प्रदेश की बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धः-** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नवीन तकनीक से कम लागत में प्रदेश के बिजली उत्पादन की क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में सूरतगढ़ थर्मल पॉवर स्टेशन में 125/250 मेगावॉट ऑवर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्थापना के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं। वहीं, आरवीयूएनएल एवं कोल इंडिया के संयुक्त उपक्रम द्वारा सूरतगढ़ थर्मल पॉवर स्टेशन में 100 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए एमओयू किया जा चुका है। इन अहम निर्णयों से राज्य सरकार का किसानों को दिन में बिजली देने का संकल्प पूरा होगा।

इस दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के सीएमडी देवेन्द्र श्रृंगी, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव (पश्चिम) अमरजीत सिंह, सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर स्टेशन के चीफ इंजीनियर के.सी. सिंघल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सीएम शर्मा की महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती पर शुभकामनाएं



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती (11 अप्रैल) के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

शर्मा ने महात्मा ज्योतिबा फूले को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने गरीब, पिछड़े, दलित एवं शोषित वर्ग के उत्थान तथा सामाजिक जड़ताओं व कुरीतियों को दूर करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने महिलाओं के कल्याण व महिला शिक्षा को बढ़ावा देने में भी अहम योगदान दिया। समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष के प्रति समर्पण के कारण उन्हें महात्मा की उपाधि दी गई। युगपुरुष महात्मा ज्योतिबा ने नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिला और पुरुष में भेद, जाति-प्रथा, धार्मिक आडम्बर सहित अन्य कुरीतियों के खिलाफ जनजागरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्योतिबा जी के आदर्शों को प्रेरणा मानकर राज्य सरकार गरीबों तथा महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारी सरकार द्वारा दादूदयाल घुमंतू सशक्तीकरण योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, गरीब महिलाओं के लिए 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर सहित विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन-आदर्शों से प्रेरणा लेकर सामाजिक समरसता को और मजबूत करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं, जिससे देश व प्रदेश उन्नति के नए आयाम को छू सके।

## प्रदेश को विद्युत ऊर्जा में सरप्लस स्टेट बनाने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पितः नागर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** ऊर्जा राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर गुरुवार को चूरू दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने चुरू जिला परिषद सभागार में डिस्कॉम अधिकारियों की बैठक में विभागीय योजनाओं पर चर्चा करते हुए विस्तृत निर्देश दिए। नागर ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। ऊर्जा क्षेत्र के निरंतर उन्नयन के लिए विभाग स्तर नियमित मॉनीटरिंग की जा रही है।

ऊर्जा राज्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आरडीएसएस योजनांतर्गत चल रहे विद्युत संबंधी कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे किए जाएं। अधिकारी विभागीय कार्यों का नियमित एनालिसिस करें तथा फील्ड स्तरीय टीम के बेहतरीन प्रबंधन से गुणवत्तापूर्ण सेवाएं आमजन को दें। उन्होंने आरडीएसएस योजनांतर्गत विद्युत कार्यों, बजट घोषणाओं, पीएम सूर्यघर योजनांतर्गत सोलर कनेक्शन, पीएम कुसुम योजनांतर्गत कनेक्शन, लंबित कृषि कनेक्शन, घरेलू कनेक्शन आदि सहित विभागीय योजनाओं व कार्यों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को समुचित दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जनप्रतिनिधि व डिस्कॉम के अधिकारी मौजूद रहे।

**प्रदेश में गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश जारी**

## भरतपुर एवं दौसा जिले से बच्चे सहित चार लापता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस प्रदेश में गुमशुदा व्यक्तियों की निरन्तर तलाश कर रही है। इसी क्रम में भरतपुर से एक बालक एवं दौसा जिले से दो महिला एवं एक पुरुष लापता है। किसी को इनके बारे में कोई भी जानकारी हो तो कृपया तुरन्त जिला कंट्रोल रूम एवं संबंधित थाने पर सूचित करें। भरतपुर जिले से बालक आर्यन पुत्र संजू जाट (13), कद 3.5 फीट, रंग गोरा, पहचान सफेद शर्ट व काली पेन्ट पहन रखी है। यह बालक लापता है, जिसकी थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज है। दौसा जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र से सुमन मीना पत्नी महेन्द्र मीना (25) निवासी बैजूपाडा हाल सर्किट हाउस के पीछे दौसा, कद 5.2 फीट, रंग गोरा, पहचान सलवार सूट, थाना बांदीकुई क्षेत्र से मधुमाला मीरवाल पत्नी शुभम बैरवा (24) निवासी अम्बेडकर बस्ती प्रतापपुरा, कद 5.3 फीट, रंग गेहुंआ, पहचान सलवार सूट, थाना पापडदा क्षेत्र से पृथ्वीराज मीना पुत्र रामकुंवार (26) निवासी ढाणी कुआं वाली तन कालाखाड, कद 6 फीट, रंग गोरा लापता है, जिनकी गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज है।



आर्यन, सुमन, पृथ्वीराज, मधुमाला

**अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ राज्यभर में कार्रवाई जारी**

# भरतपुर में एक दर्जन से अधिक कार्रवाई के दौरान 180 करोड़ रु. का जुर्माना

### अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ 339 कार्रवाई में 168 वाहन मशीनरी जब्त



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्य के माइन्स विभाग द्वारा राज्यभर में कार्रवाई जारी है। उदयपुर, जोधपुर, जयपुर, भीलवाड़ा सहित अन्य स्थानों के साथ ही भरतपुर जिलें में पहाड़ी तहसील के खनन क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक स्थानों/खानों पर औचक कार्रवाई कर खननकर्ताओं पर 180 करोड़ रुपए का जुर्माना लगया है। माइन्स विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई के दौरान खननकर्ताओं द्वारा रवन्नाओं के दुरुपयोग, बिना रवन्ना के खनिजों का अवैध निर्गमन, अवैध खनन व गैप एरिया में अवैध खनन करना पाया गया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा समय समय पर विभागीय समीक्षा बैठकों के दौरान और गत 2 अप्रैल को आयोजित खान विभाग की समीक्षा बैठक में अवैध खनन गतिविधियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करने के निर्देश दिये रहे हैं। विभाग द्वारा 2 अप्रेल से 9 अप्रेल के दौरान में अवैध खनन, खनिज परिवहन और खनिज भण्डारण के विरुद्ध 339 कार्रवाई करते हुए 168 वाहन मशीनरी जब्त की है। इस दौरान समूचे प्रदेश में 24 हजार 950 टन से अधिक अवैध भण्डारित खनिज जब्त किया गया है वहीं अलग अलग पुलिस थानों में 43 एफआईआर दर्ज कराई गई है और 26 गिरफ्तारी हुई है। एक करोड़ 97 लाख रुपए का जुर्माना वसूल कर राजकोष में जमा कराया गया है।

निदेशक माइन्स दीपक तंवर ने बताया कि विभाग की विशेष टीम ने भरतपुर जिले की पहाड़ी तहसील के छपरा, घौलेट और नांगल आदि गांवों की एक दर्जन से अधिक खानों के मुआयना के दौरान व्यापक स्तर पर अनियमितता पाये जाने पर अवैध खनन का आकलन कर 180 करोड़ रुपए से अधिक की शास्ति लगाई गई है। इनमें पहाड़ी के छपरा गांव में 3 स्थानों, ग्राम धौलेट में 5 स्थानों और नांगल ग्राम के 6 स्थानों पर खानधारकों द्वारा रवन्नाओं के दुरुपयोग, बिना रवन्ना के खनिज निर्गमन और गेप एरिया में अवैध खनन के मामलें सामने आये हैं। विभाग द्वारा अवैध खनन का अलग अलग आकलन कर सब पर अलग अलग कुल मिलाकर 180 करोड़ रु. की शास्ति लगाई है।

## जयपुर में खेलभवन-आरसीए की छत से देख सकेंगे आईपीएल

### खेल सचिव बोले राजस्थान और बेंगलुरु के मैच के सभी ऑफलाइन टिकट बिक चुके



**जयपुर।** जयपुर में 13 अप्रैल से इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले की शुरुआत होने जा रही है। पहला मैच 13 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। इसकी सभी टिकट बिक चुकी हैं। ऐसे में मैच के दौरान स्टेडियम की सिटिंग कैपेसिटी को बढ़ाने के लिए खेल परिषद द्वारा पहली बार एक प्रयोग किया गया है। इसके तहत स्टेडियम से 50 मीटर दूर खेल भवन और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की अकादमी की छत पर स्पेशल सिटिंग अरेंजमेंट किया गया है। जहां बैठ प्रदेश के अवॉर्डी और स्पोर्ट्स काउंसिल के सीनियर ऑफिसर्स मैच देख सकेंगे।

**भविष्य में परमानेंट सिटिंग अरेंजमेंट किए जा सकते हैं:-** खेल विभाग के सचिव नीरज कुमार पवन ने कहा इंडियन प्रीमियर लीग के जयपुर में होने वाले मुकाबले के दौरान सिटिंग कैपेसिटी को बढ़ाने के लिए खेल भवन और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की अकादमी की छत पर अस्थाई तौर पर सिटिंग अरेंजमेंट किया गया है। अगर यह अस्थाई अरेंजमेंट सफल हो जाता है। यहां बैठने वाले दर्शकों को अच्छा व्यू और मैच एक्सपीरियंस अच्छा रहता है तो भविष्य में वहां परमानेंट सिटिंग अरेंजमेंट किए जाएंगे।

**100-100 कुर्सियां लगाई जाएंगीः-** नीरज कुमार पवन ने कहा कि फिलहाल वहां टेंपरेरी बेसिस पर 100-100 कुर्सियां लगाना प्रस्तावित है। उनके न तो टिकट होंगे और न ही किसी तरह का कॉम्पलीमेंट्री पास दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल वहां पर राजस्थान के अवॉर्डी और खेल परिषद के सम्मानित लोगों को बिठाने की व्यवस्था करने का प्रयास करेंगे। हालांकि खेल भवन में लिफ्ट नहीं है। लाइट की व्यवस्था भी फिलहाल टेंपरेरी बेसिस पर ही की गई है। ऐसे में यह हमारे द्वारा किया जाने वाला एक प्रयोग है। जो सफल होगा या नहीं यह भविष्य में ही पता चल सकेगा।

### महात्मा ज्योतिबा फुले जयन्ती पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने महात्मा ज्योतिबा फुले जयन्ती (11 अप्रैल) पर उनका स्मरण करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल बागडे ने कहा कि महात्मा फुले महान समाज सुधारक और सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए मानव कल्याण के लिए कार्य करने का आह्वान किया है।

## नगरीय निकायों के परिसीमन एवं वार्ड पुनर्गठन प्रस्तावों पर राजकीय अवकाश के दिन भी प्राप्त की जाएंगी आपत्तियां

### 14 अप्रैल तक राजकीय अवकाश के बावजूद आपत्तियां की जा सकेगी प्रस्तुत

**» परिसीमन एवं वार्ड पुनर्गठन प्रस्तावों पर 17 अप्रैल तक आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं जनसाधारण**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 7 अप्रैल 2025 को जारी सूचना के क्रम में नगरीय निकायों के परिसीमन एवं वार्ड पुनर्गठन प्रस्तावों पर जनसाधारण 17 अप्रैल, 2025 (कार्यालय समय सायं 6 बजे) तक आपत्तियां अथवा सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। गुरवार, 10 अप्रैल, 2025 को राजकीय अवकाश के दिन भी आपत्तियां एवं सुझाव स्वीकार किये गए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) आशीष कुमार ने बताया कि नगरीय निकायों के परिसीमन एवं वार्ड पुनर्गठन प्रस्तावों पर आपत्ति राजकीय अवकाशों (10 से 14 अप्रैल, 025) में भी प्रस्तुत की जा सकती है। इसके लिए उक्त राजकीय अवकाश दिवसों पर भी जिला कलेक्ट्रेट, जयपुर स्थित जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय तथा नगर निगम हेरिटेज एवं ग्रेटर के मुख्यालय एवं इनके अधीन आने वाले समस्त जोन कार्यालय खुले रहेंगें।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

## पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** पानीपेच स्थित अजमीढ़ सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडा अभियान की शुरुआत की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष बनवारी सोनी ने बताया कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है तथा पक्षियों को पानी के अभाव में अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। इसी को देखते हुए गुरुवार को 21 परिंडों से अभियान की शुरुआत की गई है।

इन परिंडों को सेवा सदन के बाहर तथा स्वर्णकार कॉलोनी में लगाये हैं तथा प्रत्येक परिंडे की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस कार्यक्रम में तालकटोरा एवं कदम्ब कुण्ड विकास समिति अध्यक्ष मनोष सोनी, ट्रस्ट सचिव रोहन सोनी, अनिल सोनी, मुकेश सोनी, नरेन्द्र सोनी, दिनेश सोनी, लादूराम सोनी, कन्हैया सोनी आदि उपस्थित रहे।



### खोले के हनुमान मंदिर में रासलीला व फूलों की होली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** लक्ष्मण डूंगरी का खोला हनुमत् जन्मोत्सव के चार दिवसीय भक्ति संध्या भजनों की प्रस्तुतियों से गूंजायमान है। इस अवसर पर मंदिर परिसर रंग बिरंगी विद्युत सजावट से जगमगा रहा है। श्री न र व र आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि हनुमत् जन्मोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को सायं 6 बजे भारतीय कला संस्थान डीग के कलाकारों ने रासलीला व फूलों की होली में राधा कृष्ण की विभिन्न लीलाओं के दर्शन नृत्य और भजन प्रस्तुत किये। उन्होंने बताया कि हनुमत् जन्मोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को भजन संध्या में पदमश्री मुन्ना मास्टर व सम्पत दाधीच भजन प्रस्तुत करेंगे।

## धूमधाम से मनाया स्वर्ण जयंती महोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** दिगंबर जैन महासमिति का स्वर्ण जयंती महोत्सव एवं भगवान महावीर स्वामी जी का 2624 व जन्म कल्याणक महोत्सव आचार्य श्री सौभाग्य सागर महाराज जी के सानिध्य में एनडीएमसी कन्वेंशन हॉल कनॉट प्लेस दिल्ली में धूमधाम से मनाया गया।

महासमिति के राष्ट्रीय महामंत्री जयपुर के सुरेंद्र कुमार पांड्या ने बताया कि उद्घाटन एमके जैन मेरठ वालों ने झंडा रोहण कर किया। इसके बाद नीरज जैन, दीपक जैन सुख सरोज ज्वेलर्स वालों ने चित्र अनावरण, धनेंद्र जैन निर्माण विहार वालों ने तथा दीप प्रज्जवलन प्रमोद जैन वर्धमान ग्रुप मॉडल टाउन वालों ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक जैन इंदौर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गौरव जैन झांसी, जिवेन्द्र जैन, पवन गोधा भाई, आशीष जैन जनकपुरी, पुनीत जैन लाल मंदिर, स्वदेश भूषण पंजाब केसरी, शरद जैन, प्रवीण जैन, नानक चंद, गोपेंद्र सहित अन्य लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रमों की रोचक प्रस्तुति भी दी गई। इस दौरान पुरस्कार वितरण गौरव पाटोदी की परिवार की ओर से दिए गए। कार्यक्रम पर सफल बनाने में महामंत्री धीरज जैन, कोषाध्यक्ष संजय जैन, सत्येंद्र जैन, जेके जैन,, राजेश जैन, दीपक जैन तथा सुनीता जैन कला शशि कासलीवाल ने अपना सहयोग दिया।



## डीडवाना पुलिस की मुस्तैदी, अपहृत युवक को 5 घंटे में छुड़ाया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** डीडवाना पुलिस ने एक अपहरण के मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने मात्र 5 घंटे के भीतर अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। यह घटना 4 अप्रैल 2025 की है। सुदरासन गांव निवासी 21 वर्षीय रजत सोनी का कुछ युवकों ने अपहरण कर लिया था। अपहरणकर्ताओं ने युवक को जबरन कार में बैठाया और उसके परिजनों से 10 लाख रुपए की फिरौती की मांग की थी। पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद के निर्देशन में थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने फील्ड इंटेलिजेंस और तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए युवक को सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस ने इस मामले में सीकर निवासी आर्यन पारीक, मगरासी निवासी महेन्द्र सिंह और सुदरासन निवासी मनीष कुमार को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। इस सफल कार्रवाई में कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौलासर, गौलासर और डीडवाना डीएसटी एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम, जिसमें 17 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल थे, ने पूरी सतर्कता के साथ इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। प्रशासन ने डीडवाना पुलिस की इस त्वरित, संगठित और सफल कार्रवाई की सराहना की है। इस घटना से पुलिस की तत्परता और तकनीकी दक्षता का उदाहरण सामने आया है।

## माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं का ग्रामीण अंचल में जनसंपर्क

### फुले अम्बेडकर रैली को लेकर बांटे पीले चावल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बगड़।** माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री के नेतृत्व में प्रचार-प्रसार टीमें इन दिनों जिले के विभिन्न हिस्सों में जनसंपर्क कर रही हैं। यह अभियान महात्मा ज्योतिबा फूले और बाबासाहेब अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित होने वाली वाहन



रैली के लिए लोगों को आमंत्रित करने के लिए चलाया जा रहा है। बुधवार को झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों, जैसे इस्लामपुर, माखर, रतनशहर, शेठावाली ढाणी, गौरी वाणों की ढाणी सहित कई मोहल्लों में घर-घर जनसंपर्क किया गया। इस दौरान लोगों को फुले अम्बेडकर वाहन रैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया, जिससे रैली के प्रति लोगों में खासा आकर्षण देखने को मिला। कई लोगों ने रैली में भाग लेने का आश्वासन भी दिया। संस्था की जिलाध्यक्ष बबली सैनी ने कहा कि महात्मा फूले और बाबासाहेब अम्बेडकर ने दलितों, शोषितों और वंचितों के लिए जीवन भर कार्य किया, जिससे हमें समाज में जीने का अधिकार मिला। इस अभियान में वरिष्ठ अध्यापक दलीप सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता सुमेर सिंह सैनी, पुस्तकालय अध्यक्ष दलीप कुमार सैनी, माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं की प्रचार मंत्री बृजेश सैनी, गणेशाराम रतनशहर, ताराचंद सांखला, सत्यवीर नारोलिया, सुरेश नारनोलिया, रामप्रताप सैनी, पुष्कर सैनी, सुभाष एलआइसी, उमेश रजिस्ट्रार, विक्रम रतनशहर, महेन्द्र धर्मकांटा सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

## एपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने अंतराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में लहराया परचम

**चिड़ावा।** एपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने अंतराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में परचम लहराया। स्कूल के प्रधानाचार्य सुनिल श्रीवास्तव ने बताया कि अंतराष्ट्रीय



गणित ओलंपियाड में विद्यालय के छात्र छात्राओं सिया, प्रतिभा, वैभव, हर्षित, नव्या सैनी, दिव्या, आरोही श्रीवास्तव, हिमाक्षी जाखड़, साहिल राव, नीतिका, कनिष्का पायल एवं प्रियांशु ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस खुशी के अवसर पर विद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। बच्चों की इस उपलब्धि पर संस्था चेयरमैन डॉ. पायल ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पीआरओ डॉ. जीसी शर्मा, एकेडमिक हैड मनमोहन शर्मा, सिक्योरिटी ऑफिसर रामशाद खान, सीसीए इंचार्ज हेमलता सोमरा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

# भगवान महावीर के संदेशों में निहित है जीवन का सारः शर्मा

### सोने के रथ पर श्रीजी विराजे, जीओ और जीने दो का संदेश देते हुए निकले समाजबंधु



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जैन समाज की ओर से गुरुवार को अलवर शहर में महावीर जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा में जीओ और जीनो दो का संदेश बहुत मार्मिक तरीके से दिया गया। इस बार शोभा यात्रा में एक झांकी हैदराबाद में उजड़ते जंगल और धराशायी हाथी की दिखी। जिसने भी झांकी को देखा सबको हैदराबाद में बड़े जंगल को नष्ट करने की तस्वीर जहर में उतर गई।

इसके अलावा झांकी में पेड़ बचाने, जीओ और जीने दो थीम पर अनेक आकर्षक झांकियों का आकर्षण रहा। शोभा यात्रा का मार्ग मुंशी बाजार, त्रिपोलिया, बजाजा बाजार, होपसर्कस, घंटाघर, पंसारी बाजार, वीर चौक, पुलिस कंट्रोलरूम, मोहिना बाबा की प्याऊ रहा।

महावीर जयंती महोत्सव समिति के अध्यक्ष महेंद्र जैन सचेती ने बताया कि हलवाई पाड़ा मोहल्ला स्थित दिगंबर जैन खंडेलवाल पंचायती मंदिर से सुबह 9 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में घोड़े, हाथी, बैंड, भजन मंडली, 16 झांकियां और श्रीजी का स्वर्ण रथ रहा। श्रीजी के स्वर्ण रथ को जैन समाज के लोगों ने हाथों से खींचा। शोभायात्रा प्रमुख मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल करौली कुंड स्थित जैन नसिया जी पहुंची।

पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने गुरुवार को महावीर जयन्ती के के पावन पर्व पर होप सर्कस पर सकल जैन समाज द्वारा आयोजित शोभायात्रा एवं महाआरती कार्यक्रम में शिरकत की। मंत्री शर्मा ने श्री महावीर जयन्ती की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान महावीर जी ने सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह आदि मूल्यों पर बल दिया। उनके प्रवचनों का सार त्याग, संयम, प्रेम, करूणा और सदाचार में निहित है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर जी की शिक्षाएं अहिंसा के माध्यम से मुक्ति का मार्ग दिखाती हैं। भगवान महावीर ने अहिंसा का पालन शारीरिक, मानसिक और वाचिक रूप से करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब दुनिया में तनाव व वैमनस्य फैल रहा है तो भगवान महावीर का यह संदेश हमें अपने भीतर के अहिंसा के भाव को जाग्रत करने की प्रेरणा देता है। भगवान महावीर जी ने शांति, सद्भावना और मानव सेवा का संदेश देकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि भगवान महावीर जी के इन गुणों को सभी लोगों को आत्मसात करना चाहिए। मंत्री शर्मा ने शोभायात्रा के इस दौरान श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की एवं महाआरती में शामिल होकर भगवान श्री महावीर जी से प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, राकेश सिंघल, जितेन्द्र शर्मा, श्री अरूण जैन, रवि जैन, अशोक जैन, सागर यादव सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया

**झुंझुनूं।** हर साल की भांति इस वर्ष भी होम्योपैथी के जनक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन की 270वीं जयंती के उपलक्ष्य में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया गया। होम्योपैथिक डॉक्टर्स द्वारा बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इसमें होम्योपैथिक डॉक्टर्स की तरफ डॉ. हेनिमैन की तस्वीर पर पुष्प माला अर्जित की गई और हेनीमैन के मार्गदर्शन पर चलने की शपथ ली गई और आपस में सभी डॉक्टर्स ने होम्योपैथिक पद्धति के बारे बताया और कहा कि इस तरह की सेवा का लाभ आप सभी लोगों तक पहुंचा सकते हैं। हेनिमैन जयंती पर डॉ. आरिफ मिर्जा, डॉ. श्यामप्रताप शर्मा, डॉ. अनुकूल चौधरी, डॉ. सत्येंद्र राहड़, डॉ. राहुल डिग्रवाल, डॉ. राजवीर बेसरवाल, डॉ. वसीम रजा, डॉ. फरीद आलम, डॉ. मोहम्मद अकरम, डॉ. सैयद शकील उपस्थित रहे। यह दिन होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की महत्वपूर्ण भूमिका और इसके योगदान को सम्मानित करने के लिए समर्पित है। विश्व होम्योपैथिक दिवस पर होम्योपैथिक के क्षेत्र में किए गए सेवा कार्य के लिए डॉ. आरिफ मिर्जा, डॉ. राजवीर बेसरवाल, डॉ. अनुकूल चौधरी को सम्मानित किया गया। सभी डॉक्टर्स ने आज के कार्यक्रम में अपने विचार रखे।

## ई-एथलीड ने अलवर में 'महागुरु का मास्टर क्लास' डिजिटल क्रिकेट कोचिंग प्रोग्राम किया लॉन्च

### भारत में क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं, एक जुनून फिर भी कोचिंग क्षेत्र काफी असंगठित हैः संदीप पाटिल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** श्राची स्पोर्ट्स की सहायक कंपनी ई-एथलीड ने 'महागुरु का मास्टरक्लास' नामक एक नवाचारी डिजिटल क्रिकेट कोचिंग श्रृंखला की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य उभरते क्रिकेटरों और कोचों को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण प्रदान करना है। यह विशेषज्ञ-निर्देशित ट्यूटोरियल सीरीज़ विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच संदीप पाटिल के मार्गदर्शन में और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के दिशानिर्देशों के अनुरूप विकसित की गई है। इस कार्यक्रम का अलवर के आपणो मैरिज होम में आज दोपहर आधिकारिक शुभारंभ हुआ, जो पहले कोलकाता और जयपुर में लॉन्च हो चुका है।



इस पहल का उद्देश्य एनसीए-आधारित कोचिंग कंटेंट को अधिक से अधिक कोचों तक पहुँचाना है, साथ ही युवाओं को उच्च-स्तरीय क्रिकेट प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और कोच जैसे संदीप पाटिल और दिनेश नानावटी की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह व्यापक श्रृंखला कुल 23 एपिसोड्स की है, जिसमें बल्लेबाजी पर आधारित 10 एपिसोड शामिल हैं। विकेटकीपिंग के लिए 4 एपिसोड राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कोच दिनेश नानावटी द्वारा संचालित किए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, गेंदबाजी और फील्डिंग पर 4 एपिसोड पूर्व क्रिकेटर और कोच गौतम शोम द्वारा निर्देशित किए गए हैं। समग्र प्रशिक्षण अनुभव देने के लिए 2 एपिसोड शारीरिक फिटनेस पर केंद्रित हैं, जिन्हें फिटनेस वैज्ञानिक राहुल पटवर्धन ने तैयार किया है।

कार्यक्रम के दौरान संदीप पाटिल ने भारत में संरचित क्रिकेट कोचिंग की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, भारत में क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं, एक जुनून है। फिर भी कोचिंग क्षेत्र काफी असंगठित है। बहुत कम प्रतिशत कोच ही प्रमाणित होते हैं। एनसीए हर साल सीमित संख्या में कोचिंग प्रोग्राम आयोजित करता है, जिसमें प्रत्येक राज्य से केवल कुछ ही कोचों को शामिल किया जाता है। यह पहल अधिक संख्या में कोचों को वही गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग उपलब्ध कराएगी और देश में कोचिंग के ढांचे को मजबूत बनाएगी। साथ ही, जमीनी स्तर पर खेल रहे युवा खिलाड़ियों को भी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण नहीं मिल पाता, जिससे उनके तकनीकी विकास में बाधा आती है। महागुरु का मास्टरक्लास इस कमी को दूर करने का प्रयास है।

दिनेश नानावटी ने कोचिंग के मानकीकरण की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा, आज कई माता-पिता अपने बच्चों के क्रिकेट प्रशिक्षण पर समय और पैसा खर्च करते हैं। परंतु क्या अकादमियों में प्रशिक्षण की गुणवत्ता सही है? क्या कोच सही तकनीक सिखा रहे हैं? क्या वे प्रमाणित हैं? यह डिजिटल कोचिंग श्रृंखला इन्हीं सवालों का समाधान प्रस्तुत करती है और भारत में क्रिकेट कोचिंग के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है।

## स्वास्थ्य चैकअप शिविर में 206 लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**झुंझुनूं।** आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के लिए विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ढूकिया हॉस्पिटल ने स्वास्थ्य चेतना का शानदार नवाचार किया। ढूकिया हॉस्पिटल द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर चार दिन तक अलग अलग स्थानों पर चार निशुल्क चिकित्सा सलाह एवं परामर्श शिविरों का आयोजन किया। इन निशुल्क स्वास्थ्य चेतना शिविरों में लोगों ने उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर भागीदारी की। इनका आयोजन क्रमशः सात अप्रैल को नेहरू पार्क, आठ को बसंत विहार पार्क, नौ को गांधी पार्क और गुरुवार 10 अप्रेल को परिजात पार्क में किया गया। जिसमें न्यूरो विशेषज्ञ डॉ. नितिन चौधरी, गुर्दा एव मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय ओला, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. महेंद्र एवं जनरल फिजिशियन डॉ. इरफान नजीर द्वारा स्वास्थ्य संबंधित सलाह व परामर्श दिया गया। अस्पताल निदेशक डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि शिविरों में निशुल्क बीपी, शुगर, अस्थमा एवं हिमोग्लोबिन की जांच की गई।। इन शिविरों में कुल 206 लोगों ने भागीदारी कर अपना निशुल्क हैल्थ चैकअप करवाया और स्वास्थ्य संबंधित परामर्श प्राप्त किया। लोगों ने ढूकिया हॉस्पिटल के समय समय पर इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजन की मांग की। इस नवाचार और सामाजिक सरोकार के लिए हॉस्पिटल का धन्यवाद दिया। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि ढूकिया हॉस्पिटल अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को बखूबी जानता है और समय समय पर ऐसे सामाजिक सरोकारों के निशुल्क आयोजन किए जाते रहेंगे। शिविर में सेवा प्रदान करने वाले विशेषज्ञ डॉक्टर ने बताया कि शिविर में सांस अस्थमा, घुटनों के दर्द, कमर दर्द, बीपी शुगर न्यूरो और यूरो समस्याओं के कई मरीज सलाह लेने आए। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि अस्पताल में एक ही छत के नीचे सुपर स्पेशलिटी न्यूरो एवं स्पाइन विशेषज्ञ, गुर्दा व मूत्र रोग विशेषज्ञ, घुटना कूल्हा ट्रांसप्लांट व हड्डी जोड़ सर्जरी व ट्रोमा, बीपी शुगर, अस्थमा, पित्त की थैली, अपेंडिक्स ईसीएचएस, आरजीएचएस, चिरंजीवी (मा योजना) में निशुल्क निदान व ब्लड, प्लाजमा की सेवाएं 24 घंटे सातों दिन उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद चिड़ावा ईकाई की वार्षिक आम सभा हुई, बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने लिया हिस्सा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद चिड़ावा ईकाई की वार्षिक आम सभा कर्नल दलीप सिंह शेखावत ओआईसीईसीएचएस चिड़ावा की अध्यक्षता में महालक्ष्मी ज्वैलर्स सभागार में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि कर्नल सुरेश कुमार जांगिड़ जिला सैनिक कल्याण अधिकारी चिड़ावा, मनरूप मांठ चेयरमैन महालक्ष्मी ज्वैलर्स तथा विशिष्ट अतिथि कैप्टन सुरेंद्रकुमार ईएसएम कैंटीन मैनेजर चिड़ावा, लेफ्टिनेंट संजीव कुमार (सेवारत) बेरला गांव से, पूर्व सैनिक भामाशाह शीशराम डांगी रहे। सभी अतिथियों का परिषद का प्रतीक चिह्न व पटका भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन परिषद अध्यक्ष सूबेदार मेजर रामकिशन डारा ने किया। परिषद अध्यक्ष द्वारा ओआरओपी तीन की विसंगतियों पर चर्चा की गई और पूर्वसैनिकों को होने वाली कैंटीन, ईसीएचएस संबंधित समस्याओं का उल्लेख किया गया। जिसमें से कुछ एक का समाधान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी एवं ओआईसीईसीएचएस द्वारा किया गया तथा ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में मिलने वाली दवाइयों संबंधी समस्याओं का निराकरण के लिए सेंट्रल आर्गेनाइजेशन ईसीएचएस दिल्ली को सूचित करने का आश्वासन दिया। पर्यावरण, शिक्षा, खेल जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पूर्व सैनिकों एवं बच्चों को परिषद का प्रतीक चिह्न एवं पटका भेंट कर सम्मानित किए गए। पर्यावरण पौधारोपण में हवलदार वीरेंद्र सिहाग, खेलकूद में कुमारी निकिता चौधरी पुत्री राजेश कुमार को सम्मानित किया गया। परिषद् चिड़ावा ईकाई की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संयोजक सूबेदार मेजर कुलदीपसिंह मान, अध्यक्ष सूबेदार मेजर रामकिशन डारा, सचिव नायब सूबेदार जयसिंह बराला, उपाध्यक्ष नायक (सीआई) रामनिवास, सूबेदार दारासिंह बेनीवाल, हवलदार उम्मेदसिंह मान, महासचिव कैप्टन विनोद काजला, संगठन महामंत्री हवलदार सतबीर मेचू, संगठन मंत्री सूबेदार बलबीर सिंह पिलानी, सूबेदार रामलाल मुंडेल, मीडिया प्रभारी कप्तान मुरारीलाल, हवलदार गुरुदयाल, कोषाध्यक्ष हवलदार शेरसिंह नेहरा को बनाया गया। नव गठित कार्यकारिणी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कैप्टन श्रीचंद चाहर, सूबेदार विद्याधर नेहरा, सूबेदार रामनिवास थाकन, सैनिक संघर्ष समिति अध्यक्ष कैलाश सूरा, हवलदार ब्रह्मानंद रोहिल्ला, कैप्टन सुरेंद्रसिंह बराला, हवलदार सुमेरसिंह, सीपीओ विकास डारा, सूबेदार जयसिंह, सूबेदार हीरालाल बुडानिया, नायब सूबेदार सुखवीर सिंह, कैप्टन विजयसिंह शेखावत, कैप्टन राजेश कुमार कार्यक्रम में भाग लेने व आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया धन्यवाद दिया।



## जनसंघ युग से संगठन को अपना योगदान देने वाले हरिराम यादव का अभिनंदन किया

**अलवर।** भारतीय जनता पार्टी के 45वें स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत जिला भाजपा द्वारा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मान का आयोजन पूरे सप्ताह से जारी है। इस कड़ी में भाजपा माधव मंडल, अलवर शहर के प्रवासी कार्यकर्ताओं एवं ज़िला भाजपा दक्षिण की ज़िला मंत्री, मीना सैनी ने बताया कि आज माधव मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जीतूकी के नेतृत्व में जनसंघ युग से संगठन को अपना योगदान देने वाले हरिराम यादव का उनके निवास पर भव्य और गरिमामयी अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता फतेह सिंह यादव, जय सिंह राठौड़ और भौरेलाल सैनी का भी पार्टी संगठन में उनके अनमोल योगदान हेतु सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सोहनलाल सुल्तानिया ने कहा कि हरिराम यादव जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं ने अपना करियर त्याग कर पार्टी की विचारधारा-राष्ट्रवाद, सेवा, और सामाजिक समरसता को गांव-गांव, घर-घर तक पहुँचाया।

उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे तपस्वी और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की वजह से ही आज भाजपा केंद्र सहित 18 राज्यों में सशक्त सरकार चला रही है। संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में 2047 तक भारत को विश्व के विकसित और सशक्त राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा करने के संकल्प के साथ कार्यरत है।

इस समारोह में माधव मंडल कार्यक्रम संयोजक रवि यादव, तुलसीराम यादव, इंद्रलाल अग्रवाल, विकास तिवाड़ी, राकेश सेठी, भगवत बारेठ, सरदार जनरल सिंह, श्रवण सिंह एडवोकेट, सुनील चौधरी, कान्त शर्मा, मुनना लाल शर्मा, माणिक सिंह जैन समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सालासर के लिए रवाना हुए पदयात्री

**चिड़ावा।** श्री जाव का बालाजी मंदिर गोगाजी की ढाणी चिड़ावा से सालासर बालाजी धाम के लिए



बालाजी का निशान लेकर बाबा के भक्त रवाना हुआ। हर वर्ष की तरह इस बार भी श्री जाव का बालाजी मंदिर का निशान लेकर गोगाजी ढाणी के भक्तों का एक दल सालासर बालाजी के दर्शन के लिए रवाना हुआ है। संतोष कुमार सैनी, अविनाश सिंगोदिया, गौरव सैनी, अंकित मखारिया, यश सांखला, भुवन सैनी, सौरव सांखला, अंशिव सैनी सभी भक्त बाबा के जयकारा लगाते हुए बाबा के दर्शन के लिए आज रवाना हुए।

## डीपीएस में महावीर जयंती मनाई

**झुंझुनूं।** मंडावा रोड स्थित डूंडलोद पब्लिक स्कूल झुंझुनूं में महावीर जयंती




मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह ने भगवान महावीर के बताए पांच सिद्धांत अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य तथा अपरिग्रह के बारे में बताया। जो आज भी प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण हैं। उनका जीवन मानव को अपनी इच्छाओं और विकारों पर काबू पा लेने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने जात-पात एवं धर्म के भेद-भाव से ऊपर उठकर समाज के कल्याण की बात की। इस अवसर पर विद्यार्थी जैसमिन तथा निकिता कक्षा 8वीं ने अपने विचार रखे।

## पचेरी कलां में श्री करणी धाम के स्थापना दिवस पर होंगे धार्मिक आयोजन

**पचेरी।** पचेरी कलां में श्री करणी मां धाम के तीसरे स्थापना दिवस पर दो दिन तक लगातार धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम प्रभारी



गुरुजी हरिश लाटा व पंडित विकास शर्मा ने बताया कि 21 अप्रेल सोमवार को करणी मां धाम का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। 20 अप्रेल रविवार को रात्रि आठ बजे विशाल जागरण होगा। जिसमें विकास जांगिड़ एंड पार्टी के कलाकार सुमन तंवर, मनीष भारद्वाज, अनु सोनी आदि माता का गुणगान करेंगे तथा श्याम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति देंगे। वहीं 21 अप्रेल सोमवार को सुबह आठ बजे गाजे बाजे से देशनोक की तर्ज पर करणी माता गांव भ्रमण परिक्रमा का आयोजन होगा तथा सुबह 11 बजे से विशाल भंडारा लगेगा। जो दिनभर चलेगा। भंडारे में पचेरी सहित आस पास गांवों के लोग भी भाग लेंगे तथा 21 अप्रैल को विशाल मेला भी लगेगा। कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रहीं हैं।

## फूले-अंबेडकर की जयंती पर विशाल रक्तदान शिविर आज

**झुंझुनूं।** महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में तथा युवा समाजसेवी रक्तवीर स्व. राकेश बेसरवाल की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर 11 अप्रेल को अंबेडकर भवन में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें जिले के रक्तदाता रक्तदान करेंगे ताकि जरूरतमंदों तक रक्त पहुंच सके। शिविर की तैयारी के संबंध में अंबेडकर भवन में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा, अजय कुमार नूआं और डॉ. राजवीर बेसरवाल ने कहा कि इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता तक रक्त पहुंचाना है, ताकि कोई भी गरीब खून की कमी के कारण अपनों से ना बिछड़े। अब तक सैकड़ों युवा साथियों ने इस रक्तदान शिविर के लिए पंजीकरण करवाया है और कार्यकर्ताओं में इस आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। शिविर के आयोजन से उम्मीद है कि यह समाज में रक्तदान की अहमियत को और बढ़ाएगा और जरूरतमंदों को जीवनदायिनी रक्त मिल सकेगा।

## पदयात्रियों की सेवा के लिए लगाया शिविर

**चिड़ावा।** सालासर जाने वाले पदयात्रियों की सेवा के लिए, शिविर लगाया गया। चिड़ावा बाईपास पर पदयात्रियों के लिए निशुल्क पानी, कोल्डड्रिंक, मेडिकल, बैठने की व्यवस्था की गई। जिसमें कपिश बेनीवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, विकास न्यू किरण एकेडमी, अमित पूनियां, सचिन भूकर, अक्षय कांटीवाल, मोहित, राजेश सोमरा, नवीन सोमरा आरडब्ल्यूएम हॉस्पिटल राकेश, संदीप, राजवीर गोदारा, दिनेश, संदीप, सुनिल ढिल्लो आदि ने योगदान दिया।

## न्याय मित्र के.के.गुप्ता 15 अप्रेल से तीन दिवसीय दौरे पर

### निकाय झुंझुनूं, नवलगढ़ और मंडावा में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों का करेंगे निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** स्थायी लोक अदालत द्वारा नियुक्त न्याय मित्र तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार के प्रदेश समन्वयक केके गुप्ता आगामी 15 अप्रेल से 17 अप्रेल तक तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। न्याय मित्र केके गुप्ता के कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गुप्ता तीन दिवसीय दौरे के तहत नगर परिषद झुंझुनूं और नगर पालिका नवलगढ़ तथा मंडावा में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों का सघन निरीक्षण करेंगे। न्याय मित्र गुप्ता ने तीनों निकाय के संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्पष्ट निर्देश है कि स्वच्छता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। शहर में गंदगी कचरा कही पर नहीं दिखना चाहिए। इसलिए डोर टू डोर कचरा संग्रहण, नालियों की सफाई, अतिक्रमण सड़कों पर, नाइट स्वीपिंग, सड़कों पर जानवर, सड़कों की स्थिति, सड़कों पर लाईटें, कचरा यार्ड, सड़कों पर पानी भराव, प्लास्टिक पर प्रतिबंध, वार्डों में कर्मचारी सफाई, हवेलियों का जीर्णोद्धार, सार्वजनिक टॉयलेटों की सफाई दिन में, रोड लाईटें, शिकायतों का निस्तारण, दीवारों की सफाई, पेन्टिंग कार्य व अन्य कार्य संबंधी बिंदूओं पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य सम्पादित करें तथा वस्तु स्थिति से अवगत करवाएंगे। उपरोक्त कार्यों का निरीक्षण किया जाएगा तथा माननीय न्यायालय को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। इसके अतिरिक्त न्याय मित्र गुप्ता 16 अप्रेल 2025 झुंझुनूं के पंचदेव मंदिर के कार्यक्रम में सम्मिलित रहेंगे। मंदिर के जुलूस कार्यक्रम हजारों लोग हिस्सा लेंगे। मंदिर के आस पास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए।



## कोतवाली पुलिस ने मामले में तीन ईनामी बदमाशों को किया गिरफ्तार

### हथियार की नोक पर फाइनेंस कंपनी में लूट का मामला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय पर एक निजी फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में लूट की वारदात का पुलिस ने राजफाश कर दिया है। वहीं वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। पुलिस आरोपियों पर 20 हजार रूपए का ईनाम घोषित कर रखा था। शहर कोतवाल हरजिन्दर सिंह ने बताया कि पिछले महीने ही 25 मार्च को झुंझुनूं शहर के भारत फाइनेंस



कंपनी के कार्यालय में अज्ञात तीन बदमाश हथियार के साथ घुस गए थे। जिन्होंने कार्यालय में बैठे कर्मचारी को बंदूक दिखाई और उससे कार्यालय में रखी तिजोरी की चाबी मांगी। लेकिन चाबी नहीं मिली। जिसके बाद आरोपियों ने कंपनी के कर्मचारी के साथ ही लूट की वारदात कर डाली। उसके गले से सोने की चैन तोड़ ली और कार्यालय के बाहर खड़ी उसकी बाइक ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जिसके बाद ना केवल घटना स्थल, बल्कि झुंझुनूं शहर, फतेहपुर और सरदारशहर समेत गंगानगर तक के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। जिसके बाद आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस ने श्रीगंगानगर जिले के रावला थाना क्षेत्र में अलग—अलग जगहों पर दबिश देकर चक 10 डीओएल निवासी अमरसिंह जीत सिंह पुत्र करनैल सिंह जाति राय सिक्ख, इसी थाना क्षेत्र के शेखड़ा निवासी मोहम्मद अली पुत्र नूर मोहम्मद जाति मलिक मुसलमान तथा शेखड़ा निवासी अनिल पुत्र रामचंद्र विश्नोई को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि वारदात करने के पीछे मास्टर माइंड रावला थाना क्षेत्र का ही मंथन था। जो तीन—चार साल पहले इस फाइनेंस कंपनी में कर्मचारी था। जिसे इस कंपनी के कार्यालय के अलावा यहां की हर चीज की जानकारी थी। उसने ही अपने साथियों के साथ फाइनेंस कंपनी कार्यालय में लूट की योजना बनाई। हालांकि मंथन अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। लेकिन पुलिस टीमें लगी हुई है। पुलिस ने अमरजीत सिंह तथा मोहम्मद अली को बापर्दा गिरफ्तार किया है।

### पृष्ठ 1 का शेष...मुम्बई हमले का दोषी...

जो कनाडा में जाकर बस गए हैं। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। अब तक वह लॉस एंजिलिस के एक डिटेंशन सेंटर में बंद था। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए। ये हमले चार दिनों तक चले। इन हमलों में कुल 175 लोग मारे गए, जिनमें 9 हमलावर भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए। राणा को भारत लाने को लेकर बुधवार को होम मिनिस्ट्री में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मीटिंग की।

**अमेरिकी सरकार बोली, राणा का रोल साबित हुआ:** अमेरिकी सरकार का कहना है, 'हेडली ने बताया है कि राणा ने एक शख्स को आदेश दिया कि वो हेडली के लिए मुम्बई में फर्स्ट वर्ल्ड ऑफिस खोलने से जुड़ी फर्जी कहानी को सच दिखाने वाले डॉक्यूमेंट्स बनाए। राणा ने ही हेडली को सलाह दी कि भारत विजिट करने के लिए वीजा कैसे हासिल करना है। ये सारी बातें ईमेल और अन्य दस्तावेजों से प्रमाणित हुई हैं।'

### प्रदेश में भी 16 जिलों में...

सीकर, पिलानी, जयपुर, गंगानगर, फलौदी, चूरू, बीकानेर, जैसलमेर समेत कई शहरों में दिन और रात का तापमान औसत से 5 से 7 डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज हुआ। बुधवार को अजमेर में रात का टेम्प्रेचर 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में न्यूनतम तापमान 28 .4 डिग्री सेल्सियस, फलौदी में 29.8 , बीकानेर में 28 और बाड़मेर में 27.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### राजस्थान हाईकोर्ट में...

**स्वीकृत संख्या 70 होनी चाहिए** -हाईकोर्ट में जजों की संख्या में बढ़ोतरी की मांग पहले भी कई बार उठ चुकी है। पिछले महीने जयपुर में एक निजी यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के सामने हाईकोर्ट न्यायाधीश अनिल उपमन ने जजों की स्वीकृत संख्या में बढ़ोतरी की मांग उठाई थी। उन्होंने कहा था कि राजस्थान हाईकोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या 50 से बढ़ाकर 70 की जानी चाहिए। विधि मंत्री राजस्थान से हैं। ऐसे में हमें उम्मीद है कि वे हमारी मांग पर जरूर गौर करेंगे।

**क्रिमिनल के मुकाबले सिविल मामले ज्यादा लंबित:** हाईकोर्ट में करीब 6,11,650 मुकदमे लंबित हैं। इनमें 4,34,511 सिविल और 1,77,139 क्रिमनल केसेज लंबित हैं। इनमें जयपुर बैंच में 3,61,8 75 और जोधपुर बैंच में 2,49,775 मुकदमे लंबित चल रहे हैं। जयपुर बैंच में 2,50,273 सिविल और 1,11,602 क्रिमिनल केसेज लंबित हैं। इसी तरह से जोधपुर बैंच में 1,84,238 सिविल और 65,537 क्रिमिनल केसेज लंबित हैं।

### केन्द्र सरकार की प्रदेश को विशेष सौगातें, मुख्यमंत्री ने जताया आभार

# प्रदेश में रेल एवं सड़क तंत्र होगा सुदृढ़, विकास को मिलेगी नई गतिः शर्मा

### राष्ट्रीय राजमार्ग-458 के रायपुर-जस्सा खेड़ा खंड से सड़क निर्माण के लिए 394.03 करोड़ रुपये स्वीकृत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में सड़क एवं रेल कनेक्टिविटी को उत्कृष्ट बनाने की दिशा में केन्द्र सरकार द्वारा दी गई स्वीकृतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी एवं केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार में प्रदेश के विकास को नई गति मिल रही है। केन्द्र सरकार द्वारा दी गई इन विशेष सौगातों से प्रदेश में रेल एवं सड़क तंत्र सुदृढ होगा तथा आमजन को सुगम



आवागमन की सुविधा मिलेगी।

**बर और पिपलिया कलां औद्योगिक पार्क से कनेक्टिविटी होगी बेहतर:** उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने राजस्थान में 394.03 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग-458 के रायपुर-जस्सा खेड़ा (लंबाई 7.95 किमी, पैकेज-2) खंड से पेव्ड शोल्डर एलिवेटेड संरचना के साथ 2-लेन के निर्माण की स्वीकृति दी है।

यह राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-58 के जंक्शन से लाडनू में शुरू होकर जस्सा खेड़ा तक जाता है। इस खंड के विकास के बाद भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ की यात्रा 38 किमी कम हो जाएगी तथा इससे बर और पिपलिया कलां औद्योगिक पार्क से कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। इस परियोजना में टॉडगढ़-रावली वन्यजीव अभयारण्य में आने वाले 7.95 किमी खंड पर एलिवेटेड संरचना का निर्माण भी किया जाएगा।

**प्रदेश को मिली नई रेल लाइन, 100 प्रतिशत होगी विद्युतीकृत:** वहीं, केन्द्र सरकार की ओर से प्रदेश में रामदेवरा से पोकरण के बीच भैरव गुफा एवं कैलाश टेकरी होकर नई रेल लाइन की स्वीकृति मिली है। इससे बीकानेर और जोधपुर से जैसलमेर की रेल यात्रा में लगभग 45 मिनट की बचत होगी। यह रेल लाइन 100 प्रतिशत विद्युतीकृत होगी।



## चिराना की अरावली पर्वतमाला में लगी आग को दमकल भी नहीं बुझा पाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिरोड़।** चिराना कस्बे में स्थित अरावली की पहाड़ी पर मंगलवार को अचानक आग लग गई। ग्रामीणों को आग लगने का पता अंधेरा होने पर लगा। आग लगने का समय व कारण पता नहीं लग पाया है। ग्रामीणों को शाम करीब सात बजे अंधेरा होने पर पहाड़ी की ऊंची चोटी पर आग लगी हुई दिखाई दी। सूचना पर उदयपुरवाटी नगरपालिका फायर ब्रिगेड कि गाड़ी आग पर काबू पाने के लिए चिराना पहुंची। मगर आग ऊंची पहाड़ी की चोटी पर होने व रास्ता नहीं होने की वज़ह से असफल होने पर दमकल गाड़ी वापस लौट गई। देर रात तक आज अपने आप बुझ गई। वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। मगर अंधेरा व रास्ता नहीं होने की वजह से सफल नहीं हो पाए। ग्रामीणों के मुताबिक अरावली की वादियों में लगी आग देर रात्रि को स्वतः ही बंद हो गई।

## जिला आईईसी समन्वयकों की समीक्षा बैठक में आईएएस डॉ.टी.शुभमंगला ने दिए निर्देश

### निरामय राजस्थान के तहत स्वस्थ जीवन के 12 माह के 12 संकल्प को आधार बनाकर नए आईईसी प्लान से आमजन किया जाएगा जागरूक



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में आईईसी के माध्यम से जन चेतना और बीमारियों से बचाव की जानकारी देने के कार्य में जुटे जिला आईईसी समन्वयकों की जयपुर में निदेशक आईईसी डॉ. टी शुभमंगला आईएएस की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिले का प्रतिनिधित्व डॉ. महेश कड़वासरा ने किया।

डॉ. टी. शुभमंगला ने सभी जिला आईईसी समन्वयकों को नए वित्त वर्ष 2025-26 में नए आईईसी प्लान के अनुसार जिलों में कार्य करने के निर्देश दिए। जिला आईईसी कॉर्डिनेटर डॉ. महेश कड़वासरा ने बताया कि नए वर्ष में अप्रेल से 12 माह तक 12 थीम पर जन जागरूकता का कार्य किया जाएगा। डॉ. महेश कड़वासरा ने बताया कि सात अप्रेल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निरामय राजस्थान अभियान की शुरुआत की थी।

इस अभियान के तहत स्वस्थ जीवन के लिए 12 के 12 संकल्प बनाएं गए। डॉ. महेश कड़वासरा ने बताया कि अप्रैल माह में संतुलित आहार, मई में पानी है जीवन का आधार, जून में खाद्य सुरक्षा, जुलाई माह में सुरक्षित पानी सुरक्षित पर्यावरण, अगस्त में सुरक्षित मातृत्व, सितंबर में जंक फूड को ना कहे, अक्टूबर में कम तेल ज्यादा सेहत, नवंबर में सुपोषित बच्चा स्वस्थ भविष्य, दिसंबर माह में अन्न अपनाए, जनवरी माह में नशा मुक्त राजस्थान, फरवरी में कम नमक ज्यादा सेहत और मार्च में निरामय राजस्थान थीम पर स्वास्थ्य संदेश दिए जाएंगे।

## महावीर जयंती पर हुए कई कार्यक्रम

**झुंझुनूं।** महावीर जयंती के मौके पर कई कार्यक्रम हुए। मुख्य कार्यक्रम शहर के श्रीमालों का मोहल्ला स्थित जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ मंदिर में गुरूवार को स्नात्र पूजा का हुआ। इससे पहले जैन धमार्मवंलियों ने शहर के मुख्य मार्गों से प्रभात फेरी निकाली। वहीं भजन कीर्तन के कार्यक्रम भी हुए। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इससे पहले महावीर जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम बुधवार से शुरू हुए। पहले दिन बुधवार को भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर्व को लेकर विश्व के कल्याण, शांति स्थापना, समृद्धि, सामंजस्य व सौहार्द के लिए नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया गया। करीब 40 लोगों ने एक घंटे में सवा लाख नवकार महामंत्र के जाप किए। इसके बाद प्रभावना वितरित की गई। महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महावीर जयंती के दिन सभी को महावीर स्वामी के जीओ और जीने दो का संदेश दिया जा रहा है।

# सीएमएचओ ने गैर संचारी बीमारियों की स्क्रीनिंग कर रिपोर्ट करने के लिए बुलाई बैठक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले में चिकित्सा संस्थानों पर एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के अन्तर्गत आमजन को हाईपरटेंशन, डायबिटिज तथा कॉमन कैंसर की स्क्रीनिंग कर ऑनलाइन रिपोर्ट करने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने सीएमएचओ सभागार में बैठक बुलाई। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि राज्य सरकार और विभाग की प्राथमिकता है कि 30 वर्ष से अधिक आयु के आमजन की हाईपरटेंशन, डायबिटिज तथा कॉमन कैंसर की शत प्रतिशत स्क्रीनिंग कर गैर संचारी रोगों से होने वाली मृत्यु को कम करना है। मृत्यु के शीर्ष चार कारण हृदय संबंधी मौतें, क्रोनिक श्वसन रोग, कैंसर और मधुमेह है। सीएमएचओ



डॉ. गुर्जर ने बताया कि गैर संचारी रोगों के बढ़ने का मुख्य कारण जीवनशैली में परिवर्तन, समय पर निदान नहीं होना, नियमित समुचित उपचार एवं फॉलोअप का अभाव है। यदि उक्त कारणों को कम किया जाता है तो गैर संचारी रोग से होने वाली मृत्यु को भी कम किया जा सकता है। बैठक में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी और वहां कार्यरत एएनएम को बुलाकर समीक्षा की गई साथ ही निर्देश दिए गए कि 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी मरीजों की स्क्रीनिंग की जाए। स्क्रीनिंग में पॉजिटिव केस को उच्च संस्थान पर रैफर कर फॉलोअप किया जाए और प्रतिदिन रिपोर्ट मय डाटा नेशनल एनसीडी पोर्टल पर प्रतिदिन इंद्राज किया जाए। इस कार्य की जिला तथा ब्लॉक स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग की जाएगी।

## वरिष्ठ पत्रकार माणक मोट मणि नहीं रहे, तमाम लोगों की ओर से संवदेना व्यक्त

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** प्रदेश के प्रमुख समाचार पत्रों में लंबे समय तक सेवाए देने वाले वरिष्ठ एवं राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त पत्रकार माणक मोट मणि गुरूवार को इस दुनिया से विदा हो गए। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ



थे। गुरूवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली और अपने साथियों को अलविदा कहे गए। इधर वरिष्ठ पत्रकार माणक मोट मणि के निधन पर ओम गौड़, किरण राजपुरोहित, अमेरिका में प्रोफेसर रहे झुंझुनूं निवासी वयोवृद्ध प्रसिद्ध गणितज्ञ डॉ. घासीराम वर्मा, राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार, कर्मस्थली में उनके साथी रहे लालचंद मीणा, जेपी शर्मा, उत्तम जोशी, सुरेश टेलर, अविनाश शर्मा, राजेश सैनी, पूर्व पीआरओ सवाईसिंह मालावत, एपीआरओ विकास कुमार, पत्रकार संगठन एमजेएफ के डॉ. डीएन तुलस्यान, अशोक सिंह बड़ागांव, अशोक सिंह शेखावत, झुंझुनूं जिला पत्रकार समिति अध्यक्ष अमित भारद्वाज, महेंद्र मंयद, संजय सैनी, संदीप केडिया, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं से जुड़े विजय गोपाल मोटासरा सहित शिक्षा, साहित्य, जनसंपर्क कर्मियों, अधिकारियों, कार्मिकों, पत्रकारिता और उनसे जुड़े लोगों ने संवदेना व्यक्त करते हुए उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है। तमाम लोगों ने उनकी पत्नी और एकमात्र पुत्र पीयुष को यह दुख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की। बताते चले कि पिछले कुछ से अस्वस्थ चल रहे पत्रकार माणक मोट पिछले पांच माह से बीमार थे और उनका उपचार जोधपुर के एम्स अस्पताल में चल रहा था। गुरुवार दोपहर बाद जोधपुर में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने डेढ दर्जन पुस्तकों का लेखन किया और अभी चार पुस्तकें प्रकाशनाधीन है। 11 जनवरी 1960 को चूरू में जन्मे माणक मोट मणि ने ने अपनी शिक्षा जोधपुर में बीकाम और एमए हिन्दी में प्राप्त की।

## नेत्र चिकित्सा शिविर में 310 लोग हुए लाभान्वित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र झुंझुनूं द्वारा सुलोचनादेवी जालान, सवितादेवी जांगिड़ व आरतीदेवी मूंड के सौजन्य से भगवान महावीर प्राकट्य दिवस के अवसर पर विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में टीबड़ा आई हॉस्पिटल टीम द्वारा



आंखों की जांच कर 220 रोगियों को निशुल्क दवाइयां वितरण की एवं 85 रोगियों को चश्मे वितरण किए गए। वहीं 22 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया। जिनके ऑपरेशन सोमवार को कराए जाएंगे। निजी हॉस्पिटल टीम द्वारा मधुमेह उच्च रक्तचाप के 90 रोगियों की जांच कर परामर्श दिया गया। शिविर में कुल 310 रोगियों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम में पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत कपड़े की थैली मेरी सहेली पोस्टर का विमोचन कर लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार कर कपड़े की थैली यूज करने की शपथ दिलाई। भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए ज्यादा से ज्यादा परिंडे लगाने के लिए प्रेरित किया। जिसके बाद संस्था की साधारण सभा की मीटिंग आयोजित हुई। मीटिंग में ज्यादा से ज्यादा संख्या में वीराओं को जयपुर में होने वाले गोल्डन जुबली कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। संस्था चेयरपर्सन वीरा आरती मूंड ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, प्रदीप कुमार शुक्ला, रीजन डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत, डॉ. नरेंद्रसिंह नरूका, देवेंद्र कुमार गौड़, जयप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश ककरानिया, बजरंगलाल अग्रवाल, शिव प्रसाद महर्षि, रमेशचंद्र शर्मा, राजेंद्रप्रसाद जोशी, सुभाषचंद्र जोशी, सवितादेवी जांगिड़, सुलोचनादेवी जालान, सरला दूगगड़, सरोज जालान, मंजूदेवी, सुनिता देवी, हंशिका, डॉ. सोहनलाल, चावो दादी मंदिर टीम, डॉक्टर्स टीम एवं काफी संख्या में गणमान्य जन व वीर वीराएं उपस्थित रहे। संस्था सचिव वीरा सुधा पूनियां ने सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

## तुष्टीकरण की नीति का गंदा खेल कांग्रेस ने शुरू कियाः अहलावत

**झुंझुनूं।** वक्फ संशोधन कानून को लेकर भाजपा की प्रदेश महामंत्री तथा पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया है। झुंझुनूं में संतोष अहलावत ने कहा है कि तुष्टीकरण की नीति का गंदा खेल कांग्रेस ने शुरू किया। पूरा देश जानता है कि देश के विभाजन की जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय गृह मंत्री ने वक्फ संशोधन कानून लाकर हर आम गरीब मुसलमान का भला करने का प्रयास किया था। जबकि कांग्रेस ने अपने चहेते लोगों को लाभ देने के लिए इस कानून की आड़ ले रखी थी। उन्होंने कहा कि नेहरू से लेकर इंदिरा और राजीव से



लेकर राहुल गांधी तक, सभी तुष्टीकरण की नीति का पोषण करते रहे। राहुल गांधी की स्थिति यह है कि उनका अपने विषयों में कांस्पेट क्लियर नहीं है। वो अपना और दूसरों का समय खराब कर रहे है। अपनी तरफ ध्यान खींचने के लिए ऐसी बातें बोलते है। जिनका सच्चाई, हकीकत और राष्ट्रवाद से दूर तक कोई संबंध नहीं होता। उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है। वो सदन में भी नहीं बोल सके। अहलावत ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का आभार जताया है कि उन्होंने वक्फ कानून में संशोधन कर इसे देशहित में बनाने का प्रयास किया हैं।

### घरड़ाना खुर्द में बनेगा स्टेडियम, सरकार देगी एक करोड़ रूपए

# 'कागजों की बात' बीती सरकार के साथ चली गई, अब 'एक्शनवाली' सरकार : राठौड़

**सिंघाना।** घरड़ाना खुर्द स्थित पीएम महात्मा गांधी विद्यालय का नामकरण अब शहीद स्कवाड्रन लीडर कुलदीप सिंह के नाम से किया गया है। इस नामकरण और स्कूल के प्रवेश द्वार का लोकार्पण गुरूवार को समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूबे के युवा व खेल मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद व भाजपा की प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक राजेंद्र भांबू व पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी समेत अन्य मौजूद थे। इस मौके पर अतिथियों ने स्कूल के नामकरण की पट्टिका तथा प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया। इसके बाद शहीद को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान शहीद परिवार का सम्मान किया गया। वहीं मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने स्कूल के खेल मैदान को स्टेडियम के रूप में विकसित करने के लिए एक करोड़



रूपए सरकार की तरफ से खर्च किए जाने का ऐलान किया। इस मौके पर राठौड़ ने कहा कि कागजों की बात करने वाली सरकार चली गई है। अब सूबे में भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में एक्शन वाली सरकार काम कर रही है। स्पोटर्स यूनिवर्सिटी भी खुलेगी। वहीं हर संभाग मुख्यालय पर एक स्पोटर्स कॉलेज भी खुलेगा। दोनों ही संस्थाओं के लिए सरकार द्वारा प्लान तैयार किया जा रहा है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि घरड़ाना खुर्द का यह सरकारी स्कूल अब एक प्रेरणा स्थल के रूप में विकसित होगा। क्योंकि इस स्कूल के नाम में तीन—तीन ऐसे लोगों के नाम जुड़े है। जो हमारे लिए प्रेरणा है। उन्होंने बताया कि इस स्कूल में पीएमश्री, महात्मा गांधी और अब वीर बहादुर गांव के लाडले शहीद कुलदीप सिंह का नाम भी जुड़ गया है। इसलिए निसंदेह यहां आने वाला बच्चो राष्ट्र और समाज की सेवा में आगे रहेंगे। उन्होंने इस मौके पर शहीद कुलदीप सिंह के परिवार को सेल्यूट करते हुए कहा कि यह एक राष्ट्र सेवाभावी परिवार है। शहीद कुलदीप सिंह के पिता नेवी में सेवा दे चुके है। पत्नी यशस्वी सेना में आफिसर है। बहन अभिता पोस्ट गार्ड में कमांडेंट है। इसलिए यह परिवार पूरे देश के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि वर्दी पहनने वाला हर सैनिक भारत को सुरक्षित रखने में अपना योगदान देता है। ताकि हम सब लोग सुरक्षित भारत में सांस ले सके। कर्नल राज्यवर्धन सिंह ने कहा कि यह हमारे लिए फक्र की बात है कि झुंझुनूं वीरों की भूमि है। यहां पर 40 हजार से ज्यादा पूर्व सैनिक है। 30 हजार से ज्यादा युवा आज भी सेना में कार्यरत है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, शहीद वीरांगना लेफ्टिनेंट यशवनी ढाका, शहीद की मां कमला देवी, शहीद के पिता सूबेदार रणधीर सिंह, शहीद की बहन कमांडेंट अभिता मलिक, एसडीएम सुमन चौधरी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक घनश्याम गोयल, उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक नानूराम, सरपंच उम्मेदसिंह राव आदि मौजूद थे। हरियाणा की प्रसिद्ध म्यूजिकल पार्टी मुकेश फौजी एवं उनकी टीम ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन मूलचंद झाझड़िया द्वारा किया गया।

## सुविचार

संसाधनों की कमियां ना गिनाओ। आज अगर मेहनत अच्छे से करोगे तो संसाधन भी आ जाएंगे।

- अज्ञात

जागरूक
# संपादकीय
## सफल प्रत्यर्पण

तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण देश की कूटनीति की बड़ी जीत है। तहव्वुर राणा को लेकर एनआईए की टीम गुरुवार को नई दिल्ली पहुंच गई। पता चला है कि तहव्वुर राणा को भारत लाना काफी मुश्किल था, लेकिन दो तथ्यों ने आतंकी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को आसान बना दिया। पहला फैक्टर है कानूनी दांव-पेच। दरअसल तहव्वुर राणा ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दोहरे खतरे सिद्धांत का हवाला दिया था। इसके तहत किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए एक से अधिक बार सजा नहीं दी जा सकती। तहव्वुर राणा ने तर्क दिया कि मुंबई आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में वह अमेरिका में सजा काट चुका है, ऐसे में उसे अब भारत प्रत्यर्पित करना दोहरे खतरे के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। हालांकि भारत का प्रतिनिधित्व एक मजबूत कानूनी टीम कर रही थी, जिसने अपने तर्कों से तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण से बचने की हर कोशिश को नाकाम कर दिया। दूसरा फैक्टर है, भारत का बढ़ता हुआ कूटनीतिक प्रभाव। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण भारत की बढ़ती हुई कूटनीतिक पहुंच, इसके अमेरिका के साथ मजबूत संबंधों का सबूत है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूर्व की बाइडन सरकार या मौजूदा ट्रंप सरकार दोनों ने ही तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दी। ट्रंप ने तो अपने एक बयान में साफ कर दिया था कि तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा। तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण में कई बार मुश्किलें भी आईं, लेकिन भारत ने अमेरिका के साथ अपने कूटनीतिक संबंधों का फायदा उठाते हुए उन मुश्किलों को समाप्त कर दिया। तहव्वुर राणा एक पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक है, जो पाकिस्तानी सेना में भी काम कर चुका है। तहव्वुर राणा को आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के लिए काम करने के लिए दोषी पाया गया था। वह साल 2009 से अमेरिका की जेल में बंद था। अब भारत लाकर उसे 2008 के मुंबई हमले के मामले में न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। केंद्र सरकार ने नरेंद्र मान को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया है, जो एनआईए की तरफ से सुनवाई में शामिल होंगे। साल 2008 में मुंबई में पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने घुसकर शहर भर में हमले किए थे। इन बर्बर हमलों में छह अमेरिकी नागरिकों और कुछ यहूदियों समेत 166 लोग मारे गए थे। डेविड हेडली और तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका के शिकागो में स्थित ओहारे अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया। यह दोनों अमेरिका से पाकिस्तान भागने की कोशिश में थे। एनआईए ने मुंबई हमलों के साजिशकर्ता के तौर पर डेविड कोलमैन हेडली और तहव्वुर राणा के नाम का खुलासा किया।

### राज्यपालों के अधिकार पर
# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला



नरेंद्र शर्मा

राज्यपाल बनाम राज्य पुरानी कहानी है। एक दौर था, जब राज्यपाल की खेल-पुस्तिका में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश प्रमुख पैंतरा हुआ करता था। अब राज्यपालों द्वारा विपक्ष शासित राज्यों मसलन- तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, पंजाब, पश्चिम बंगाल आदि में विधेयकों पर बैठ जाना, विधानसभा सत्र बुलाने से इंकार कर देना और वाईस चांसलरों की नियुक्तियों को ठुकरा देना वगैरह अधिक आम बातें हो गईं हैं। मसलन नवंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित के खिलाफ पंजाब की शिकायत से सहमत था, जिन्होंने चार विधेयकों की मंजूरी को रोक लिया था। इससे तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को सबक ले लेना चाहिए था और विधेयकों को मंजूरी दे देनी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने विधेयकों को राष्ट्रपति के पाले में उछाल दिया।

इमेज

नतीजतन सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल 2025 को उन्हें आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनकी कार्यवाही 'गलत और अवैध' थी। दरअसल, विपक्ष द्वारा शासित राज्यों में राज्यपाल अपने आप में कानून नहीं हो सकते । सुप्रीम कोर्ट ने इस तथ्य को पूर्णतः स्पष्ट कर दिया, राज्यपाल रवि के खिलाफ सख्त शब्दों में असाधारण और अपने क़िस्म का पहला फैसला सुनाते हुए। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने जिन 10 विधेयकों को रोका हुआ था, उन्हें सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद स्वीकृत माना जाएगा। ऐसा पहली बार हुआ है। इसके अतिरिक्त सुप्रीम कोर्ट ने विधेयकों को मंजूरी देने या ठुकराने के लिए समय सीमा भी निर्धारित की है। अब राजभवनों को राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर फैसला निर्धारित समय सीमा के भीतर करना होगा ताकि जो कुछ तमिलनाडु में हुआ, वह अन्य राज्यों में न हो सके। रवि ने एक विधेयक को तो जनवरी 2020 से रोका हुआ था। रवि ने जिन विधेयकों को रोका हुआ था, उनसे तमिलनाडु के उच्च शिक्षा संस्थानों पर केंद्र की पकड़ ढीली पड़ रही थी, जिनमें वाईस चांसलरों को नियुक्त करने का अधिकार भी शामिल था। ज़ाहिर है राज्यपाल 'फ्रेंड, फिलोस्फर एंड गाइड' की भूमिका में न थे (जैसा कि सुप्रीम कोर्ट के शब्दों में उन्हें होना चाहिए था) बल्कि वह केंद्र के लिए काम करते हुए प्रतीत हो रहे थे। न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और न्यायाधीश आर महादेवन की खंडपीठ का फैसला सभी राज्यपालों (विशेषकर विपक्ष शासित राज्यों के राज्यपालों) पर लागू होता है और इससे एक संवैधानिक अस्पष्टता पर भी विराम लगता है। संविधान में यह तो था कि एक राज्यपाल को 'जितना जल्दी संभव हो सके' विधेयक पर फैसला ले लेना चाहिए, लेकिन इसके लिए कोई समय निर्धारित न था, इसलिए राज्यपाल महीनों बल्कि कुछ मामलों में तो वर्षों विधेयक पर फैसले को रोके रखते थे, जबकि विधानसभा द्वारा पारित विधेयक राज्यपाल की मंजूरी के बाद ही कानून बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस खालीपन को भरते हुए कहा है कि राज्यपालों को एक माह की



समय सीमा के भीतर विधेयकों को मंजूरी देनी होगी। संविधान के अनुच्छेद 200 के शब्दों (जितनी जल्दी संभव हो सके) की अस्पष्टता को दूर करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल को अधिकतम तीन माह के भीतर विधेयक को पुनःविचार के लिए विधानसभा के पास वापस भेजना होगा या राष्ट्रपति के पास भेजना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर किसी विधेयक पर विधानसभा पुनःविचार करके राज्यपाल के पास भेजती है तो राज्यपाल के पास कोई विकल्प नहीं है सिवाय इसके कि वह उसे मंज़ूरी दे। लेकिन रवि ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों का 'तनिक भी सम्मान' नहीं किया और विधानसभा द्वारा पुनःविचार के बाद भेज गये विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेज दिया। संविधान उन्हें 'पूर्ण वीटो' या 'पॉकेट वीटो' का अधिकार नहीं देता है कि वह अनिश्चितकाल तक विधेयकों को रोके रखें। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सभी राज्यों के लिए ऐतिहासिक जीत है और राज्य के प्रशासनिक काम काज में अनावश्यक दखलंदाजी करने वाले राज्यपालों के लिए सख्त चेतावनी भी है, लेकिन इससे किसी भी सूरत में राज्यपाल के दफ्तर की गरिमा कम नहीं होती है, हां, चुनी हुई विधानसभा की श्रेष्ठता अवश्य स्थापित होती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, "राज्य विधानसभा के सदस्यों को राज्य के लोगों ने चुना है। लोकतांत्रिक नतीजे के फलस्वरूप वह जनता की भलाई सुनिश्चित करने के लिए बेहतर स्थिति में हैं।" अदालत के अनुसार, राज्यपाल के पास 'पॉकेट वीटो' का अधिकार नहीं है (और यह बात केवल रवि पर नहीं बल्कि सभी राज्यपालों पर लागू होती है), इसलिए उसने जो संवैधानिक शपथ ली है उसकी पवित्रता से गाइड होना है न कि 'राजनीतिक सुविधा के विचारों' से। दरअसल, समस्या केवल तमिलनाडु तक ही सीमित नहीं थी। अन्य राज्यों में भी इसी क़िस्म के गतिरोध बने हुए थे। पुदुच्चेरी में भी लेफ्टिनेंट-गवर्नर और विधानसभा के बीच टकराव था । तेलंगाना, पंजाब व केरल के राज्यपालों का मामला भी अदालत में पहुंचा कि वह लंबित पड़े विधेयकों को मंजूरी नहीं दे रहे थे। विधेयकों को लंबे समय तक रोके रखने से यह धारणा बन गई कि राज्यपालों की राजनीतिक सक्रियता लेजिस्लेटिव प्रक्रिया को बाधित कर रही है और यह राज भवन की गरिमा के अनुरूप नहीं है। ज़ाहिर है कि इससे लोकतांत्रिक तौर पर चुनी गई सरकारों को काम करने में दिक्कतें आ रही थीं। गौरतलब है कि संविधान के अनुच्छेद 153 के तहत हर राज्य में राष्ट्रपति द्वारा एक राज्यपाल नियुक्त किया जाता है। अनुच्छेद 154 के तहत राज्यपाल के ऑफिस के पास एग्जीक्यूटिव पॉवर्स होती हैं। अनुच्छेद 163(1) के अनुसार राज्यपाल के कार्य व शक्तियां परिगत हैं, जिसका अर्थ है कि उन्हें अपने मंत्रिमंडल के सहयोग व सलाह से ही काम करना होगा। इससे ज़ाहिर है कि राज्यपाल जो अपने 'विवेक' से कार्य करते हैं वह भी संवैधानिक नियमों द्वारा बंधा हुआ है। हालांकि विधेयक के लिए कानून बनने हेतु राज्यपाल (या राष्ट्रपति) की मंज़ूरी आवश्यक है, लेकिन 1974 के शमशेर सिंह बनाम पंजाब राज्य में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया था कि राज्यपाल केवल संवैधानिक प्रमुख हैं, राज्य की एग्जीक्यूटिव पॉवर्स वास्तव में मंत्रिमंडल द्वारा लागू की जाती हैं। अनुच्छेद 200 के तहत विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को राज्यपाल के पास भेजना ज़रूरी होता है और तब राज्यपाल के पास चार विकल्प होते हैं 1. विधेयक को मंज़ूरी दे दें, 2. विधेयक को मंज़ूरी न दें, 3. विधेयक को राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दें और 4. विधेयक को पुनःविचार के लिए विधानसभा को लौटा दें। इस अनुच्छेद को भारत सरकार का कानून 1935 के सेक्शन 75 पर मॉडल किया गया है जो इन चारों विकल्पों में से किसी एक के भी चयन के लिए समय सीमा निर्धारित नहीं करता है ।

## पंचांग

शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - चैत्र
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - चतुर्दशी 27.23 तक
- वार - शुक्रवार
- नक्षत्र - उत्तराफाल्गुनी 15.11 तक
- योग - ध्रुव 19.45 तक
- करण - गर 14.10 तक
- सूर्योदय - 06.26 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.53 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.23 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 07.01 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - कन्या
- अभिजित् मुहूर्त - 12.14 से 13.04
- राहु काल - 11.06 से 12.39
- व्रत, त्यौहार - हाटकेश्वर जयंती, नृसिंह दोलोत्सव, हनुमान जन्मोत्सव उपवास,
- दिशा शूल - पश्चिम

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल




## सरसों के तेल से करें ये उपाय, जीवन से दूर हो जाएंगी बाधाएं

आर्थिक संकट, विवाह में रुकावट या व्यापार में नुकसान जैसी परेशानियां अक्सर लोगों के जीवन में लंबे समय तक बनी रहती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके रसोईघर में मौजूद सरसों का तेल इन समस्याओं का समाधान बन सकता है? ज्योतिषाचार्य के अनुसार, सरसों का तेल सिर्फ खाने में उपयोगी नहीं, बल्कि ज्योतिष शास्त्र में भी इसे बेहद चमत्कारी माना गया है। चलिए जानते हैं वो तीन उपाय, जिन्हें शनिवार या नियमित दिनचर्या में शामिल करके आप अपने जीवन की बड़ी समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं।

सरसों का तेल न केवल पूजा-पाठ में उपयोगी है, बल्कि यह हमारे ग्रह दोषों को भी शांत करने में बेहद प्रभावी माना गया है।

**पीपल के नीचे सरसों तेल का दीपक जलाना**

- शनिवार की शाम को एक मिट्टी का दीपक लें और उसमें सरसों का तेल भरें।
- उसमें काले तिल डालें।
- इस दीपक को पीपल के पेड़ के नीचे जलाएं. ध्यान रखें कि दीपक, तेल, बाती और माचिस सब कुछ अपना ही हो किसी और से उधार न लें।
- जलाने के बाद विष्णु भगवान और महालक्ष्मी जी से प्रार्थना करें कि वे आपकी दरिद्रता और कष्ट दूर करें।
- **इस उपाय से लाभ:** शनि दोष दूर होता है, घर की दरिद्रता कम होती है और धनलाभ के योग बनते हैं। आर्थिक संकट से छुटकारा मिलता है।

**नजर दोष से मुक्ति के लिए सरसों तेल**

- एक रुई की बाती को सरसों के तेल में पूरी तरह भिगो दें।

उस व्यक्ति के सिर से (जिसे नजर लगी हो) सात बार उल्टी दिशा में (एंटी क्लॉकवाइज़) घुमाएं।

- इसके बाद उस बाती को चिमटे से पकड़कर जला दें.

**लाभः** बुरी नजर, मानसिक तनाव, बच्चों की नींद न आना, चिड़चिड़ापन आदि समस्याएं दूर होती हैं। जिन लोगों की कुंडली में राहु, चंद्र या केतु दोष है उनके लिए यह उपाय विशेष फलदायी है।

## तारीख विशेष
### कस्तूरबा गांधी

कस्तूरबा गांधी, महात्मा गांधी की पत्नी जो भारत में 'बा' के नाम से विख्यात हैं। भारत के गौरवशाली इतिहास में बलिदान की इतनी गाथाएं हैं कि सितारों की गिनती तक कम पड़ जाती है। अगर हम अपने इतिहास की विवेचना करने बैठें तो महिलाओं के बढ़-चढ़ कर योगदान देखने को मिलेंगे, फिर चाहे वो संस्कृति हो, परंपरा, राजनीति, अर्थव्यवस्था, युद्ध, शांति या कुछ और, कोई भी विद्या नारी स्पर्श से अछूती नहीं रही है। अगर हम अपने स्वतंत्रता संग्राम की ही बात करें तो अनगिनत महिलाओं का नाम प्रतिबिंबित होता है जो बहुत सक्रिय रहीं सबसे पहली महिला जिनका नाम ही स्वतंत्रता का पर्याय बन गया है वो हैं 'श्रीमती कस्तूरबा गांधी'। कस्तूरबा गांधी महात्मा गांधी की पत्नी थीं। कस्तूरबा गांधी का जन्म 11 अप्रैल सन् 1869 ई. में महात्मा गांधी की तरह काठियावाड़ के पोरबंदर नगर में हुआ था। इस प्रकार कस्तूरबा गांधी आयु में गांधी जी से 6 मास बड़ी थीं। कस्तूरबा गांधी के पिता 'गोकुलदास मकनजी' साधारण स्थिति के व्यापारी थे। गोकुलदास मकनजी की कस्तूरबा तीसरी संतान थीं। उस जमाने में कोई लड़कियों को पढ़ाता तो था नहीं, विवाह भी अल्पवय में ही कर दिया जाता था। इसलिए कस्तूरबा भी बचपन में निरक्षर थीं और सात साल की अवस्था में 6 साल के मोहनदास के साथ उनकी सगाई कर दी गई। तेरह साल की आयु में उन दोनों का विवाह हो गया। बापू ने उन पर आरंभ से ही अंकुश रखने का प्रयास किया और चाहा कि कस्तूरबा बिना उनसे अनुमति लिए कहीं न जाएं, किंतु वे उन्हें जितना दबाते उतना ही वे आज़ादी लेती और जहां चाहतीं, चली जातीं। कस्तूरबा गांधी, महात्मा गांधी के 'स्वतंत्रता कुमुक' की पहली महिला प्रतिभागी थीं। कस्तूरबा गांधी का अपना एक दृष्टिकोण था, उन्हें आज़ादी का मोल और महिलाओं में शिक्षा की महत्ता का पूरा भान था। स्वतंत्र भारत के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना उन्होंने भी की थी। उन्होंने हर क़दम पर अपने पति मोहनदास करमचंद गांधी का साथ निभाया था। 'बा' जैसा आत्मबलिदान का प्रतीक व्यक्तित्व उनके साथ नहीं होता तो गांधी जी के सारे अहिंसक प्रयास इतने कारगर नहीं होते। कस्तूरबा ने अपने नेतृत्व के गुणों का परिचय भी दिया था।

### पर्यटन
# सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल 'कुक्शो गांव'

समीर चौधरी

गांव के सबसे ऊंचे गोम्पा के पास खड़े होकर मुझे सबसे पुरानी मस्जिद और कुछ प्राचीन स्तूप दिखाई दे रहे थे। मैं कल्पना करने लगा कि बौद्ध व मुस्लिम भाई एक ही मंच पर अपने अपने ईश्वरों की किस तरह पूजा करते होंगे। एक लामा ने मुझे बताया कि गांव के नए मठ के निर्माण के लिए दोनों बौद्ध व मुस्लिमों ने दान दिया था। इसी तरह गांव की पुरानी मस्जिद की मरम्मत कराई गई थी। कुक्शो में इस एकता व सौहार्द की नींव को हिलाना कठिन है। आज भी सब एकदूसरे के उत्सवों में शामिल होते हैं और जरूरत पर एकदूसरे की मदद करते हैं। दिनभर की कड़ी मेहनत के बाद वह शाम को साथ मस्जिद व स्तूप के पास बैठ जाते हैं। इस बैठक में मैं यह सवाल करने से खुद को रोक न सका कि अंतर-धार्मिक विवाह से किसी को कोई समस्या तो नहीं होगी? वह सब हंस पड़े और बोले कि किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी क्योंकि सब एकदूसरे के रिश्तेदार हैं। वैसे अब नई परम्परा यह चल पड़ी है कि लड़की को अपने पति का धर्म अपनाना पड़ेगा।

इमेज

"मेरे परदादा हाजी थे, लेकिन उन्होंने मेरे दादा को बौद्ध धर्म की शिक्षा लेने के लिए भेजा। इस तरह मेरे दादा हमारे गांव में चोंगज़ी हाउस के लामा के रूप में विख्यात हो गए। उन्होंने लगभग 19 वर्ष तक धर्म ग्रंथ पढ़े थे।" चोंगज़ी परिवार के सबसे वरिष्ठ सदस्य ने यह कहानी सुनाई। लामा ने अपने पिता से आग्रह किया कि वह बौद्ध धर्म अपना लें, लेकिन वह इस्लाम पर कायम रहे क्योंकि उन्हें अपने गांव का पहला हाजी होने पर गर्व था। वैसे उन्होंने अपने अपने बच्चों को अपनी पसंद का धर्म अपनाने की आज़ादी दे दी। इस तरह इस परिवार में कुछ लोग बौद्ध हो गए और कुछ मुस्लिम ही बने रहे। पूरा परिवार एक साथ रहता और लोसर व ईद समान उत्साह के साथ मनाता है। वह जिस धर्म में चाहते हैं विवाह कर लेते हैं और कोई भी प्रश्न नहीं करता। पति व पत्नी अपने अपने धर्म का पालन करते हैं। धर्म कभी भी संबंध के बीच रोड़ा नहीं बनता है।

यह कुक्शो गांव में हर घर की कहानी है। यह ज़िला चिकतन का बहुत सुंदर गांव है अपने विशिष्ट इतिहास व संस्कृति के साथ। लगभग दो दशक पहले तक बौद्ध व मुस्लिम परिवारों के सदस्य एक ही छत के नीचे रहते थे। फिर कारगिल से कुछ धर्मगुरु अपना एजेंडा लेकर आए और छतें धर्म के आधार पर अलग हो गईं। लेकिन अंतर-धार्मिक विवाह का सिलसिला आज भी बे-रोकटोक जारी है। बौद्ध लड़कियां मुस्लिमों के घर में हैं और मुस्लिम लड़कियां बौद्धों के घर में हैं, अपने अपने धर्म का पालन करते हुए। इस तरह पूरे गांव के परिवार एकदूसरे के रिश्तेदार हैं। मैं डारगो तक बस से गया था। वहां मैं टैक्सी की प्रतीक्षा कर रहा था कि एक स्थानीय व्यक्ति मिल गया जो कुक्शो जा रहा था। मैं उसके साथ इस गांव की तरफ चल दिया। कुक्शो पहुंचने का एक अन्य रास्ता चिकतन वाया लेह-कारगिल हाईवे से है और फिर चिकतन से आप उन टीचर्स के साथ जा सकते हैं जो कुक्शो के स्कूलों में कार्य करती हैं। कुक्शो में रहने का एकमात्र स्थान होमस्टे है यानी स्थानीय लोगों के घरों पर रुका जा सकता है। कुक्शो एक ऐसा गांव है जिसमें पूर्णतः आर्गेनिक खेती होती है।स्थानीय लोग अपने खेतों पर ले जाकर कहानियां सुनाना पसंद करते हैं और स्वादिष्ट शुद्ध खाना खिलाते हैं।

गांव के सबसे ऊंचे गोम्पा के पास खड़े होकर मुझे सबसे पुरानी मस्जिद और कुछ प्राचीन स्तूप दिखाई दे रहे थे। मैं कल्पना करने लगा कि बौद्ध व मुस्लिम भाई एक ही मंच पर अपने अपने ईश्वरों की किस तरह पूजा करते होंगे। एक लामा ने मुझे बताया कि गांव के नए मठ के निर्माण के लिए दोनों बौद्ध व मुस्लिमों ने दान दिया था। इसी तरह गांव की पुरानी मस्जिद की मरम्मत कराई गई थी। कुक्शो में इस एकता व सौहार्द की नींव को हिलाना कठिन है। आज भी सब एकदूसरे के उत्सवों में शामिल होते हैं और ज़रूरत पर एकदूसरे की मदद करते हैं। दिनभर की कड़ी मेहनत के बाद वह शाम को साथ मस्जिद व स्तूप के पास बैठ जाते हैं। इस बैठक में मैं यह सवाल करने से खुद को रोक न सका कि अंतर-धार्मिक विवाह से किसी को कोई समस्या तो नहीं होगी? वह सब हंस पड़े और बोले कि किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी क्योंकि सब एकदूसरे के रिश्तेदार हैं। वैसे अब नई परम्परा यह चल पड़ी है कि लड़की को अपने पति का धर्म अपनाना पड़ेगा।

उनकी बातें सुनकर मुझे देश के अन्य हिस्सों में धर्म के नाम पर हिंसा और अंतर-धार्मिक या अंतर-जातीय विवाह पर ऑनर किलिंग की याद आ गई। सारी जटिलताएं व नफरत हम जैसे तथाकथित सभ्य मनुष्य ही उत्पन्न करते हैं। जब धर्म व जाति नहीं थीं तब क्या हम एकदूसरे के रिश्तेदार नहीं थे? दिलचस्प यह है कि कुक्शो में बौद्ध व इस्लाम धर्म अपनाने के बावजूद परम्परागत प्राचीन देवताओं की उपासना बंद नहीं हुई है। कुछ खुलेआम करते हैं तो कुछ छुपकर। कुक्शो लगभग 800 ईस्वी में स्थापित हुआ था, जब किसी भी धर्म की किसी भी क्षेत्र में मज़बूत पकड़ नहीं थी। उस समय एक राजा का बहादुर बेटा थाता खान गिलगिट में अपने भाइयों की साजिश का शिकार हो गया था। उसके भाई बिना कारण के जश्न मना रहे थे ताकि उसकी आड़ में उसकी हत्या की जा सके। थाता खान कुछ ड्रिंक्स के बाद अपने होश खो बैठा। संगीतकारों को इस सजिश के बारे में मालूम था, वे नहीं चाहते थे कि वह मारा जाये।उन्होंने अपने गीतों से उसे संदेश दे दिया। वह समझ गया।उसने अपनी तलवार से मोमबत्ती बुझायी और अपने एक भाई व एक संगीतकार को लेकर खिड़की से कूद गया। थाता खान अपने साथ 'लेह' पौधे को लेकर वहां पहुंचा जहां आज कुक्शो है और उसने इस गांव को बसाया। उसने पौधे को ज़मीन में गाड़ दिया जो अगली सुबह 'जादुई' तौर पर अखरोट का पेड़ बन गया। इसे लेह का आशीर्वाद माना गया।लेह देवता को इसलिए पूजा जाता है।

-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर

## गीता सार

**बन्धुरात्मात्मनस्तस्य येनात्मैवात्मना जितः ।**
**अनात्मनस्तु शत्रुत्वे वर्ततात्मैव शत्रुवत् ॥**

**भावार्थ :**
जो मनुष्य मन को वश में कर लेता है, उसका वह मन ही परम-मित्र बन जाता है, लेकिन जो मनुष्य मन को वश में नहीं कर पाता है, उसके लिए वह मन ही परम-शत्रु के समान होता है।

## बोले तो...



आज संघर्षों के दौरे में हाइब्रिड युद्ध, साइबर हमले और भ्रामक प्रचार ऐसे औजार बन गए हैं, जो राजनीतिक और सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज पारंपरिक लड़ाई के तौर तरीकों की परिभाषा पूरी तरह से बदल चुकी है।

- राजनाथ सिंह



नृत्य मेरे लिए साधना और आराधना की तरह है। तीन दशक से ज्यादा फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के बाद आज भी अपने परफार्मेंस को किसी इम्तेहान की तरह गंभीरता से लेता हूं। हमेशा दिल से सोचता हूं। इंट्रेस्ट, इमोशन और कनेक्शन इन तीन शब्दों में मेरे डांस और कोरियोग्राफी को समझ सकते हैं।

- प्रभुदेवा



डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट (डीपीडीपी एक्ट) की धारा 43(3) आरटीआई एक्ट को कमजोर कर रही है। विपक्ष इस धारा को हटाने की मांग कर रहा है। विपक्षी गठबंधन के 130 सांसदों ने इस धारा को हटाने की मांग को लेकर याचिका पर हस्ताक्षर किए हैं।

- गौरव गोगोई

## कुछ अलग | अजब गजब
# 1000 रुपए में महिला ने जीती लॉटरी, जीता करोड़ों का बंगला, अब मुफ्त में नहीं रहना

किस्मत अगर साथ देती है तो रंक को भी राजा बना देती है। ऐसा ही कुछ हुआ लंदन की एक महिला रचेल रीड के साथ। जिसकी किस्मत ने ऐसा पलटा खाया कि वो रातों-रात करोड़पति बन गई। दरअसल, रचेल ने सिर्फ 10 (लगभग 1,000) खर्च करके एक लकी ड्रॉ में भाग लिया जिसने उन्हें करोड़ों की मालकिन बना दिया। इस लकी ड्रॉ में रचेल ने 2.95 मिलियन पाउंड (करीब 31 करोड़) की आलीशान कोठी जीती। लेकिन अब वो उसी करोड़ों की कोठी को रातों-रात बेचना चाहती हैं. लेकिन आखिर ऐसा क्या हुआ कि उन्हें रातों-रात ये बंगला बेचना का सूझा? चलिए जानते हैं। इंग्लैंड के इनवर्नेस की रहने वाली 54 वर्षीय रचेल तीन बच्चों की मां हैं। वो जुलाई 2024 में वो एक शानदार बंगला जीत गईं। यह कोई साधारण बंगला नहीं है। बंगला एक बहुत ही सुंदर गांव में है जो फर्नहैम से 4 मील और गिल्डफोर्ड से 9 मील की दूरी पर है। यानि शहर से भी जुड़ा और गांव जैसा सुकून भी. इस बंगले में 6 आलीशान बेडरूम, 40 फीट का हीटेड इनडोर पूल, अलग से बना पूल हाउस जिसमें जिम, सौना और चेंजिंग रूम, सुंदर फ्लोरिंग और ओपन किचन, फ्रेंच डोर के साथ मास्टर बेडरूम, आउटडोर किचन और फायरप्लेस, 1.4 एकड़ में फैला गार्डन वाला बंगला है। इस बंगले की कीमत 2.95 मिलियन पाउंड (करीब 31 करोड़) है। लेकिन मार्च 2025 में इसका दाम घटाकर 2.75



मिलियन पाउंड (करीब 29 करोड़) कर दिया गया है। ऐसे बंगले या घर के लिए लगभग हर व्यक्ति सपना देखता है। लेकिन अब रचेल इस आलीशान बंगले को बेचना चाहती हैं। रचेल और उनके पति डैरेन ने कुछ समय इस बंगले में रहकर खूब एन्जॉय किया। लेकिन फिर उन्होंने फैसला किया कि वो इस घर को बेच देंगे और अपने परिवार के पास स्कॉटलैंड लौट जाएंगे। रचेल का कहना है कि 'अब भी यकीन नहीं होता कि ये सब हमारे साथ हुआ। यह बंगला जीतना हमारे जीवन का सबसे बड़ा मोड़ था। इस घर में रहना किसी जादू से कम नहीं था। लेकिन हम स्कॉटलैंड में अपने परिवार के करीब रहना पसंद करते हैं, इसलिए हमने यह घर बेचने का फैसला लिया।' उन्होंने ये भी कहा कि लॉटरी में जो पैसा मिला है, उससे वो कई सालों तक बिना किसी चिंता के इसी घर में रह सकती थीं। लेकिन परिवार की नजदीकी उनके लिए ज्यादा मायने रखती है।

## पाठक पाती
### एक और बड़ी कूटनीतिक जीत

देश में आतंक मचा कर विदेशों में मौज-मस्ती करने वाले के पाप के घड़े भरने लगे हैं। लगातार अंतर्राष्ट्रीय कानूनी दबाव और कूटनीति के चलते 26/11 के आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत लाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है जो सरकार की एक बड़ी कूटनीतिक सफलता मानी जा सकती है। अपराधी राणा के इस प्रत्यारोपण कदम से न्याय की प्रक्रिया को एक नई दिशा मिली है। सबसे अधिक न्याय की उम्मीद उन शहीदों तथा पीड़ितों के परिवारों को जागी है जिन्होंने इस हमलें में अपने परिजन गंवाए हैं। मुंबई हमलों की साजिश में तहव्वुर राणा की संलिप्तता साबित हो चुकी है, ऐसे में उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। कसाब की तरह इसे लंबा खिंचने की बजाय उससे सबक लेते हुए जल्द ही न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए क्योंकि साक्ष्य और तथ्य स्पष्ट हैं, तो अपराधी के बचाव की दलील का कोई औचित्य नहीं रह जाता। त्वरित न्याय और तुरंत सजा का फैसला आतंकवाद के खिलाफ एक कड़ा संदेश देगा और पीड़ित परिवारों को न्याय का भरोसा दिलाएगा।

अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# उत्साह व उमंग से मनाया महावीर जन्म कल्याणक दिवस

**जगह-जगह निकली शोभायात्रा**

**साधु भगवंतों ने प्रवचनों में दिखाई सफल जीवन की राह**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिलेभर में जैन धर्मावलंबियों की ओर से अहिंसा परमोधर्म के प्रणेता भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। जगह-जगह शोभायात्राएं निकाली गई। जिसमें समाजबंधु ढोल ढमाकों के बीच नाचते गाते खुशी मनाते शरीक हुए। विभिन्न कार्यक्रमों के बीच आचार्य भगवंतों की ओर से जीवन में आध्यात्मिकता के साथ सफलता प्राप्ति को प्रवचनों के जरिए राह बताई गई।

**सुमेरपुर।** नगर में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्म कल्याणक महोत्सव गुरूवार को धूमधाम से मनाया गया। वासुपुज्य जैन संघ सुमेरपुर एवं युवा संघ के सानिध्य में जैन मंदिर भैरूचौक से भगवान महावीर स्वामी की तस्वीर सुसज्जित रथ में विराजित कर गाजे-बाजे के साथ वरघोड़ा निकाला गया। संघ अध्यक्ष पोपटलाल जैन ने बताया कि बैंड बाजों, घोड़ो के साथ वरघोड़ा निकाला गया जो मुख्य बाजार, गांधी मूर्ति, राजगुरू सर्किल से होते हुए जैन छात्रावास पहुंच सम्पन्न हुआ। जहां महाराज वीके गुरूजी ने भगवान महावीर के जीवन पर उपदेश दिए। इस दौरान संघ अध्यक्ष जैन, सचिव प्रकाश लुणिया, मीठालाल रांका, प्रकाश साकरिया, सुरेन्द्र लुणिया, लालचंद गांधी, दिलीप पी जैन, अमृतलाल, संजय बाफना, युवा संघ के संजय गुगलीया, दीपक जैन, राहूल साकरिया, हंसमुख जैन आदि ने पशुओं के पानी पीने के लिए कुंडी भरवाकर उदघाटन किया। इस मौके पर नाकोड़ा ट्रस्ट के ट्रस्टी सुरेश शाह बिजापुर व भंवर जैन ने नेतरा गोशाला में आगजनी से हुए नुकसान को लेकर समाजजन से सहयोग का निवेदन किया। जिस पर समाजजन ने दिल खोलकर सहयोग दिया। वरघोड़ा में युवा संघ के सदस्यों ने व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया।



**बाली।** ओसवाल जैन संघ बाली एवं महावीर जैन नवयुवक मंडल संस्थान बाली के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष महावीर जैन कल्याणक दिवस पर शोभा यात्रा साध्वी भगवंत की निश्रा में निकाली गई। बाली जैन मित्र मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र परमार ने बताया कि शोभा यात्रा मनमोहन पार्श्वनाथ चौक से शुरू हुई जो प्रताप चौक, विमलपुरा मंदिर, धर्मनाथ मंदिर, किलादारों के वास, गणेश बाजार होते हुए पुनः पार्श्वनाथ चौक पर पहुंच विसर्जित हुई। आराधना भवन में सर्व प्रथम महावीर स्वामी भगवान की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। नवकारशी के लाभार्थी मदनबाई गौतम भंडारी परिवार के मुकेश भंडारी का तिलक, माला एवं शॉल से स्वागत किया गया। साध्वी भगवंत का प्रवचन एवं मांगलिक हुआ। शोभायात्रा में ट्रस्ट मंडल के सदस्य अमृत परमार, बस्तीमल मेहता, दीपचंद मेहता, रणजीत बाफना, मंडल अध्यक्ष मुकेश भंडारी, भोजनशाला अध्यक्ष महिपाल राठौड़, सनातन धर्म मंडल अध्यक्ष अजयपालसिंह जोधा, श्रीपाल बाफना, भरत एस राठौड़, भरत जे राठौड़, प्रदीप भंडारी, प्रवीण राठौड़, अरविंद कितावत, रमेश भंडारी, मदन कितावत, चेतन मुनोयत, सुकन सुराणा, इंदरमल जैन, विनोद मेहता, राकेश मुनोयत, पारस राठौड़, रामलाल सहित कई समाजबंधु व गणमान्य लोग मौजूद थे।



**घाणेराव।** अरावली की तलहटी स्थित मुछाला महावीर जैन मन्दिर प्रांगण में गुरुवार को मुछाला महावीर सोशल ग्रुप के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के लोगों ने भाग लिया। गुरुवार सुबह 9 बजे ओसवाल जैन संघ के तत्वावधान में भगवान आदिनाथ मन्दिर तक गाजे बाजे के साथ वरघोड़ा निकाला गया। उसके बाद जैन समाज के लोग मुछाला महावीर जैन मंदिर पहुंचे। जहां जैन संतों के सानिध्य में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया। उसके बाद भगवान महावीर स्वामी मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इस दौरान जितेंद्र पुनमिया अध्यक्ष ओसवाल जैन संघ घाणेराव, मुछाला महावीर सोशल ग्रुप के अध्यक्ष मनीष के खिचिया, सचिव महिपाल खिचिया सहित सदस्य व जैन समाज के लोग उपस्थित थे।



**फालना।** जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक तपागच्छ संघ के बैनर तले गुरुवार को भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक दिवस शोभा यात्रा के साथ मनाया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ सर्वोदय पारसनाथ मंदिर से हुआ। शोभायात्रा वल्लभ विहार, स्वर्ण मंदिर, दादावाड़ी होते हुए केसरिया मंदिर पर पहुंच विसर्जित हुई। कार्यक्रम में गौरव बाल मंडल द्वारा बैंड वादन की शानदार प्रस्तुति दी गई। आयोजित धर्म सभा में धर्मचंद विजय महाराज ने कहा कि ईसा से 599 वर्ष पहले वैशाली गणतंत्र के क्षत्रीय कुंडलपुर में पिता सिद्धार्थ और माता त्रिशला के यहां तीसरी संतान के रूप में चेत्र शुक्ल त्रेरस को वर्धमान का जन्म हुआ था। यही वर्धमान बाद में महावीर स्वामी बने। महावीर को 'वीर', 'अतिवीर' और 'सन्मति' भी कहा जाता है। इस अवसर पर जैन संघ अध्यक्ष अरुण चौधरी, सचिव संभव जैन, रमेश शा, अमित मेहता, महेंद्र धोका, बाबूलाल पुनमिया, महेन्द्र भंडारी, आनंद चोपड़ा, अशोक परमार, प्रफुल जैन, साकलचंद खाटेड, पारसमल सोनीगरा, भेरुलाल कटारिया, पारस पोरवाल, रंजीतमल सिरोया, जयंतीलाल सिरोया, रमेश जैन, महेश नाहटा, महेन्द्र सुंदेशा, सुरेंद्र सोलंकी, अशोक मूठलिया, रमेश मेहता, दिनेश बोहरा, मुकेश जैन, राजेश मेहता, जयचंद गोलेचा, विकास खाटेड, सौरभ जैन, अंकित राठौड़, नरपत राठौड़, जयंतीलाल जगावत, सुभाष जैन, संदीप सिंघवी, देवराज मेहता, जितेंद्र लोढ़ा, संजय सिरोया, उत्तम मुठलिया, दिलीप नाहटा, धनराज सचेती, दलपत नाहटा आदि भी मौजूद थे।



## चैंपियन ट्रॉफी के दौरान आयोजित शिविर में 23 यूनिट रक्तदान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर में चैम्पियंस ट्रॉफी के आयोजन के दौरान गुरूवार को टीम लगान क्लब द्वारा कांग्रेस नेता एवं पूर्व प्रधान हरिशंकर मेवाड़ा, महादेव ग्रुप के निदेशक मुकेश बारोलिया के सानिध्य में शिक्षा 'ांति रंगमंच मैदान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नेपालसिंह पावा, नई दिल्ली के सुरेश शर्मा, धनजीत कश्यप, वर्धन ब्लड बैंक से रामस्वरूप सोनी, वेणु शर्मा, राजस्थान रक्तदान संस्थान के सुनील अग्रवाल, मोहन भाटी मौजूद रहे। आयोजक दीपक चावरिया ने बताया कि सुमेरपुर चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान टीम लगान क्लब ने गरीब जरुरतमंदो को रक्त उपलब्ध करवाने के लिए शिविर का आयोजन करवाया। जिसमें 23 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान मेवाड़ा ने कहा कि आज के दौर में रक्तदान से बढ़कर कुछ भी नहीं है। एक व्यक्ति रक्तदान कर तीन लोगों की जान बचा सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान आयोजकों द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन करवाना बेहद सराहनीय व काबिले तारीफ समाजसेवा है। उन्होंने सभी से समय समय पर रक्तदान करते रहने की अपील की। युवा कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश राजपुरोहित ने कहा कि हमारे युवा साथियों ने ि केट प्रतियोगिता के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन कर एक मिसाल पेश की है। आज के समय में रक्तदान की महत्ती आवश्यकता है और हर युवा को इसमें भागीदारी निभानी चाहिए। महादेव ग्रुप के निदेशक बारोलिया ने कहा कि युवा खिलाड़ियों को रक्तदान करते हुए देखना अदभूत अनुभव रहा है और ये पल हमेशा याद रहेगा। इस अवसर पर शैतानकुमार, जगदीश राजगुरु, जयकिशन कुम्पावत, गोविन्द मेघवाल, नवाब खान, सिद्धार्थ चावरिया, अल्केश परिहार, रियाज खान, अरशद खान, राजा, शाहरुख आदि मौजूद रहे।



## गुड़ा दुर्गादास एवं कल्याणपुरा को कीरवा पंचायत में ही रखने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** ग्राम पंचायत किरवा के अन्तर्गत आने वाले गुड़ा दुर्गादास और कल्याणपुरा गांव के ग्रामीणों ने भैरु उपासक उगमाराम गुर्जर के नेतृत्व में रानी उपखंड कार्यालय पहुंच तहसीलदार मनोहरसिंह बालावत व विकास अधिकारी नारायणसिंह राजपुरोहित को ज्ञापन देकर परिसीमन को लेकर आपत्ति दर्ज करवाई। ज्ञापन में बताया कि उनके गांवों को किसी अन्य ग्राम पंचायत में विलय नहीं कर वर्तमान कीरवा ग्राम पंचायत का हिस्सा ही बने रहने दिया जाए। वर्षों से दोनों गांव कीरवा से जुड़े हुए है एवं सुविधाओं व व्यवस्थाओं को लेकर संतुष्ट हैं। ऐसा सुनने में आया है कि दोनों गांवों को नादाना-भाटान पंचायत में जोड़ा जा रहा है, जो मंजूर नहीं है। कीरवा आने जाने से लेकर पर्याप्त साधन सुलभ है। दोनों गांवों को नादाना-भाटान पंचायत में जोड़ने पर आर्थिक, शारीरिक व मानसिक रूप से ग्रामीणों को असुविधा उठानी पड़ेगी। दोनों गांव कीरवा से पांच किलोमीटर ही दूर है जबकि नादाना-भाटान दस किलोमीटर दूर है एवं वहां का मार्ग भी दुर्गम है। इस लिए दोनों गांवों को कीरवा पंचायत से ही यथावत जोड़े रखा जाए। इससे पहले ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, जिला कलेक्टर से भी यह गुहार लगा चुके है। उनके गांवों का किसी अन्य पंचायत में विलय किया गया, तो प्रशासनिक स्तर पर इसका कड़ा विरोध करेंगे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि मांग को अनसुना करने पर मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा। इस मौके पर खीमाराम गर्ग, कानाराम गुर्जर, देवाराम गुर्जर, शिवलाल गुर्जर, वार्ड पंच शाति मीणा, भैराराम मेघवाल, वोराराम मीणा, पूनाराम मीणा, रमेशपुरी, रतनराम मीना, नाराराम मीणा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## भजनों में खेतलाजी की महिमाओं का किया बखान

**मंदिर शिखर पर चढ़ाई ध्वजा**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** समीपवर्ती कोलीवाड़ा गांव में सियाणा खेतलाजी का वार्षिक मेला सियाणा खेतलाजी भक्तराज धनाराम भाटी के सान्निध्य में भरा गया। खेतलाजी महाराज की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर गाजे-बाजे के साथ मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाई गई। खेतलाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली गई। जहां पर विभिन्न समाज द्वारा शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। तत्पश्चात खेतलाजी महाराज को महाप्रसादी का भोग लगाकर भक्तों में प्रसादी वितरित की गई। इससे पूर्व एक शाम सियाणा खेतलाजी के नाम भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक खेतलाजी के भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजन संध्या की शुरुआत गणपति व गुरु वंदना से हुई। उसके बाद भजन कलाकारों ने खेतलाजी घुंघरिया घमकावें..., पधारो मारे आंगने..., आवनो पड़ेला खेतल आवनो पड़ेला रातरी सभा में थाने आवनो पड़ेला.., सियाणा खेतल बाबा रमता आवो.. आदि भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजन संध्या में पहुंचे पूर्व प्रधान हरिशंकर मेवाड़ा, मेलड़ी माता उपासक दीपिका भुआ सहित अन्य अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। पूर्व प्रधान मेवाड़ा ने सियाणा खेतलाजी के दरबार में शीश नवाकर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। पूर्व प्रधान मेवाड़ा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सनातन धर्म को मजबूती मिलती हैं, लोगों में धर्म के प्रति आस्था व जुड़ाव बढ़ता हैं। उपासक धनराज भाटी ने बताया कि विधि विधान से सियाणा खेतलाजी की पूजा अर्चना कर चूरमे का भोग लगाया व मंदिर शिखर पर ध्वजा भी चढ़ाई गइ। इस मौके पर अतिथि यों, खेतलाजी के उपासकों व गायक कलाकारों का भी स्वागत किया गया।

## रावणा राजपूत समाज की बैठक 13 को




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** रावणा राजपूत समाज तहसील बाली क्षेत्र की बैठक समाज के छात्रावास भवन फालना में रविवार सुबह 11 बजे बाली तहसील अध्यक्ष हनुमानसिंह पवार बेड़ा की अध्यक्षता में होगी। छात्रावास व्यवस्थापक सुखसिंह खंगारोत के अनुसार बैठक का मुख्य एजेंडा बाली तहसील की नई कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों को दायित्व सौंपना एवं अन्य मुद्दों पर पर चर्चा करना है।

## मढ़ी बालाजी मंदिर में आयोजन आज से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**नारलाई ।** कस्बे में दाणियो का वास में मढ़ी बालाजी मंदिर का दो दिवसीय 21वां वार्षिकोत्सव शुक्रवार से आरंभ होगा। महंत अशोक वैष्णव के अनुसार पहले दिन भजन संध्या होगी। दूसरे दिन शनिवार को भव्य शोभायात्रा, अखाड़ा प्रदर्शन, महाप्रसादी आदि आयोजन होंगे। शोभायात्रा में विभिन्न देवी देवताओं की झांकिया सजाई जाएगी। महाप्रसादी के लाभार्थी श्रीमती जीवीबाई दिवंगत धनाराम सुथार परिवार नारलाई एवं सवामण रोट के लाभार्थी राहुल पुत्र शिवकुमार वैष्णव बाली होंगे।

## वार्षिकोत्सव पर विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** निकटवर्ती सेवाड़ी स्थित विवेकानंद आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव उत्साह से मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी, वि' मसिंह राणावत, उत्तम पी जैन, तुलसाराम चौधरी, श्रीमती पिंकी चौधरी, जयरामदास वैष्णव, ओटाराम चौधरी का आतिथ्य रहा। भारती, ओम व मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्य' म का शुभारंभ किया गया। मुख्य वक्त ा ओटाराम चौधरी ने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ी देशभक्त व राष्ट्रसेवक बने, इस हेतु शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। मुख्य अतिथि डॉ. सुनील भंडारी ने कहा कि मनमोहक प्रस्तुतियों ने बचपन की यादों को ताजा कर दिया।






अष्टमी व पंचमी बोर्ड परीक्षा एवं सहशैक्षिक गतिविधियों गतिविधियों में प्रथम रहे विद्यार्थियों को स्मृति तुलाराम चौधरी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कोषाध्यक्ष छगन छीपा ने वार्षिक प्रतिवेदन व व्यवस्थापक पोकर मालवीय ने विद्याभारती का लक्ष्य सभी के समक्ष रखा। प्रधानाचार्य हालुराम देवासी ने अतिथियों का परिचय व स्वागत करवाया। इस अवसर पर आदर्श शिक्षा संस्थान बाली जिला समिति व्यवस्थापक जयचंद गोलेछा, कोषाध्यक्ष जयरामदास वैष्णव, सचिव सुरेश मालवीय, संपर्क प्रमुख चंद्रशेखर मुनोयत, स्थानीय प्रबंध समिति उपाध्यक्ष लालाराम चौधरी, पस सदस्य मोहन चौधरी, जिप सदस्य पुष्पा भाटी, सवाराम देवासी, हरीश देवासी, चेतन नागर, कृपालसिंह भाटी, हीरालाल कुमावत, मनोज रावत, गोवर्धन राव, जीवराज, कमलसिंह, संघ के उपखंड कार्यवाह कृष्णपालसिंह, मंडल कार्यवाह पंकज रावल, सुरेश रावल, दिलीप मेवाड़ा, रमेश परिहार, आचार्य सुरेश राठौड़, मुकेश देवासी, विशाल राव, मोनिका मेवाड़ा, ममता भाटी, नंदिनी पालीवाल और डिंपल वैष्णव सहित कई लोग मौजूद थे। मंच संचालन भंवरलाल फालना ने किया।

## दिवंगत किरणराज जोधावत की पुण्यतिथि पर पशु-पक्षियों के लिए रखी जाएगी कुंडियां

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**सादड़ी।** सादड़ी नगरपालिका क्षेत्र में एक अनूठी मानवीय पहल के तहत दिवंगत किरणराज जोधावत की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके परिवार की ओर से पशु-पक्षियों के लिए विशेष व्यवस्था का निर्णय लिया गया। किरणराज जोधावत के पुत्र भावेश जोधावत ने बताया कि शनिवार को चैत्री पूर्णिमा के दिन उनके पिता की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इस दिन पालिका क्षेत्र के प्रत्येक गली मोहल्ले में भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों आदि को राहत प्रदान करने के उदेश्य से जगह जगह पानी की कुंडिया रखी जाएगी। गर्मी के मौसम में पशुओं के लिए यह एक महत्वपूर्ण पहल है। जोधावत ने बताया कि उनके पिता पशु-पक्षियों के प्रति बेहद संवेदनशील थे। उनकी स्मृति में यह पहल एक सार्थक श्रद्धांजलि होगी। इस कार्य का मुख्य उद्देश्य समाज में सकारात्मक संदेश देना है। लोगों ने इस पहल की सराहना की है। इससे गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों को राहत मिलेगी। यह कार्य' म समाज में मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने में सहायक होगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसी पहल से क्षेत्र में पशु-पक्षियों के प्रति लोगों की संवेदनशीलता बढ़ेगी।

## ध्वजारोहण के साथ आरंभ हुआ गुप्तेश्वर महादेव का मेला

**जारूक टाइम्स संवाददाता**

**घाणेराव।** समीपवर्ती गुप्तेश्वर महादेव मंदिर का दो दिवसीय मेला गुरुवार सुबह 12 ज्योतिलिंग के ध्वजारोहण व जयकारों के बीच शुरू हुआ। मंदिर परिसर में दिनभर कई धार्मिक कार्य' म हुए। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। वहीं मेले में दुकानों से श्रद्धालुओं ने खरीदारी की एवं झूलों का आंनद उठाया। शिव नवयुवक मंडल के सदस्यों के अनुसार दो दिवसीय मेले में संतों का सानिध्य रहेगा। गुरुवार सुबह गुप्तेश्वर महादेव मंदिर व 12 ज्योतिलिंग पर ध्वजा चढ़ाई गई। दोपहर में भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की। दोपहर में मन्दिर प्रांगण में महाभिषेक कार्य' म पंडितों के सानिध्य में शुरू। जिसमें मंडल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया। मेले में पहुंचे भक्तों ने महादेव की पूजा अर्चना कर दर्शन किए। शाम को महा आरती की गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मोहनलाल लोहार, सचिव नरपतसिंह मेफावत, कोषाध्यक्ष मफतलाल सोनी सहित मंडल सदस्य घनश्याम डाबी, प्रभुसिंह परिहार, लक्ष्मीनारायण मेवाड़ा, गौरीशंकर रामावत, भंवरसिंह परिहार, पं कैलाश दवे, हरीश व्यास, विजय श्रीमाली सहित कई लोग मौजूद थे।



## भक्त के प्रेम में बंधते है भगवान : संत हीरापुरी




**उमड़े श्रद्धालु**

पलासिया गांव में आयोजित कार्यक्रम में दूर-दूर से बड़ी संख्या में समाजबंधुओं के साथ व्यापारी, जनप्रतिनिधि, महिलाएं एवं स्थानीय श्रद्धालु शरीक हुए। सभी ने उत्साहपूर्वक संगीत मय सुंदरकांडठ पाठ व भजन संध्या का आनंद लिया।

**जारूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** भक्त और भगवान का अटूट रिश्ता प्रेम के अधीन है। यह बात पलासिया में हरीओम आश्रम रामनगर के संत मनसुख हीरापुरी ने उनके सान्निध्य में आयोजित धार्मिक महोत्सव पर प्रवचन के दौरान कही। संत ने कहा कि भगवान प्रेम के अधीन है। भक्त भगवान का बालक है। जिस तरह मां बच्चे की देखभाल करती है वैसे ही भगवान भक्त की रक्षा करते हैं। जहां भक्ति होती है ईश्वर खुद चलकर भक्तों के द्वार तक जाते है। ज्ञानी ईश्वर की खोज करता है भक्त भगवान को प्रेम के बंधन में बांधता है। उधर जोगसिंह, माधूसिंह राजपुरोहित के निवास पर हीरापुरी महाराज की देखरेख में विभिन्न अनुष्ठान हुए। गोडवाड़ क्षेत्र के प कांतिलाल ओझा व उनके सहयोगियों द्वारा पीठ पंचांग पूजन के बाद यजमानों से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन में आहुतियां प्रदान करवाई गई। आयोजन में समूचा वातावरण धर्ममय हो गया। सवेरे महाराज के सान्निध्य में विशेष पूजन करवा हवन करवाया गया। इसके बाद महाप्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शरीक हुए।

**संगीतमय सुंदरकांड पाठ में भाव विभोर हुए श्रोता**


इस मौके सियाराम सेवा समिति शिवगंज के तत्वावधान में दुदाराम गहलोत, मदन परिहार, राजेन्द्र अग्रवाल, मदन सुंदेशा शिवगंज, जयकिशन काजाणी सांडेराव की ओर से संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजनों की प्रस्तुति दी गई। संगीतमय सुंदरकांड की चौपाइयों से शुरू हुए पाठ से श्रोता भाव विभोर हो उठे। भक्ति रस में सराबोर होकर भगवान श्रीराम और हनुमानजी की महिमा का मध्य रात्रि तक गुणगान जारी रहा।

# पश्चिम भारत का सबसे पुराना जीवित जिनालय

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर के ओसियां स्थित म हावीर जैन मंदिर में भगवान म हावीर की मूर्ति बालू मिट्टी और दूध से निर्मित है। प्रतिमा पर दो से तीन साल में सोने की परत चढ़ाई जाती है। सातवीं सदी में निर्मित इस मंदिर को मारवाड़ का खजुराहो भी कहा जाता है। जैन इति हा सकारों के अनुसार, राजस्थान में जैन तीर्थ स्थलों में मारवाड़ के खजूराहो कहे जाने वाले ओसियां का प्रमुख स्थान है। सातवीं सदी में यहां निर्मित महावीर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी की अद्भुत प्रतिमा विराजित है, जो बालू मिट्टी व दूध से निर्मित है।

स्वर्ण अभिमंडित यह प्रतिमा भगवान महावीर की समय की बताई जाती है। यहीं से ओसवंश यानी ओसवाल समाज की उत्पत्ति हुई। महावीर स्वामी की प्रतिमा पर प्रत्येक दो-ती वर्ष में स्वर्ण विलेपन (सोने की परत) किया जाता है। इसी ओसियां में ओसवाल समाज की कुलदेवी मां सच्चियाय का मंदिर है। जहां हिंदू-जैन सहित विभिन्न धर्मावलंबियों के लिए प्रमुख आस्था का केंद्र है।



### वंश की रक्षा करती देवी

जैन समाज सच्चियाय माता की पूजा एक सम्यकत्वी (अर्थात जिसके पास रत्नत्रय है) देवी के रूप में करते हैं, जो भूमि और ओसवालों के वंश की रक्षा करती हैं। कहा जाता है कि इस गांव में रत्नप्रभासूरी ने ओसवाल वंश की स्थापना की थी। उन्होंने अहिंसा के सच्चे मार्ग का अनुसरण किया था। मंदिर में पाए गए 953 ई. के एक शिलालेख में कहा गया है कि ओसियां हर जाति के अलंकृत मंदिरों से समृद्ध था। मंदिर का पहला जीर्णोद्धार 956 ई. में हुआ था। जॉर्ज मिशेल मौजूदा मुख्य मंदिर को अधिकांश 11वीं शताब्दी के रूप में वर्णित करते हैं। इसमें आठवीं शताब्दी के कुछ हिस्से हैं। तोरण (अलंकृत प्रवेश द्वार) 1015 ई. का है। मंदिर को मुस्लिम शासकों ने लूटा था और कोई भी मूल मूर्ति नहीं बची।

### जीवित स्वामी की छवि उकेरी

जैन धर्म के श्वेतांबर संप्रदाय से संबंधित मंदिर के तोरण पर तीर्थंकर की जीवितस्वामी छवि उकेरी गई है। इस मंदिर को गुर्जर-प्रतिहार वंश की वास्तुकला का प्रमाण माना जाता है। मंदिर का गर्भगृह, मंडप से युक्त घेरदार दीवार से घिरा है। इसके अलावा यहां एक बंद हॉल, एक खुला बरामदा और एक अलंकृत तोरण (प्रवेश द्वार) और उत्कृष्ट मूर्तियां हैं। मंदिर में एक बंद और दो स्तंभों वाले हॉल हैं, जो मुख्य मंदिर की धुरी को बढ़ाते हैं। गर्भगृह के सामने का तोरण तीर्थंकरों की अलंकृत नक्काशी से समृद्ध है। इनमें 12 पद्मासन मुद्रा में और चार कायोत्सर्ग मुद्रा में हैं। इस मंदिर में सात सहायक मंदिर हैं, जिनमें से चार गर्भगृह के पूर्वी और तीन पश्चिमी भाग में हैं। ये मंदिर प्रदक्षिणा पथ द्वारा जुड़े हुए हैं ।

## रोजगार की मांग, चार दिन से धरना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर के सावंता और भोपा गांव के ग्रामीणों का निजी सोलर कम्पनी के गेट बाहर धरना गुरुवार को चौथे दिन भी जारी है। रोजगार की मांग को लेकर धरना दे रहे ग्रामीणों ने 80 साल के बुजुर्ग भी शामिल है। हालांकि, धरना स्थल पर निजी सोलर कम्पनी के प्रतिनिधि आए थे मगर उन्होंने केवल धरना उठाने के लिए ही कहा, मांगों को लेकर कोई बात नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक मांगें नहीं मानी जाएगी तब तक उनका धरना जारी रहेगा। रोजगार की मांग को लेकर धरना जारी ग्रामीणों का कहना है कि कम्पनी हमारी जमीन पर प्लांट लगाकर बैठी है और हमको रोजगार देने का वादा भी किया था। मगर एक महीने पहले कम्पनी अपने वादों से मुकर गई है और बाहर के लोगों को रोजगार देकर हमारा रोजगार छीन रही है। इसलिए रोजगार की मांग को लेकर पहले कम्पनी के प्रतिनिधियों से बात की, मगर कोई हल ना निकलते देख हमने कम्पनी के गेट के बाहर अनिश्चितकालीन धरना दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाएगी, तब तक हमारा धरना जारी रहेगा। वादाखिलाफी कर छीना रोजगार ग्रामीणों ने बताया- चार साल पहले रिन्यू पावर कम्पनी ने यहां 320 मेगावाट का सोलर प्रोजेक्ट प्लांट का निर्माण किया।

## चोरी की वारदातों का खुलासा, एक साथ आठ आरोपी गिरफ्तार

▶▶ 63 ग्राम सोना, 1.08 किलो चांदी बरामद



**बालोतरा।** बालोतरा जिले की समदड़ी पुलिस ने चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए गैंग के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात और कैश रुपए बरामद किए है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार नया देवड़ा निवासियान मानसिंह पुत्र भोपसिंह और श्यामलाल पुत्र लालसिंह ने पुलिस थानान समदड़ी में 6 मार्च का उपस्थित होकर रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि 5 मार्च को अज्ञात चोर हमारे घरों के ताला तोड़कर अंदर घुसे। घर में से सोने-चांदी के आभूषण, कपड़े और रुपए चुराकर ले गए। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। समदड़ी थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि एसपी हरिशंकर के निर्देशन में जिला एवं थाना स्तर पर अलग-अलग टीमें बनाई गई। टीम ने सूचना, तकनीक सहयोग चालानशुदा आरोपियों की वर्तमान कार्यशैली एवं एक्टिविटी का गहन विश्लेषण किया गया। ऐसे में आरोपी लगातार पीछा किया और निगरानी के दौरान पुलिस के सामने तथ्य आए। इसके आधार पर संदिग्ध बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस ने शातिर चोर लक्ष्मणराम, गोमारम, मनीष, ओमाराम उर्फ ओमप्रकाश, राम उर्फ रामचद्र, लुंबाराम, दिनेश कुमार, बबलू उर्फ गणपतराम को डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेकर इनकी निशानदेही पर 63.070 ग्राम सोना एवं 1.080 किलो चांदी एवं दो लीख रुपए कैश बरामद किए। आरोपियों से पूछताछ में पाली, जालोर एवं जोधपुर में कई चोरी की वारदात करना कबूल किया है। इनसे अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में गहनता से पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि चोरी करने पर मिल रही रुपए से मौज-मस्ती, नशे एवं ऐशों-आराम में खर्च करते थे। कुछ समय के सुख के बदले अपने भविष्य को अपराध के दलदल में धकेलते चले जाते थे। इन्होंने गैंग बनाकर वारदातों को अंजाम देते थे। रैकी करते थे।

### ▶▶ यह हुए गिरफ्तार

पुलिस ने चोरी की बड़ी गैंग का पर्दाफाश करते हुए एक साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें लक्ष्मणराम पुत्र दलाराम निवासी घाणा भाद्राजुन जालोर, गोमाराम पुत्र मांगीलाल, मनीष पुत्र गोमाराम दोनों निवासी आगोलाई बालेसर हाल विवेक विहार जोधपुर, ओमाराम उर्फ ओमप्रकाश पुत्र बुधाराम निवासी तनावड़ा विवेक विहार जोधपुर, राम उर्फ रामचंद पुत्र सुरेश सागर निवासी गली नंबर तीन अभिनंदन कॉलोनी संजय नगर सांगली महाराष्ट्र, लुंबाराम पुत्र प्रतापाराम निवासी सालावास रोड बासनी जोधपुर, दिनेश कुमार पुत्र करनाराम निवासी रामपुरा समदड़ी, गणपतराम उर्फ बबलू पुत्र हिमताराम निवासी सालोड़ी पुलिस राजीव नगर जोधपुर हाल तनावड़ा विवेक विहार जोधपुर को गिरफ्तार किया है।


### ▶▶ आरोपी लक्ष्मण के खिलाफ 11 मामले दर्ज

गिरफ्तारी आरोपियों में लक्ष्मण राम के खिलाफ जालोर, जोधपुर शहर, रोहट पाली, बालोतरा में कुल चोरी के 11 मामले दर्ज है। वहीं गोमाराम के खिलाफ तीन मामले जोधपुर और बालोतरा में दर्ज है। आरोपी मनीष के खिलाफ जोधपुर और बालोतरा में चार चोरी के मामले दर्ज है। इस तरह ओमप्रकाश के खिलाफ जोधपुर में आर्म्स एक्ट मे मामला दर्ज है। गिरफ्तार आरोपियों से प्लानिग तरीके से ऐसे मकानों, दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते थे। रात के समय बंद रहते थे। अथवा जहां सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होती थी।

## भगवान महावीरमय बना बाड़मेर, गूंजे जयकारे

शोभायात्रा में डीजे की धुन पर युवाओं ने किया डांस

**बाड़मेर।** बाड़मेर में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर, अहिंसा के अवतार भगवान महावीर के 2624वें जन्मकल्याणक पर गुरुवार को शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा जैन न्याति नोहरे से साध्वीश्री डा. विद्युत प्रभा श्री मसा आदिठाणा की पावन सानिध्य में रवाना हुई। दरअसल, महावीर जयंती के उपलक्ष्य पर तीन दिवसीय महोत्सव के पहले दिन रात में जैन न्याति नोहरे में अलग-अलग प्रोग्राम का आयोजन किया।



दूसरे दिन बुधवार को सुबह नवकार महामंत्र जाप किया गया। जीतो संस्थान ने न्याति नोहरे में सवा लाख नवकार महामंत्र का जाप कराया। इस दौरान जीवदया कार्यक्रम, गंहूली प्रतियोगिता, सामूहिक सामायिक, वाहन रैली निकाली गई है। सामूहिक सामायिक में बड़ी संख्या में माताओं-बहिनों ने भाग लिया। भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य पर रविवार को सुबह 8.30 बजे जैन न्याति नोहरे से साध्वीश्री डा. विद्युतप्रभाश्री मसा आदिठाणा की पावन निश्रा में भव्य व विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाजबंधुओं के साथ माताएं-बहनें शामिल हुई। शोभायात्रा का समापन व धर्मसभा का आयोजन आराधना भवन में होगा। जैन न्याति नोहरे से जैन श्रीसंघ, बाड़मेर के तत्वावधान में महोत्सव समिति द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

## करंट से झुलसे लाइनमैन की मौत

**जोधपुर।** जोधपुर डिस्कॉम के लिए काम करने वाली फॉल्ट रेक्टिफिकेशन टीम (एफआरटी) का एक लाइनमैन बुधवार देर रात डिस्कॉम की लापरवाही के चलते करंट से झुलस गया। इलाज दौरान एम्स में मौत हो गई। इससे आहत परिजन और समाज के लोग एम्स मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए। बासनी पुलिस ने बताया- कुड़ी भगतासनी सेक्टर आठ निवासी ओमप्रकाश सुथार की ओर से रिपोर्ट दी गई है। इसमें सुथार ने बताया- उनका बेटा गणपत सुथार नौ अप्रैल की देर शाम करीब साढ़े सात बजे बासनी इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित शर्मा इंडस्ट्रीज के पास गली संख्या चार में बिजली का काम कर रहा था। इस दौरान उसे करंट लगा। इलाज के दौरान करीब दो घंटे बाद मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार- गणपत सुथार कॉल सेंटर से फॉल्ट की सूचना मिलने के बाद टीम के साथ वहां पहुंचा था।

## जैसलमेर : आज सैंड स्टॉर्म की चेतावनी



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले में पिछले चार दिनों से भीषण गर्मी व हीट वेव ने लोगों को बेहाल कर दिया है। हालांकि बुधवार को हीट वेव का प्रभाव कम होने से दिन व रात का पारा दो-दो डिग्री लुढ़का है। लेकिन भीषण गर्मी से राहत नहीं मिली है। मौसम विभाग ने 10 व 11 अप्रैल को जैसलमेर जिले में आंधी चलने व हल्की बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि 10 व 11 अप्रैल को 40 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से धूल भरी आंधी चलेगी। साथ ही मेघगर्जना व कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की भी संभावना है। बुधवार को सुबह नौ बजे से ही सूर्य के तेवर तेज हो गए। दोपहर 12 बजे के बाद तो सड़कें आग भट्टी की तरह तपने लगी। तेज गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को झुलसा दिया। लू व भीषण गर्मी से जन जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। दोपहर में लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। वहीं सड़कें भी वीरान हो गई। शाम छह बजे के बाद सड़कों पर चहल पहल देखने को मिली। बढ़ती गर्मी के कारण लोगों ने अपनी दिनचर्या भी बदल दी है। लोग सुबह जल्दी बाजार का काम निपटाकर घरों में दुबक जाते हैं। वहीं शाम को घरों से बाहर निकलते हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार गुरुवार से हीट वेव से राहत मिलेगी। वहीं तापमान में भी गिरावट होगी। दोपहर में घर से बाहर निकलना मुश्किल गर्मी व लू का असर इतना अधिक है कि दोपहर में घर से निकलना मुश्किल हो रखा है। सूरज की तपन बहुत अधिक तेज है। वहीं गर्म हवाओं का प्रकोप है। ऐसे में हाफ बाजू शर्ट या टीशर्ट पहनकर दुपहिया वाहन चलाना भी मुश्किल हो गया है। चलते वाहन पर इसका असर और अधिक महसूस होता है। गर्मी बढ़ने के साथ ही दोपहर के समय सड़कों पर यातायात कम हो गया है। लोग गर्मी में बाहर नहीं निकल रहे। जिले में बुधवार को गर्मी के तेवर तीखे रहे। तापमान में गिरावट के बावजूद भी लू व भीषण गर्मी से राहत नहीं मिली। तीन दिन बाद पारा 45 डिग्री से नीचे आया है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 27 डिग्री के पार पहुंच गया था। ऐसे में रात में गर्मी तेज हो गई थी। लेकिन बुधवार को दिन व रात के पारे में दो-दो डिग्री की गिरावट हुई। आंधी चलने की संभावना आगामी दिनों में हीट वेव व भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक ने 10 व 11 अप्रैल को जैसलमेर जिले में आंधी चलने व हल्की बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया है।

## जैसलमेर : गूंजे भगवान महावीर के जयकारे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** जैसलमेर में भगवान महावीर स्वामी जयंती पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शहर के मुख्य बाजार से निकली शोभायात्रा में जैन समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। भगवान महावीर स्वामी की जय, जियो और जीने दो, त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की जय। भगवान महावीर स्वामी के 2624वें जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत गुरुवार को महावीर जयंती पर शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा शहर के मुख्य बाजार से होते हुए जैन भवन पहुंची। शोभायात्रा में घोड़े, ऊंट, झांकियां, रथ, सप्त किरण रथ आदि मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे। शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। महिलाओं ने शोभायात्रा में उल्लास के साथ नृत्य किया। इसके बाद जैन भवन में काई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जैन तीर्थ लोद्रवा में कई कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। महावीर जयंती के मौके पर भगवान महावीर का विशेष अभिषेक किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भगवान महावीर के जयकारों से वातावरण भक्तिमय रहा। जैन समाज के लोगों ने बताया कि भगवान महावीर ने 'जीओ और जीने दो' का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर ने विश्व कल्याण के लिए जन्म लिया था। प्रशासन की ओर से शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# व्यापार जगत

## टैरिफ पर रोक के बाद अमेरिकी बाजार 12% तक चढ़े

▶▶ जापान-ताइवान के बाजार में करीब 9% की तेजी

**मुंबई।** अमेरिकी बाजार नौ अप्रैल को 12% तक चढ़कर बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी 9% से ज्यादा की तेजी रही। वहीं भारतीय बाजार महावीर जयंती की छुट्टी के कारण बंद रहा।

बाजारों में आई इस तेजी की वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का वो फैसला है जिसमें उन्होंने चीन को छोड़कर अन्य सभी देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ को 90 दिनों के लिए टाल दिया है। जापान का निक्केई इंडेक्स 2,894 पॉइंट या 9.13% चढ़कर 34,609 के स्तर पर बंद हुआ। कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 151 पॉइंट या 6.60% चढ़कर 2,445 के स्तर पर बंद हुआ ह। ताइवान का TAIEX इंडेक्स 1608 पॉइंट या 9.25% चढ़कर 19,000 के स्तर पर बंद हुआ।

### ▶▶ बाजार में अस्थिरता की वजह

तीन अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनियाभर में जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। भारत पर 26% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। चीन पर 34%, यूरोपीय यूनियन पर 20%, साउथ कोरिया पर 25%, जापान पर 24%, वियतनाम पर 46% और ताइवान पर 32% टैरिफ लगेगा। इस कदम ने टैरिफ वॉर शुरू कर दिया है।

अमेरिका के टैरिफ के जवाब में चीन ने अमेरिका पर 34% जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। चीन के टैरिफ लगाने के बाद अमेरिका ने 50% एडिशनल टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इससे कुल टैरिफ 104% हो गया।

### ▶▶ नैस्डैक में 2001 के बाद बड़ी बढ़त

डॉउ जोन्स 2,962 अंक या 7.87% बढ़कर 40,608 पर बंद हुआ, जो मार्च 2020 के बाद से इसका सबसे बड़ा सिंगल डे गेन है। एसएंडपी 500 इंडेक्स 9.52% बढ़कर 5,456.90 पर पहुंच गया, जो 2008 के बाद से इसका सबसे बड़ा सिंगल सेशन राइज है। टेक शेयरों का इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 12.16% बढ़कर 17,124 पर पहुंच गया, जो जनवरी 2001 के बाद से सबसे बड़ा गेन है। 30 बिलियन शेयरों का कारोबार हुआ, यह वॉल स्ट्रीट के इतिहास में सबसे अधिक कारोबार वाला दिन बन गया। नौ अप्रैल को ट्रम्प ने एक बार फिर चीन पर टैरिफ को बढ़ाकर 125% कर दिया, बाकी सभी देशों पर नौ अप्रैल से लागू होने वाले टैरिफ को 90 दिनों के लिए टाल दिया।

आठ अप्रैल को अमेरिकी शेयर बाजार लगातार चौथे कारोबारी दिन गिरावट में बंद हुए थे। डाउ जोन्स इंडेक्स 320 अंक या 0.84% की गिरावट के साथ 37,645 के स्तर पर आ गया। शुरुआती कारोबार में इसमें करीब 4% की तेजी थी। यानी, ऊपरी स्तर से ये करीब 5% नीचे बंद हुआ है। वहीं, अमेरिकी बाजार का एसएंडपी 500 इंडेक्स 79.48 अंक या 1.57% की गिरावट के साथ 4,982 के स्तर पर बंद हुआ। टेक्नोलॉजी शेयरों के इंडेक्स नैस्डेक कंपोजिट में 335 पॉइंट या 2.15% की गिरावट रही। ये 15,268 के स्तर पर बंद हुआ। लगातार तीन कारोबारी दिन में डाउ जोन्स 10% गिरा था। वहीं मंगलवार की गिरावट के बाद चार कारोबारी दिन में डाउ जोन्स की कुल गिरावट 11% से ज्यादा हो गई थी।

## टीसीएस को 12,293 करोड़ का मुनाफा



**मुंबई।** वित्त वर्ष 2024-25 की आखिरी यानी चौथी तिमाही में टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को 12,293 करोड़ रुपए का मुनाफा (कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर इसमें 1.67% की कमी आई है। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी ने 61,237 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया। सालाना आधार पर यह 5.3% बढ़ा है। जनवरी-मार्च 2023-24 में कंपनी ने 61,237 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं के बेचने से मिलने वाली राशि को राजस्व या रेवेन्यू कहा जाता है। इसमें टैक्स शामिल नहीं होता है। टीसीएस ने गुरुवार 10 अप्रैल को फाइनेंशियल ईयर 2025 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए। नतीजों के साथ कंपनी ने अपने शेयरधारकों को प्रति शेयर पर 30 रुपए का लाभांश यानी डेविडेंड देने का ऐलान किया है। कंपनियां अपने मुनाफे का कुछ हिस्सा शेयर होल्डर्स को भी देती हैं, इसे ही लाभांश कहा जाता है। तीसरी तिमाही (Q3FY25) यानी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में टीसीएस का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट तिमाही आधार पर करीब 3.95% बढ़कर 12,380 रुपए करोड़ रहा। इससे पहले जुलाई-सितंबर तिमाही में ये 11,909 करोड़ रुपए रहा था। सालाना आधार पर नेट प्रॉफिट 12% बढ़ा। हालांकि, कंपनी की आय में गिरावट देखने को मिली। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में ये 63,973 करोड़ रुपए रही। वहीं पिछली तिमाही में कंपनी को 64,259 करोड़ रुपए की आय हुई थी। वहीं EBIT तिमाही आधार पर 15,469 करोड़ रुपए से बढ़कर 16900 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

## अमेरिका-चीन में टैरिफ टेंशन के बीच सोने के उछले भाव

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन पर टैरिफ (आयात शुल्क) बढ़ाने के फैसले के बाद निवेशकों ने सोने में जमकर पैसा लगाया और एक बार फिर सोने के भाव में तेजी देखने को मिल रही है। स्पॉट गोल्ड गुरुवार को 0.2% बढ़कर 3,089.17 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं, अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स 0.8% चढ़कर 3,104.90 डॉलर पर पहुंच गया। पिछले दिनों स्पॉट गोल्ड 2.6% और फ्यूचर्स 3% उछले थे। जबकि, तीन अप्रैल को सोना 3,167.57 डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर था। महावीर जयंती के मौके पर भारतीय शेयर मार्केट और अगर घरेलू सर्राफा मार्केट की बात करें तो इस साल अबतक सोना 14421 रुपए प्रति 10 ग्राम महंगा हो चुका है। वहीं, चांदी के भाव 4652 रुपए चढ़े हैं। अगर अप्रैल की बात करें तो गोल्ड की कीमत 997 रुपए चढ़ी है और चांदी 10265 रुपए कमजोर हुई है। भारतीय सर्राफा बाजारों में सोने का हाजिर भाव एक बार फिर उछल गया है। आईबीजेए के अनुसार बुधवार को 24 कैरेट सोने के भाव में 1611 रुपए का उछाल आया और यह 90161 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी भी 306 रुपए चढ़कर 90669 रुपए पर पहुंच गई। हालांकि, MCX पर सोना बुधवार को 80 रुपए (0.09%) गिरकर 89,724 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। दिन में यह 90,853 रुपए तक भी पहुंचा था। चांदी 2,856 रुपए (3.22%) चढ़कर 91,600 रुपए प्रति किलो हुई। ट्रंप ने चीन से आयात पर टैरिफ 104% से बढ़ाकर 125% कर दिया।



## अडानी समूह को बड़ी राहत

**मुंबई।** दुनिया के सबसे बड़े एसेट मैनेजमेंट कंपनी ब्लैकरॉक ने अडानी समूह को बड़ी राहत दी है। ग्लोबल निवेश फर्म ब्लैकरॉक द्वारा प्रबंधित फंड अडानी समूह की तरफ से जारी 75 करोड़ डॉलर के निजी बॉन्ड के सबसे बड़े ग्राहक बनकर उभरे हैं। मामले के जानकार सूत्रों ने कहा कि करीब 12 लाख करोड़ डॉलर की संपत्तियों की देखरेख करने वाली अमेरिकी परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी ने 75 करोड़ डॉलर के बॉन्ड निर्गम का एक-तिहाई हिस्सा लिया है।

## शेयर बाजार पर डोनाल्ड ट्रंप की निवेशकों को सलाह



**मुंबई।** ग्लोबल मार्केट में भारी उथल-पुथल के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक नया पोस्ट किया है। सोशल मीडिया पर यह पोस्ट न्यूयॉर्क में सुबह 9:37 बजे किया गया। अपने पोस्ट में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लिखा है, " शेयर बाजार में खरीदारी के लिए यह बहुत बढ़िया समय है।" बता दें कि ट्रंप टैरिफ के ऐलान से दुनियाभर के मार्केट में हलचल है और अमेरिकी मार्केट बीते चार दिनों में छह ट्रिलियन डॉलर से अधिक गिर गया था। इससे एसएंडपी 500 को तगड़ा नुकसान झेलना पड़ा। इतना हीं नहीं ट्रंप टैरिफ से भारतीय शेयर बाजार भी बीते सोमवार को करीबन 4000 अंक तक गिर गया था। बता दें कि वैश्विक बाजार में मंदी की आशंका के बीच बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ज्यादातर देशों पर लगाए गए शुल्क को अचानक 90 दिनों के लिए स्थगित करने का फैसला किया, हालांकि उन्होंने चीन से आयात पर शुल्क की दर बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दी है। ट्रंप ने कहा कि ये देश अधिक अनुकूल शर्तों पर बातचीत करने के लिए राजी हैं।

## आप का राशिफल 11 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। शुभांक-4-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-4-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-5-6-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-5-6-8

# धूमधाम से मनाई महावीर जयंती, निकाली शोभायात्रा





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव गुरुवार शहर समेत पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जिले के सभी जैन तीर्थों में प्रभात फेरी, शोभायात्रा, प्रवचन, रंगोली समेत विभिन्न धार्मिक कार्यं मों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पर सकल जैन संघ की ओर से भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। सवेरे प्रभात फेरी एवं उसके बाद शोभायात्रा निकाली गई। लाभार्थी द्वारा जैन जिनेंद्र के साथ तिलक करते हुए शोभायात्रा का शुभारंभ किया जो पैलेस रोड सदर बाजार एवं पुराने बस स्टैंड होते हुए थुंब की वाडी महावीर स्वामी भगवान मंदिर में पहुंची। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। पूजा दर्शन किए तथा संगीतज्ञ रमेश कोठारी ने प्रस्तुती दी। शाम को आदिनाथ वाटिका में भक्ति कार्यक्रम हुए। संगीतज्ञ रमेश कोठारी की अगुवाई में अनेक धर्म प्रेमियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कक्षा नर्सरी से लेकर पांचवी तक के सभी बच्चों को पुरस्कार दिया गया। सभी को सम्मानित करने के लाभार्थी श्रीमती विरजू बाई मेलापचंद



नागोत्रा सोलंकी परिवार रहे। नितेश उर्फ लाला, योगेश बोबावत, जसवंत, अश्विन शाह, राजू, हसमुख, रजनीकांत सोलंकी एवं जय विक्रम हरण का सहयोग रहा। उधर, पावापुरी में भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर पूर्णरत्न विजय महाराज की निश्रा में धूमधाम से वरघोड़ा निकाला गया। वरघोडे में इन्द्र ध्वज, उंट, घोडा, घोडा बग्गी, बैटरी गाडिया थी। रथ में भगवान को लेकर बैठने का लाभ सर्वाधिक 301 नवकारवाली गिनने वाली ओली तपस्वी श्रीमती रेखा बेन राजेश भाई जैन मालगांव को मिला। वरघोडा पावापुरी चौमुखा जल मंदिर में पहुंचा ओर वहां सामूहिक चैत्यवदंन किया गया। मुनिराज ने चौदह स्वप्न की विस्तृत जानकारी दी। मेनेजिंग ट्रस्टी महावीर जैन ने चौथे स्वप्न लक्ष्मी के दर्शन का लाभ आबूरोड के सोहन भाई, मदन भाई अग्रवाल एवं ध्वजा के दर्शन कराने का लाभ गुजरात हेमंदनगर के मयन भाई एवं रविन्द्र भाई जैन ने लिया। विधिकारक एवं नवपद ओली के तपस्वी हितेश भाई सिरोडी वालो ने पुरे वातावरण को संगीतमय बनाया। मुनिराज ने कहा कि भगवान महावीर की कठिन त्याग तपस्या के कारण आज हजारो वर्षो के बाद भी भगवान की ओर से दी गई शिक्षा '' जीओ ओर जीने दो एवं अंहिसा परमोधर्म '' आज भी प्रांसागिक हैं। महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर सिरोही जैन पेढ़ी एवं महावीर नवयुवक मंडल के सदस्यों की उपस्थिति में उनके जेल फल वितरित किए। राजकीय चिकित्सालय में पीएमओ डॉ वीरेन्द्र महात्मा के अनुवाई में सभी मरीजों को फल वितरित किए। जय विक्रम हरण, नरेंद्र कुमार जैन, प्रवीण, राजेंद्र गांधी एवं जय विक्रम हरण मौजूद थे।



भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर लब्धि सेवा संस्थान की ओर से वाडा खेड़ा जोड़ में मुख्य वन संरक्षक राजेंद्र कुमार जैन एवं जिला वन अधिकारी मृदुला सिंह के सानिध्य में 11 टैंकरों के माध्यम से नाडियों में जल वितरण की शुरुआत की। लब्धि सेवा संस्थान की मनीषा देवल ने बताया कि प्रतिवर्ष गर्मियों के मौसम में मुक पशुओं पक्षियों के पानी के लिए उनकी संस्थान दानदाताओं के सहयोग से वाडा खेड़ा के जंगलों में पेयजल की व्यवस्था टेंकरो के माध्यम से करती है। रेंजर किशनसिंह राणावत के सानिध्य में वाडा खेड़ा के काकेंद्रा नाड़ी में 11 टैंकरों का जल छोड़ा गया। उन्होने बताया की इस अवसर पर पानी की कुण्डिया, पक्षियों के लिए घोंसले, परिंडे भी जंगल में अलग अलग जगह लगाए गए। गोयली गांव की महिलाओं के सहयोग से मोरों के लिए दाना व चीटियों के लिए 4 महीने के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। लब्धि सेवा संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र सिंघी ने बताया की उनकी संस्था द्वारा आज से लगातार आठ से दस टेंकरो के माध्यम से वाडा खेड़ा के जंगल में बनी सभी नाड़ियों में बरसात नहीं होने तक नियमित जल डाला जाएगा। जितेंद्र माली, शांतिलाल माली, हनुवंतसिंह सोलंकी, वंदना मीणा सहित कई लोग उपस्थित थे।

**कालंद्री।** महावीर जयंती पर आत्मनिर्भर की कार्यशाला और जीवदया अभियान की हुई शुरुआत। भगवान महावीर जयंती के पावन अवसर पर जीवदया अभियान का श्री गणेश किया गया। नशा मुंक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में नेहरू युवा मंडल से हसमुख कुमार, आइटीआई कॉलेज के प्रधानाचार्य भरत कुमार विश्वकर्मा आईटीआई कॉलेज बरलूट की ओर से दिए जाने वाले प्रशिक्षण की जानकारी दी। समाजसेवी नटवरसिंह, स्वास्थ्यकर्मी प्रभाराम घांची, मोतीलाल रांगी, दिनेश कुमार रांगी, लक्ष्मण कुमार, प्रविण धवल, अर्जुन कुमार की मोजुदगी रही।





**आबूरोड।** महावीर जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। सवेरे जैन समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में महावीर भगवान की झांकी, बैण्ड, घोड़े, लारिया शामिल रही। श्वेताम्बर जैन समुदाय के लोग, अन्य सम्प्रदाय के धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। दोपहर में मन्दिर में भगवान की पूजा, रात्रि को भंगवान की आंगी व भक्ति रखी गई। श्वेताम्बर जैन समाज की तरफ से जैल में कैदियों को मिठाई एवं नमकीन वितरित की गई। शोभायात्रा में मुस्लिम समाज की ओर से स्वागत किया गया। जगह.जगह जलपाल की व्यवस्था रखी गई। संघ के अध्यक्ष पोपटभाई जैन, सचिव महेन्द्र मरडिया, जितेन्द्र हिराणी, मुकेश कोठारी, डॉ. प्रकाश सिंघी, अशोक जैन, भरत शाह, मुकेश हिराणी, अनिल कोठारी, गेनमल जैन, समरथमल जैन, अनिल मोदी, अंकित शाह, दिपेश मरडिया, संजय जैन, महेश जैन, राकेश जैन, धर्मेश जैन आदि मौजूद थे।

**पिण्डवाड़ा।** महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक दिवस को हर्षोल्लास से मनाया गया। जैन संघ अध्यक्ष महेश भाई सागरमल के मार्गदर्शन में प्रभात फेरी का भव्य आयोजन किया गया। जैन समाज के महानुभावो ने उल्लास के साथ हिस्सा लिया। प्रभात फेरी में भगवान के नारे के साथ वातावरण भक्तिमय बना। जगह-जगह सभी का मोती चूर के लड्डू वितरित कर मुंह मीठा करवाया गया। जैन संघ सचिव एवं वेप्स मंडल अध्यक्ष मनीष जैन ने बताया की सवेरे से शाम तक मंदिर में कई अनुष्ठान हुए।



## लंकोपति मामाजी वीर बावसी के मंदिर का प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** जोयला में देवासी समाज के लंकोपति मामाजी वीर बावसी के नव निर्मित मंदिर के प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन कियास गया। जिसमें वक्ताओं ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवासी समाज से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की अपील की। समारोह में विधायक संयम लोढ़ा ने भी भाग लिया। कमेटी के अध्यक्ष झालाराम देवासी, मंदिर के पुजारी फताराम, नरसाराम देवासी, टीलाराम देवासी, बदाराम कुम्हार, मंगलसिंह राजपूत, मंशाराम माली आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** गांधीपार्क में गुरुवार को राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ की बैठक जिलाध्यक्ष शंकर राजपुरोहित की अध्यक्षता, चुनाराम परिहार के संयोजन में एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी के आतिथ्य में आयोजित की गई। जिला महासचिव कैलाश डांगी ने बताया कि बैठक में राज्य सरकार की बजट घोषणा में आईएएस पैटर्न में छूट देने पर जिलाध्यक्ष भंडारी के मार्फत सरकार का धन्यवाद ज्ञापित पद सृजन कर नियमितीकरण की मांग रखी गई। जिला संयोजक चुनाराम परिहार ने बताया कि सरकार ने बजट घोषणा में छूट की घोषणा तो कर दी है। लेकिन, आदेश जारी नहीं हुए हैं वह कार्मिक विभाग में लंबित है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्मिक विभाग के अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर शीघ्र आदेश जारी करवाने को कहा। संयोजक परिहार ने बैठक को संबोधित करते हुए वर्तमान में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। पूर्व जिलाध्यक्ष लीलाराम मडिया ने कहा कि हमें संगठित रहकर सदैव संगठन का साथ देना चाहिए। ब्लॉक अध्यक्ष आबूरोड वसीम खान ने कहा कि हमें हमेशा संगठन के आह्वान पर तत्पर रहना चाहिए। बैठक में शिरकत करने पर भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी का सम्मान किया गया। रक्षा भंडारी ने संगठन की मांग को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया और आश्वस्त किया कि आपका कार्य भाजपा सरकार अवश्य करेगी। ब्लॉक अध्यक्ष पिंडवाड़ा ओमप्रकाश गरासिया, ब्लॉक अध्यक्ष सिरोही विक्रम रामावत, ब्लॉक अध्यक्ष शिवगंज सुरजीतसिंह देवड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष रेवदर भरत पटेल, जिला मीडिया प्रभारी नवल शर्मा आदि ने संबोधित किया । कमलेश छिपा, गोविंद माली, चंद्रपाल भाटी, महेंद्र सोलंकी, सलमान खान, दिनेश पटेल, महेंद्र पटेल, मोतीराम देवासी, कन्हैयालाल पुरोहित, कैलाश प्रजापत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेश राजपुरोहित, मंजू परमार विजुकुमारी, दुर्गा डाबी, कृष्णा सोनी, हार्दिक रावल, जितेन्द्र पामेरा, जिला मुख्य मीडिया प्रभारी लक्ष्मण सेन, भरत संवंशा, छत्तरसिंह राव, अर्जुनसिंह भाटी, भारत भूषण, सत्यदेव चारण, भरत कुमार कोली, रमेश प्रजापत सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गांधीनगर मुख्य नाले के पुलिया की चौड़ाई का कार्य शुरु

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** गांधीनगर पोस्ट ऑफिस के सामने वाले मुख्य नाले की पुलिया का चौड़ाईकरण का कार्य का शुभारंभ हुआ। पार्षद रितेशसिंह चौहान, राजेंद्र प्रसाद, दीपक कुमार व अन्य भाजपा पार्षदों द्वारा निरीक्षण किया गया। ठेकेदार से उसकी गुणवत्ता एवं कार्य में पारदर्शिता के बारे में जानकारी ली गई। पूर्व में उक्त पुलिया के चौड़ाई करने के लिए स्थानीय पार्षदों द्वारा रेलवे एवं नगर पालिका से कई बार मांग की गई। जिसके उपरांत पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण ने तत्परता दिखाते हुए कार्य को गंभीरता से लिया। पालिका द्वारा पुलिया का चौड़ाईकरण का कार्य प्रारंभ किया गया। इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय पार्षद चौहान, राजेंद्र प्रसाद व दीपक कुमार द्वारा कई बार मांग उठाई गई थी। जिसका अब जाकर स्थाई समाधान हो रहा है। पुलिया निर्माण के कार्य से आसपास के लोगों में खुशी की लहर है। इस दौरान पार्षद रितेशसिंह चौहान, राजेंद्र प्रसाद, दीपक कुमार, मोहन बंजारा, सुरेश कुमार, नीरज, बाबू परिहार आदि उपस्थित थे।



## रात्रि चौपालः उपखण्ड अधिकारी ने सुनी ग्रामीणों की परिवेदनाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** ग्राम पंचायत मुख्यालय बागसीन में उपखण्ड अधिकारी नीरज मिश्र की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। जिसमें अतिक्रमण, अधूरी पड़ी पाइप लाइन, तालाब पूर्नभरण योजना को पंचदेवल से उथमण तालाब तक जोड़ने तथा नाम शुद्धीकरण समेत कई परिवेदनाएं प्रस्तुत किए। सहायक प्रशासनिक अधिकारी ने फसलों के बारे मे जानकारी दी। शकिना बानो एएनएम ने प्रसूताओं को टीके के फायदों की



जानकारी दी। सीडीपीओ श्रीमति सुनिता सामतानी ने पोषाहार की जानकारी दी। ग्रामीणों को लू से बचाव की जानकारी दी। पटवारी गायत्री मेघवाल व भूअनिरीक्षक उमेश गोयल ने राजस्व रेकर्ड में शुद्धिकरण करवाया। तहसीलदार शिवगंज श्यामसिंह चारण, विकास अधिकारी मुलेन्द्रसिंह आदि मौजूद थे।

## सिरोही स्थापना दिवस की तैयारी बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** उपखण्ड कार्यालय पिण्डवाड़ा में गुरुवार को एडीएम डॉ दिनेशराय सापेला की अध्यक्षता में सिरोही स्थापना दिवस के सफल आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक सहीराम, जेके लक्ष्मी सीमेंट, अल्ट्राटेल, वॉलकेम एवं आबूरोड के भंसाली समूह के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एडीएम डॉ सापेला ने कहा कि सिरोही स्थापना दिवस के सफल एवं श्रेष्ठ आयोजन के लिए सभी की सहभागिता बताई। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा के प्रायोजक वॉलकेम इण्डिया रहेगी। इस पर जगदीश त्रिवारी ने सहमति जताई। भजन संध्या मॉडर्न एवं



भंसाली समूह की ओर से करने की बात कही। इस पर मॉर्डन से कोई प्रतिनिधि उपस्थति नहीं था। भंसाली समूह के आशीष ने शुक्रवार को अंतिम निर्णय अवगत कराने की बात कही। कवि सम्मेलन जेके लक्ष्मी की ओर से करने की बात कही। इस पर ईकाई के प्रतिनिधि विनित त्रिपाठी ने सहमति प्रदान की। इस पर एडीएम ने बेहतर कवि सम्मेलन करने के लिए सभी निर्णय की छूट दी गई। सांस्कृति संध्या के प्रायोजक अल्ट्रटेक सीमेंट कंपनी को बनाया गया। जिस पर कंपनी के कुलीन देशमुख ने सहमति प्रदान की। इसके अलावा इस आयोजन को सफल और बेहतर बनाने के लिए 16 अप्रेल को जिला मुख्यालय पर बैठक का निर्णय लिया गया।

## बैठक में की पार्टी को मजबूत बनाने पर की चर्चा




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरुपगंज।** रोहिडा के रामदेव मंदिर प्रांगण में गुरुवार को कांग्रेस मंडल कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। संगठन मंत्री कन्हैयालाल अग्रवाल ने बताया कि विधानसभा प्रभारी भरत सराधना के मुख्य आतिथ्य व ब्लॉक अध्यक्ष रामसिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें मंडल कार्यकारिणी व बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं के साथ संगठानत्मक बैठक की एवं आगामी पंचायती राज चुनाव व पालिका के चुनाव में बूथ जीतो अभियान चलाकर पार्टी को मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई। रामगढ़ के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने दलित नेता प्रतिपक्ष जुली को लेकर जो अपनी पार्टी को भावना बताकर पूरे दलित समाज का अपमान किया है उसको लेकर निंदा प्रस्ताव पास कर आहूजा के खिलाप मुकदमा दर्ज करवाने को लेकर चर्चा हुई। मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, रोहिडा मण्डल प्रकाश माली, विधनसभा यूथ अध्यक्ष अशोक गरासिया, महिला ब्लॉक अध्यक्ष परवीन बानू, राकेश रावल, राकेश रबारी, इंदरसिंह देवड़ा, भुवनेश मीणा, निक्कू रावल, गिरीश जानी, सुथिर अग्रवाल, भेराराम, कसनाराम देवासी, जयेश पटेल, बाबूभाई पुरोहित, हुसाराम गरासिया सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बैठक में की चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** भाजपा के 46वां स्थापना को लेकर भाजपा साप्ताहिक कार्यक्रम मना रही है। पिण्डवाड़ा नगर मंडल की बैठक गोगाजी मंदिर के सभाभवन में आयोजित की गई। कार्यकम संयोजक कल्पेश सोनी ने मंडल में होने वाले साप्ताहिक कार्यकमों की जानकारी दी। मण्डल अध्यक्ष संतोष गहलोत, पूर्व मंडल अध्यक्ष महावीर यति, महामंत्री हितेश रावल, महामंत्री तगाराम परमार, महामंत्री त्रिलोक प्रजापत, उपाध्यक्ष सुंदर कंवर, उपाध्यक्ष कमलेश राजपुरोहित, उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक महेंद्रसिंह डाबी, शक्ति केंद्र संयोजक राकेश सोनी, कार्यक्रम सह संयोजक एवं मंत्री जितेंद्र राजपुरोहित, शक्ति केंद्र संयोजक विक्रम राजपुरोहित, मंत्री सुशील प्रजापत, ईश्वर खंडेलवाल, सुरेंद्रसिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष शक्तिपालसिंह, अशोक रावल, पूर्व महामंत्री रमेश चौहान, लबजी भांड, जयंतीलाल प्रजापत, दिलीप जैन, बाबूलाल पुरोहित, पंकज अग्रवाल एवं नकुल ओझा मौजूद थे।



## दादी रतनमोहिनी की अंतिम यात्रा में पहुंचे हजारों लोग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** ब्रह्माकुमारी की मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी की पार्थिक देह गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गईं। हजारों लोगों ने नम आंखों से दादी का अंतिम विदाई दी। मुख्यालय शांतिवन के दादी निवास के सामने गार्डन में अंतिम संस्कार किया गया। दादी को संस्थान की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मोहिनी दीदी, संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मुन्नी दीदी, राजयोगिनी बीके संतोष दीदी, अतिरिक्त महासचिव बीके करुणा, अतिरिक्त महासचिव बीके डॉ. मृत्युंजय, दादी की निज सचिव बीके लीला दीदी सहित वरिष्ठ अन्य भाई-बहनों ने मुखाग्नि दी। सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि दादी का



जाना पूरे जिले के लिए अपूर्णीय क्षति है। गृहमंत्री अमित शाह, उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने भी शोक संदेश भेजकर दुख जताया है।

### ये भी रहे मौजूद

भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, पूर्व विधायक जगसीराम कोली, विश्व हिन्दू परिषद के प्रदेश प्रमुख राजाराम, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश चौधरी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश प्रमुख हीराराम बारड़, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश कोठारी, पूर्व जस्टिस वी. ईश्वरैय्या, ग्वालियर से आए सिविल जज शिवकांत कुशवाहा सहित देश-विदेश से आए पांच हजार से अधिक लोगों ने दादी को मुखाग्नि दी।

# जीत की पटरी पर उतरना चाहेगी चेन्नई

## केकेआर के खिलाफ कई चुनौतियां



**नई दिल्ली।** लगातार हार से बेजार चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल में अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में केकेआर की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। चेन्नई की टीम को अभी तक पांच मैच में से चार में हार का सामना करना पड़ा है। इसलिए यह मैच उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण बन गया है। उसे अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स से 18 रन से पराजय का सामना करना पड़ा था। चेन्नई की टीम अब अपना भाग्य बदलने के उद्देश्य से अपने घरेलू मैदान पर खेलने के लिए उतरेगी। उसे हालांकि अभी तक यहां के विकेट से उतनी मदद नहीं मिली है जैसे कि अतीत में मिला करती थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़ी हार के बाद चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने पिच को लेकर अपनी नाराजगी खुलकर व्यक्त की थी।

### फिर से होगी धोनी पर नजर

चेन्नई की पिछली सफलताओं में उसका घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन रहा है लेकिन अब यहां की पिच काफी बदल गई है और उसके खिलाड़ी इससे सामंजस्य नहीं बिठा पा रहे हैं। चेन्नई को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसके खिलाड़ियों को जल्द से यहां की परिस्थितियों से तालमेल बिठाना होगा। यही नहीं उसके स्पिन गेंदबाजों को सफलता हासिल करने का तरीका ढूंढना होगा। सभी की निगाहें फिर से महेंद्र सिंह धोनी पर टिकी रहेगी।

### बल्लेबाज लौट रहे फॉर्म में

चेन्नई की टीम के लिए अच्छी बात यह है कि डेवोन कॉन्वे, रचिन रवींद्र और शिवम दुबे जैसे बल्लेबाजों ने लय हासिल करने के संकेत दिए हैं। लेकिन कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ से बड़ी पारी की दरकार है। चेन्नई का गेंदबाजी कमोबेश वैसा ही रहेगा, जिसमें खलील अहमद, मुकेश चौधरी और मथीशा पथिराना तेज गेंदबाजी विभाग संभालेंगे। जबकि रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और नूर अहमद पर स्पिन विभाग की जिम्मेदारी होगी।

### केकेआर के सामने चैलेंज

जहां तक कोलकता नाइट राइडर्स का सवाल है तो वे तीन दिन पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मिली करीबी हार से उबरने और इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, इससे पहले जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगे। उनके गेंदबाजों को ईडन गार्डन्स में लखनऊ के बल्लेबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा था। उन्हें यहां अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। बल्लेबाजी में नाइट राइडर्स का दारोमदार फिर से क्विंटन डी कॉक, सुनील नारायण, कप्तान अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों पर रहेगा। अगर अंक तालिका में वर्तमान स्थिति का जिक्र करें तो चेन्नई चार हार और एक जीत के बाद नौवें स्थान पर, जबकि केकेआर पांच मैचों में दो जीत और तीन हार के साथ छठे स्थान पर है।

### संभावित टीमें

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नारायण, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), अंगकृष रघुवंशी, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा, स्पेंसर जॉनसन, वरुण चक्रवर्ती, एनरिक नॉर्टजे, वैभव अरोड़ा, अनुकूल रॉय, लवनीथ सिसोदिया, मोइन अली, रोवमैन पॉवेल, मयंक मारकंडे, रहमानुल्लाह गुरबाज और चेतन सकारिया।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेट कीपर), रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रवींद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुडा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्दार्थ।

# ओलंपिक में क्रिकेट की एंट्री




**नई दिल्ली।** ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने को लेकर काफी समय से चर्चा चल रही थी। कई दौर की चर्चा के बाद, अब आखिरकार मुंबई में हुए इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) के 141वें सत्र के दौरान क्रिकेट को आधिकारिक तौर पर एंट्री मिल गई है। इस खेल को 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक में शामिल करने की मंजूरी दे दी गई है। इसके साथ ही, 128 साल के बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी होने जा रही है। आखिरी बार साल 1900 के एडिशन में ओलंपिक में क्रिकेट खेला गया था, और अब 2028 में इसे फिर से शामिल किया जाएगा। लेकिन इससे पहले यह जान लेना जरूरी है कि इसमें कितनी और कौन-सी टीमें हिस्सा लेंगी? उन्हें ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने के लिए क्या करना होगा? आइए जानते हैं हर डिटेल।

### 6-6 टीमें, टी20 फॉर्मेट

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) में 12 फुल मेंबर देश हैं, जबकि 94 एसोसिएट देश शामिल हैं। हालांकि, आईओसी ने लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 में पुरुष और महिला वर्ग की 6-6 टीमों को शामिल करने की मंजूरी दी है, जिन्हें टी20 फॉर्मेट में मेडल के लिए प्रतिस्पर्धा करनी होगी। इसके अलावा, दोनों वर्गों में 90-90 एथलीट्स के कोटा की भी मंजूरी मिली है। यानि हर टीम ओलंपिक के लिए 15 सदस्यीय स्क्वॉड की घोषणा कर सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईओसी ने पहले ही आईसीसी से कह दिया था कि टूर्नामेंट में क्रिकेट की क्वालिटी टॉप-क्लास होनी चाहिए। यही वजह है कि आईसीसी ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ 6-6 टीमों को शामिल करने का प्रस्ताव

### कैसे करेंगी क्वालिफाई?

ओलंपिक के लिए सिर्फ 6 टीमें ही क्वालिफाई कर पाएंगी, लेकिन इसके लिए अभी क्वालिफिकेशन क्राइटेरिया तय नहीं किया गया है। हालांकि, रिपोर्ट्स के अनुसार, मेजबान होने की वजह से अमेरिका की टीम को सीधी एंट्री मिल सकती है। इसके बाद, बची हुई 5 जगहों के लिए आईसीसी की रैंकिंग के आधार पर टीमों का चयन हो सकता है। इसका मतलब है कि आईसीसी की टॉप-5 टीमें ओलंपिक में शामिल हो सकती हैं। इसके लिए एक कट-ऑफ डेट भी तय की जा सकती है। क्रिकेट की एंट्री के बाद लॉस एंजेलिस ओलंपिक और भी ज्यादा खास हो गया है। खेलों का यह महाकुंभ अब चर्चा का विषय बन चुका है। 2028 के ओलंपिक में क्रिकेट समेत कुल 351 मेडल इवेंट्स होंगे, जबकि पेरिस ओलंपिक में 329 मेडल इवेंट्स आयोजित किए गए थे।

# आईपीएल 2025: सिर्फ लगे दो शतक




**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग में कई टीमों ने शतक लगाया है। इस सीजन में भी अभी तक दो शतक लग चुके हैं। वैसे ओवरऑल आंकड़ों की बात करें तो लिस्ट में टॉप-3 पर जो टीमें हैं, उनमें से किसी ने भी खिताब नहीं जीता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने एक बार भी खिताब नहीं जीता है। लेकिन सबसे ज्यादा शतकों के मामले में यह टीम टॉप पर है। विराट कोहली ने कुल पांच आईपीएल शतक लगाए हैं, जिसमें चार तो एक ही सीजन में आए थे। आरसीबी की तरफ से कुल 19 शतक लग चुके हैं। राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल में कुल 17 शतक लगाए हैं। इस टीम में जॉस बटलर सबसे आगे हैं। हालांकि इस सीजन में बटलर गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं। पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2025 का शानदार आगाज किया है। पंजाब की तरफ से प्रियांश आर्या ने शतक लगाया है। आईपीएल में कुल शतकों की बात करें तो पंजाब की टीम के नाम 16 शतक हैं। हालांकि टीम ने एक बार भी आईपीएल नहीं जीता है। दिल्ली की टीम इस लिस्ट में चौथे नंबर पर है। दिल्ली की तरफ से अभी तक कुल 10 शतक लगे हैं। इस सीजन में अभी तक दिल्ली एक भी मैच नहीं हारी है। चेन्नई सुपर किंग्स ने पांच बार आईपीएल का खिताब जीता है। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा शतकों की बात करें तो उसकी तरफ से 10 बार यह कारनामा हुआ है।

## मैं थाला फैन था, हूं और रहूंगा

# अंबाती रायुडू का ट्रोलर्स को करारा जबाव



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 शुरु होने के साथ ही अंबाती रायुडू के लफड़े होने शुरु हो गए हैं। सोशल मीडिया पर रायुडू को इस वक्त जमकर ट्रोल किया जा रहा है क्योंकि आईपीएल के 18वें सीजन में जहां एक ओर चेन्नई लगातार मैच हारती जा रही है तो दूसरी ओर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस सीजन में सारे मैच जीतती जा रही है। अंबाती रायुडू हमेशा से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की आलोचना और चेन्नई सुपर किंग्स की प्रशंसा करने के लिए जाने जाते हैं। रायुडू ने सोशल मीडिया पर एक ट्वीट किया। रायुडू ने लिखा, "मैं थाला फैन था, थाला फैन हूं और हमेशा एक थाला फैन ही रहूंगा। कोई कुछ भी सोचे या करे मुझे इससे 1% भी फर्क नहीं पड़ता। तो कृपया इस तरह के पेड पीआर पर पैसा खर्च करना बंद करें और उसे दान में दें। इससे बहुत से लोगों को लाभ मिल सकता है।"

# सैमसन पर 24 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** संजू सैमसन की अगुआई वाली राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने आईपीएल 2025 का अपना तीसरा मैच गंवा दिया। वे बुधवार रात अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ 200 से अधिक रन के लक्ष्य का पीछा करने में नाकामयाब रहे। लेकिन टीम को धीमी ओवर-रेट बनाए रखने का दोषी पाया गया। जिसके परिणामस्वरूप उनके कप्तान पर बीसीसीआई (बीसीसीआई) द्वारा भारी वित्तीय जुर्माना लगाया गया। बीसीसीआई के एक बयान में कहा गया, "चूंकि यह उनकी (सैमसन) टीम का आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत इस सीजन का दूसरा अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए सैमसन पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।" इसमें कहा गया है, "इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, उतनी राशि जुर्माना लगाया जाएगा।" आरआर को धीमी ओवर-रेट के लिए उनके फील्डिंग के दौरान भी दंडित किया गया था क्योंकि उन्हें नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस इनिंग के अंतिम ओवर के दौरान सर्कल के बाहर एक कम फील्डर की अनुमति दी गई थी।



▶▶ आरआर की स्लो गेंदबाजी पर बीसीसीआई की कार्रवाई

# म नो रं ज न

# कपिल हुए पतले



हाल ही में कॉमेडियन कपिल शर्मा का मुंबई एयरपोर्ट पर एक वीडियो वायरल होने के बाद बहस शुरू हो गई। क्लिप में कॉमेडियन काफी पतले दिख रहे हैं और उनके वजन में भारी कमी ने प्रशंसकों को चिंतित कर दिया है। क्लिप में कपिल आरामदायक एथलेटिक आउटफिट पहने हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने अपने लुक को ब्लैक ग्लेयर्स और सफेद और ग्रे जूतों के साथ पेयर किया। अभिनेता-कॉमेडियन ने एयरपोर्ट पर पैपराज़ी के लिए पोज़ दिया। प्रशंसक उनके वजन में कमी को नोटिस किए बिना नहीं रह सके। एक प्रशंसक ने लिखा, "कितना ज़्यादा वजन कम कर लिया है कपिल शर्मा ने।" कुछ लोगों ने कपिल की सेहत पर भी सवाल उठाए। एक कमेंट में लिखा था, "वह अस्वस्थ दिख रहे हैं।" प्रशंसकों ने कपिल के वजन घटाने की तुलना फिल्म निर्माता करण जौहर से भी की। "बॉलीवुड में एक नया चलन चल रहा है, हर कोई इतना पतला होता जा रहा है, पहले करण जौहर और अब वह।" इससे पहले, जब करण जौहर ने अपना वजन कम करते हुए मिरर सेल्फी पोस्ट की थी, तब भी प्रशंसकों ने इसी तरह की प्रतिक्रिया दी थी। हालांकि,करण ने ओजम्पिक लेने के दावों को स्पष्ट किया और कहा, "स्वस्थ रहना, सही खाना, व्यायाम करना, अच्छा दिखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना - यही सब कुछ है।" टेलीविजन अभिनेता राम कपूर ने भी हाल ही में अपने वजन में भारी कमी के लिए सुर्खियाँ बटोरीं; उन्होंने भी ओजम्पिक लेने की अफवाहों को खारिज कर दिया।

# धमाल 4 का एलान

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन रितेश देशमुख, संजय दत्त, अरशद वारसी स्टारर 'धमाल' सभी फ्रेंचाइजी की दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है। वहीं फैंस इस फिल्म के चौथे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक्टर ने



अपने एक्स अकाउंट पर अपनी अपकमिंग फीचर धमाल 4 पर आधिकारिक अपडेट शेयर किया। अजय देवगन ने एक्स पर फिल्म धमाल 4 का एलान किया हैं। इसके साथ एक्टर ने फिल्म की स्टारकास्ट की तस्वीरें भी शेयर की। पहली तस्वीर में वह जावेद जाफरी, अंजलि आनंद, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और संजीदा शेख के साथ नजर आए।

# सनी की जाट ने मचाया गदर




सनी देओल और रणदीप हुड्डा की फिल्म 'जाट' 10 अप्रैल को रिलीज हो चुकी हैं। फिल्म में सनी देओल एक्शन करते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म जाट की कहानी 2009 में श्रीलंका के युद्ध प्रभावित इलाकों से शुरू होती है। रणदीप हुड्डा का किरदार रणतुंगा अराजकता के दौरान एक छिपा हुआ खजाना पाता है। यह खजाना सभी अपराध और हिंसा की जड़ बन जाता है। अपने खतरनाक भाई सोमुलु विनीत कुमार सिंह) के साथ रणतुंगा एक आपराधिक साम्राज्य का निर्माण शुरू करता है। सनी देओल ने जाट की भूमिका निभाई है, जो एक साधारण दिखने वाला व्यक्ति है जो न्याय की मांग करने वाले तूफान में बदल जाता है। उनका किरदार शक्तिशाली खलनायक रणतुंगा के खिलाफ लड़ता है। सनी देओल ने एक बार फिर अपनी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस से लोगों का दिल जीत लिया है। उनका उग्र एक्शन एकदम संतुलित है।



# होठों पर चिपकाया टेप और फिर किस...

'मैंने प्यार किया' से लेकर 'वांटेड' और एक था टाइगर तक सलमान खान ने अभिनेत्रियों के साथ रोमांस किया, लेकिन दूर से। हालांकि, एक बार वो ऐसी स्थिति में आ गए थे, जहां उन्हें अपने से 27 साल छोटी एक्ट्रेस को लिपकिस करना था, क्योंकि ये उनकी फिल्म के एक सीन का हिस्सा था। दबंग खान एक्ट्रेस के साथ लिपलॉक सीन नहीं देना चाहते थे, इसलिए उन्होंने ऐसा जुगाड़ किया कि फैन्स भी उनके कायल हो गए। प्रभु देवा ही वो डायरेक्टर थे, जिन्होंने साल 2008 में सलमान खान के डूबते करियर को बचाया था। उन्होंने दबंग खान को 'वांटेड' के साथ एक एक्शन हीरो के तौर पर पेश किया था। फिल्म सुपरहिट हुई, जिसके बाद दोनों ने दबंग 3 में साथ काम किया और यह फिल्म भी हिट रही। इसके बाद सलमान-प्रभु देवा की जोड़ी फिल्म राधे में बनी जो 2021 में सिनेमाघरों में आई,इस फिल्म में सलमान खान के अपोजिट दिशा पटानी को कास्ट किया गया था। फिल्म में एक सीन था जिसमें एक्टर को दिशा पटानी के साथ लिपलॉक करना था। हालांकि, सलमान अपनी पॉलिसी नहीं तोड़ना चाहते थे, जिसके चलते उन्होंने एक्ट्रेस के होठों को टेप से चिपका दिया और फिर उनके होठों पर किस कर लिया। दरअसल यह सीन एक शैडो में दिखाया गया है, जिसमें वह अपने से 27 साल छोटी दिशा के होठों को किस करते नजर आए। उनके किसिंग सीन वायरल होने के बाद हर कोई हैरान है कि सलमान ने जो 32 साल तक नहीं किया, वह कैसे कर दिया। एक यूजर ने लिखा, "मेगास्टार सलमान खान ने 32 साल में पहली बार किसी फिल्म में ऑनस्क्रीन किस किया है"। आपको बता दें कि सलमान खान-दिशा पटानी की यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी।



# फ्लॉप स्टार किड्स, भड़के अभिमन्यु



स्टार किड्स की फिल्में फ्लॉप हो रही है। सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान की 'नादानियां' को खराब रिव्यूज मिले। आमिर खान के बेटे जुनैद खान की 'लवयापा' ट्रोल्स का शिकार बन गई। अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की फिल्म 'आजाद' बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई। ऐसे में 'एल2 एम्पुरान' के एक्टर अभिमन्यु सिंह ने नेपोटिजम पर एक इंटरव्यू में कहा, "बड़े-बड़े लोग बिना काम के बेकार बैठे हैं। अगर बॉलीवुड नेपोटिजम पर चलता तो सभी सुपरस्टार्स के बच्चे सुपरस्टार होते। नेपोटिजम स्टार किड्स को फिल्म प्रोड्यूसर्स से मिलवाने में मदद कर सकता है क्योंकि उनके पैरेंट्स उनसे परिचित हैं, लेकिन अंत में सिर्फ काम बोलता है। अगर काम नहीं आता तो सक्सेस हासिल नहीं कर पाओगे।" "आपको सिर्फ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। ये दुनिया निष्पक्ष जगह नहीं है। हर किसी को उसका हक नहीं मिलता। मैं इस बात से सहमत हूं कि अच्छे टैलेंट को आगे लाना चाहिए। हमारे पास बहुत टैलेंट है, लेकिन टैलेंट सही जगह तक पहुंच नहीं पा रहा है। आप चाय की दुकान पर चले जाइए आपको एक से बढ़कर एक टैलेंटेड राइटर मिल जाएंगे।" उन्होंने आगे कहा, "प्रोड्यूसर्स टैलेंटेड लोगों का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन टैलेंटेड लोग उन तक पहुंच नहीं पा रहे हैं। सोचो अगर फिल्म इंडस्ट्री में इतने टैलेंटेड लोग हैं, तो वे ऊंचाइयों तक क्यों नहीं पहुंच पा रहे हैं? हमें साउथ की फिल्मों का रीमेक बनाने की क्या जरूरत है? क्या दिमाग घास चरने चला गया है? हम कहानी नहीं लिख सकते?"

## चौबीसवें तीर्थंकर महावीर स्वामी का 2624 वां जन्मोत्सव मनाया

# वरघोड़ा निकाला, जगह जगह हुआ स्वागत सत्कार, जैकारे लगे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्मोत्सव गुरुवार को जिलेभर में उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। सुबह शहर में शोभायात्रा निकली। जो विभिन्न मार्गों से होते हुए निकली। शोभायात्रा में नाचते गाते हुए नंदीश्वर दीप जैन मंदिर पहुंची। जहां दिन भर कार्यक्रम हुए। सुबह जैन समाज ने प्रभात फेरी(शोभायात्रा) का आयोजन किया । शोभायात्रा मुख्य बाजार के तपावास स्थित भगवान महावीर स्वामी पंच शिखरी जैन मंदिर से 7.30 बजे शोभायात्रा रवाना होकर गांधी चौक, सूरज पोल, अस्पताल चौराहा व जिला कलेक्ट्रेट रोड से होते हुए श्री नंदीश्वर द्वीप जैन मंदिर (जैन बोल्डिंग) पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा के दौरान बीच में आने वाले जैन मंदिर में पूजा पाठ व दर्शन कर शोभायात्रा आगे निकली। शोभायात्रा में भगवान महावीर स्वामी के रथ के साथ जैन समाज के लोग जैन धर्मावलम्बी जयकारें लगाते हुए और भजन गाते हुए चल रहे थे। इस दौरान जैन समाज के छोटे-छोटे बच्चे बैंड बजाते हुए शोभायात्रा के आगे आगे चल रहे। इस दौरान जगह-जगह लोगों फूल बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया।



**सायला।** शहर में गुरुवार को जैन समाज सायला की ओर से महावीर जयंती के अवसर पर वरघोड़े के आयोजन किया गया। वरघोड़े को लेकर जैन समाज के श्रावक श्राविकाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर आम चौहटे पर स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर पहुंचे। जहां पर वरघोड़े के निमित चढ़ावे बोले गए। इसके बाद ढोल ढमाको के साथ वरघोड़ा रवाना हुआ। वरघोड़े में रथ पर भगवान महावीर की तस्वीर विराजमान थीं। वहीं ढोल थाली की धुन पर श्रावक श्राविकाएं भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए झूमते हुए चल रहे थे। जबकि सुसज्जित घोड़ों पर लाभार्थी परिवार जिनशासन की पताका लहराते हुए चल रहे थे। वरघोड़ा जैन मन्दिर से रवाना होकर पोस्ट ऑफिस रोड, पुराना बस स्टैंड होते हुए सुपार्श्वनाथ जैन मन्दिर पहुंचा। जहां पर मंदिर में दर्शन कर शीश नवाकर पूजा अर्चना की गई। महिलाओं ने मंगल गीत गाए। इसके बाद प्रभावना का वितरण किया गया। इस दौरान कुईयालाल कबदी, मांगीलाल लुंकड़, चंपालाल जैन, संघवी मांगीलाल फोलामुथा, महेंद्र चौपडा, गौतम कबदी, नागेश जैन, वस्तुपाल जैन, रमेश कबदी, किरण जैन, महेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, उत्तमचन्द जैन सहित समाजबन्धु मौजूद थे।



**भीनमाल।** भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। जिसमे जैन समाज के बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमे दर्शन-पूजन, शोभा यात्रा, प्रवचन व पूजा शामिल थे। शोभायात्रा स्थानीय जैन मंदिर प्रांगण से शुरू हुई,जो शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होकर निकाली गई। शोभायात्रा में हजारों श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया और जयकारे लगाए। शोभा यात्रा में ढोल-थाली, रथ, बेंड-बाजे और घोड़े लवाजमे में शामिल थे।

### प्रवचन और पूजा का आयोजन

जैन साध्वी नयनप्रभा महाराज ने अपने प्रवचन में भगवान महावीर के सिद्धांतों का वर्णन किया और उनके मार्ग पर चलने की सीख दी। शाम को 108 दीपक की महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें शहर और आसपास के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर सुखराज बाबूलाल नाहर की तरफ से स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोहनीदेवी सुखराज नाहर का महावीर स्वामी जैन मंदिर ट्रस्ट की तरफ से बहुमान किया गया।

### यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर मुकेश बाफना, माणकमल भंडारी, पुखराज कांनूगो, कान्तिलाल बोहरा,रमेश बोहरा, धनपतराज बोहरा, जांवतराज मेहता, धनराज संघवी, भंवरलाल बाफना, हुक्मराज मेहता, भंवरलाल बोहरा, सुमेरमल वाणीगोता, राजेन्द्र घोकड, दौलतराज बाफना, दलीचंद सिंघवी, मफतलाल, पृथ्वीराज बाफना, हीरालाल जोगाणी, सुनील जैन व हसमुख वर्धन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद थे।

## हनुमान जन्मोत्सव

# मेरिवा मंदिर में होंगे भव्य धार्मिक आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** कस्बे के समीप रेवदर रोड स्थित प्रसिद्ध मेरिवा हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्रीराम सेना जसवंतपुरा के तत्वावधान में आयोजित इस पर्व पर मंदिर परिसर में भक्तिपूर्ण वातावरण बनेगा, जहां दिनभर विविध धार्मिक कार्य मों की धूम रहेगी। हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर मंदिर प्रांगण में विशाल भक्ति संध्या का आयोजन होगा। जिसमें प्रसिद्ध भजन कलाकारों द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही मंदिर में विशेष पूजन, भोग अर्पण, संगीतमय सुंदरकांड पाठ, ध्वजारोहण और प्रातःकालीन महाआरती जैसे अनेक धार्मिक कार्य म संपन्न होंगे।



मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी और सजावटी सामग्री से आकर्षक रूप दिया गया है। भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए श्रीराम सेना की ओर से पेयजल, पार्किंग और जनसेवा के लिए स्थानीय वालंटियर्स की विशेष व्यवस्था की गई है। हनुमान भक्तों में उत्सव को लेकर खासा उत्साह है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना जताई जा रही है।

## त्रि-दिवसीय कार्यक्रम का आगाज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** रेलवे स्टेशन के सामने स्थित बाल हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय यज्ञ का आगाज गुरुवार गजीपुरा प्रेमभारती महाराज व हनुमान मंदिर के महंत कपिलगिरी महाराज के सान्निध्य और आचार्य शास्त्री यशवंत व्यास की उपस्थिति में हुआ। यज्ञ के पहले दिन गणपति पूजा के मुख्य यजमान पारस माली की ओर से भगवान का पूजन किया और गणपति पूजा की। कार्यक्रम के दौरान बाल हनुमान की मूर्ति पुनः स्थापित की जाएगी।

# घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग, तल्ख हुए सांसद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** सांसद लुम्बाराम चौधरी गुरुवार को निर्माणाधीन एलीवेटेड रोड का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पिलरों में आई दरारें देख कर गहरी नाराजगी जताते हुए बोले ऐसा घटिया निर्माण कार्य कर रहे हो। जो इस प्रकार नहीं चलेगा, सांसद चौधरी ने मौके पर ही अधिकारियों और ठेकेदार को फटकार लगाते हुए सवाल किया कि जब अभी से दरारें दिख रही हैं तो पिलर टिकेंगे कैसे?, उन्होंने दरारों को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए कि फिलहाल दिखने वाली दरारों को ठीक करने के लिए नए तरीके से कार्य किया जाय। उसमें किसी प्रकार का सीमेंट का लेप नहीं किया। सांसद ने कहा कि इस सांचौर की जनता एक तरफ पुल के निर्माण के लिए चलने वाले कार्य से उड़ने वाली धूल से परेशान है, दूसरी तरफ आप कार्य को ठीक ढंग से नहीं कर रहे हो। उन्होने इस प्रकार की कोताही किसी भी परिस्थिति में सहन नहीं होगी।



### बिना डीपीआर कार्य शुरू कैसे?

सांसद लुंबाराम चौधरी एनएचएआई व कंपनी अधिकारियों की बैठक लेकर एलीवटेड निर्माण की प्रगति को लेकर जानकारी ली। इस दौरान बड़सम पुलिए के निर्माण को लेकर डीपीआर नहीं बनने को लेकर अधिकारियों व कंपनी की लापरवाही को लेकर लताड़ लगाई। उन्होंने कहा कि जब इतना बड़ा कार्य होने के बावजूद विभाग एक मात्र बड़सम नाले की डीपीआर में बड़ी लापरवाही क्यों बरती गई। उन्होंने इस मामले की जांच की बात कहते हुए इसे जल्द स्वीकृत करवाने का भरोसा दिलाया।

इस दौरान विभाग के उच्चाधिकारियों से मौका स्थल पर बातचीत कर डीपीआर के आधार पर कार्य करने की हिदायत दी। सांसद ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता का नहीं हुआ, तो संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता के पैसों से हो रहे विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान सांसद के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित, सांवलाराम देवासी, राजेन्द्रसिंह, छोगाराम चौधरी सहित कई जने मौजद रहे।

### जबाब नहीं दे पाए कंपनी अधिकारी

सांसद चौधरी ने एलीवेटेड के पिलर निर्माण के दौरान फिनिंशिंग व पिलरों में दिखने वाली दरार को लेकर जब सवाल किया तो कुछ जवाब नहीं दे पाए। सांसद ने कहा कि पिलरों में जगह-जगह जहां पर दरारें दिख रही थी, जिसको ढकने के लिए सीमेंट से लेप कर पर्दा डालने का कार्य किया जा रहा है जो गुणवता के साथ किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सांसद के साथ प्रशासनिक अधिकारी, नगर परिषद प्रतिनिधि और स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

# युवक कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन, बोले महंगाई पर अंकुश नहीं



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** एडीएम व एसडीएम कार्यालय के बाहर युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव एडवोकेट श्रवण ढाका के नेतृत्व में एनडीए सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। एडवोकेट ढाका ने बताया कि भाजपा सरकार ने एक बार फिर एलपीजी, गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल,घरेलू सामान,सोना -चांदी की कीमतों में वृद्धि की है। जिससे आम जनता और भारत की निचली और मध्यम वर्ग की आबादी का जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है । ढाका ने बताया कि गुरूवार को एडीएम कार्यालय के बाहर एनडीए सरकार के खिलाफ महंगाई के विरोध में नारेबाजी व उग्र प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट भावेश देवासी, छात्रनेता कृष्ण मेघवाल, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष हितेश पारंगी, राजपाल बिश्नोई, भरत कुमार, हरचंद नांदिया, इमरान खान, अभिमन्यु परमार, दिनेश जयपाल, अमृत दर्जी, पहाड़सिंह राव, राकेश पंवार व रतनाराम बागरी, सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राजीव गांधी भवन का लोकार्पण और कार्यकर्ता सम्मेलन 15 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला कांग्रेस के पुन निर्मित राजीव गांधी भवन का लोकार्पण एवम जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आगामी 15 अप्रेल को सुबह 10.30 बजे आयोजित होगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने बताया कि लोकार्पण कार्यक्रम एवम कार्यकर्ता सम्मेलन को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टिकाराम जुली, एआईसीसी सचिव रित्विक मकवाना, प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश जांगिड़, लोकसभा प्रत्याशी वैभव गहलोत, पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, भीनमाल विधायक डॉ समरजीत सिंह राठौड़, रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी,जालोर कांग्रेस प्रत्याशी रमिला मेघवाल, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश और जिला पदाधिकारी, वर्तमान एवम पूर्व जनप्रतिनिधि, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, बूथ स्तरीय कार्यकर्तागण,अग्रीम संगठन एवम प्रकोष्ठों विभाग के पदाधिकारियों सहित जिले के तमाम कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए विभिन्न ब्लॉकों एवम मंडलों की बैठक का दौर जारी है। यह जानकारी कांग्रेस जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने दी।

## डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर रक्तदान शिविर 14 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले व संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मरुधरा ब्लड सेंटर, भीनमाल की ओर से एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन 14 अप्रेल को सवेरे 10 बजे से शाम 6 बजे होगा। आयोजन का उद्देश्य सामाजिक सेवा को बढ़ावा देना और जरूरतमंदों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

# विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक स्थलों का भ्रमण




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेवड़ी के विद्यार्थियों ने हरित राजस्थान योजना के तहत जोधपुर में कई शैक्षिक स्थलों का भ्रमण किया। इस विजिट में माचिया जैविक उद्यान, कायलाना झील, सब रीजनल साइंस सेंटर, केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान और शुष्क वन अनुसंधान संस्थान शामिल थे। माचिया जैविक उद्यान में पशु-पक्षियों और जंगली जानवरों को देखा। जिनमें बब्बर शेर, नील गाय, मगरमच्छ, भालू और लोमड़ी शामिल हैं। इसके बाद विद्यार्थियों ने कायलाना झील में बोटिंग का आनंद लिया। सब रीजनल साइंस सेंटर से विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित मॉडल की जानकारी प्राप्त की। जिनमें वर्षा जल संरक्षण, मानव विकास संबंधित अवस्था और भारत में शून्य, त्रिगुण, विश्व और भारतीय सभ्यता का केलैंडर शामिल हैंइसी प्रकार केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान में विद्यार्थियों ने शुष्क क्षेत्रों में की जाने वाली खेती और मिट्टियों के प्रकार और गुणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। शुष्क वन अनुसंधान संस्थान में विद्यार्थियों ने उन्नत किस्म के बीज, बागवानी और औषधीय पौधों की जानकारी प्राप्त की।

### विजिट का उद्देश्य

विजिट का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण की समझ विकसित करना और विज्ञान के अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ाना था। विजिट के बाद, विद्यार्थियों ने विज्ञान के प्रति अधिक रुचि दिखाई और विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विजिट के अंतिम पड़ाव में, विद्यार्थियों ने एक रिजॉर्ट में वॉटर पार्क, झूले, टॉय ट्रेन और देशी मारवाड़ी खाने का आनंद लिया। यह विजिट विद्यार्थियों के लिए एक यादगार अनुभव था।

## भाजपा स्थापना दिवस: कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व व जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के निर्देशानुसार भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष पर मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के तहत भाजपा नगर मंडल ने कई स्थानों पर सेवा कार्य किए गए। पूर्व नगर अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने बताया कि कार्यक्रम नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी के निर्देशन में किए गए। जिला मुख्यालय पर हर बूथ पर कार्यक्रम करने के लिए बूथ अध्यक्षों को सामग्री वितरण की गई साथ ही भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रचार किया गया। सोलंकी ने साथ ही सभी को भगवान महावीर जयंती की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान बूथ अध्यक्ष दिनेश बारोट, रामाराम माली, चतराराम गहलोत, दिलीप सोलंकी, सुरेश चौधरी, अशोक गुर्जर, मनीष परमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्वच्छता अभियान एवं वरिष्ठ जनों का किया सम्मान



**भीनमाल।** भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के निर्देशानुसार भाजपा नगर मंडल की ओर से स्थापना सप्ताह के तहत गुरुवार को महेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई व भाजपा भीनमाल वरिष्ठजन का दुपट्टा व माला से सम्मान किया। जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता बद्रीनारायण गौड़, पूर्व नपा अध्यक्ष जवाहरमल परमार, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष गुमानसिंह राव, के.के.शेठ, पूर्व नपा अध्यक्ष तेजराज मेहता व वरिष्ठ भाजपा नेता शेखर व्यास का सम्मान किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष महेन्द्र सोलंकी, संयोजक भरतसिंह भोजाणी, सहसंयोजक व नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका भीनमाल प्रवीण एम दवे, भरतसिंह राव, कुलदीप याज्ञी, सुरेश वोरा,भरत महेश्वरी, ओमप्रकाश सुन्देशा,राजमल परमार, इन्द्रसिंह राव, विकास सोलंकी, हकसिंह राव, नरपतसिंह राव, भवानी शर्मा, दिनेश सोनी व प्रकाश सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पशु पक्षियों के हलक तर की कवायद, तालाबों व खेलियों में पानी भरने को आगे आए समाजसेवी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** जिले में इन दिनों तन झुलसा देने वाली गर्मी पड़ रही है। इंसान तो इंसान पशु पक्षी भी इस भीषण गर्मी में बेहाल नजर आ रहे हैं। ऐसे में समाजसेवी सज्जन सिंह राव ने अपने फार्म हाउस के पास बने एनिकेट व तालाब में अपने कुएं से पाइपलाइन लगाकर पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था कर राहत पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इस पुनीत कार्य के लिए राव ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बजट सत्र में कहा था कि बेजुबान पशु पक्षियों के लिए अपने आसपास तालाबों व खेलियों में पानी की व्यवस्था कर उनको राहत पहुंचाने का पुनीत कार्य करें। उन्होंने कहा कि आसपास पशु खेलियों में पानी भरवाया जा रहा है। इससे प्रचण्ड गर्मी में पशुओं को पीने का पर्याप्त पानी उपलब्ध हो रहा है। इस व्यवस्था से सिलासन व रामपुरा के ग्रामीणों ने समाजसेवी राव की सराहना की है। राव जलाराम सेवा संस्थान के अध्यक्ष हैं एवं कई सालों से रानीवाड़ा भीनमाल रोड पर हर साल राहगीरों के लिए एक महीने तक रामरसोड़े का संचालन भी करवाते हैं । राव वर्तमान में अपना व्यवसाय मद्रास में कर रहे हैं लेकिन सामाजिक कार्यों में समय-समय पर अपने जन्मभूमि आकर सेवा का कार्य करते रहते हैं। समाजसेवी राव ने बताया कि यहां हर शाम को यहां का नजारा बहुत ही मनमोहक होता है यहां पर प्यास बुझाने के लिए हिरण, नीलगाय, खरगोश, मोर, तीतर, चिड़िया, टिहरी सहित कई अन्य जंगली जानवर भी रात के समय अपनी प्यास बुझाने यहां पर आते हैं।

पेयजल समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री ने ली मैराथन बैठक

गर्मी में जनता को पानी के लिए परेशान होना पड़ा, तो जिम्मेदारों की खैर नहीं

# 15 मई से पहले हर हाल में पूरे करें पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ीकरण के सभी कार्य: सीएम भजनलाल शर्मा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तापमान में अचानक हुई बढ़ोतरी के बाद पेयजल की मांग और उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा के लिए गुरुवार दोपहर मुख्यमंत्री निवास पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ लंबी बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्मी में जनता को अगर पानी के लिए परेशान होना पड़ा, तो जिम्मेदार अफसरों की खैर नहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के दिनों में गर्मी तेजी से बढ़ी है, ऐसे में आमजन को बढ़ी हुई मांग के अनुसार पर्याप्त पेयजल मुहैया करवाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जिला कलक्टर्स कंटीन्जेंसी प्लान के अनुसार पेयजल प्रबंधन स्वयं की देखरेख में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शहरी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी की किसी तरह की किल्लत नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि अंतिम छोर के उपभोक्ताओं को भी पेयजल की कोई दिक्कत नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पीएचईडी के फील्ड अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्यालय पर उपस्थित रहें और बिना सक्षम अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ें।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव (पीएचईडी) भास्कर ए. सावंत ने बताया कि विभाग की वृहद परियोजनाओं में कार्ययोजना बनाकर समयबद्ध तरीके से इनके कार्य करवाए जा रहे हैं। अक्टूबर 2025 तक 59 परियोजनाओं के लिए 44 हजार 889 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी जाएगी। इसके लिए फंड की व्यवस्था में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। हुडको, आरईसी जैसी संस्थाओं के माध्यम से भी ऋण की व्यवस्था की जा चुकी है। बढ़े हुए जल शुल्क की अधिसूचना जारी की जाकर हुडको से ऋण प्राप्त करने की कार्रवाई जारी है।

बैठक के दौरान पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

### » तेजी से पूरे करें नए हैण्डपम्प, नलकूप लगाने और पुरानों की मरम्मत के काम

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि गर्मी को देखते हुए नए हैण्डपम्प, नलकूप लगाने, पुराने हैण्डपम्प, नलकूपों की मरम्मत, पाइपलाइनों को दुरस्त करने सहित पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ीकरण के सभी कार्य के 15 मई से पहले हर हाल में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि पेयजल समस्या के समाधान के लिए जिला कलक्टरों को एक-एक करोड़ रुपए का अनटाइड फंड उपलब्ध करवाया गया है। अधिकांश जिलों में इस फंड का उपयोग करते हुए स्वीकृतियां जारी कर कार्य शुरू कर दिये गए हैं। उन्होंने शेष जिलों के जिला कलक्टरों को भी स्वीकृतियां शीघ्र जारी कर कार्य दी गई समयसीमा में पूरा करवाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 मई से पहले गत वर्ष बजट में स्वीकृत सभी हैंडपम्प और नलकूपों को चालू कर दिया जाए तथा इस बजट में स्वीकृत किए गए 1000 नए नलकूप और 2500 नए हैण्डपम्प की वित्तीय स्वीकृति भी जल्द जारी कर कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। बैठक में बताया गया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए अप्रैल माह में 2 लाख 35 हजार से अधिक हैण्डपम्पों की मरम्मत की गई है। गत वर्ष बजट में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 5 नलकूप और 10 हैण्डपम्प स्वीकृत किए गए थे। इनमें से 800 से अधिक नलकूप और 1400 हैण्डपम्प इस माह के अंत तक क्रियाशील हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों में गर्मी के दौरान पेयजल आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 142 करोड़ रुपए के 1244 कार्य और शहरी क्षेत्रों में 68 करोड़ रुपए के 153 कार्य स्वीकृत कर जरूरत के अनुसार नलकूपों की गहराई बढ़ाने, पाइप लाइन डालने और बदलने तथा पम्पसेट आदि की मरम्मत के काम करवाए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जो कार्य अभी तक भी प्रारम्भ नहीं हुए हैं, वे 10 दिन के भीतर शुरू कर आगामी 15 मई से पहले पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि अप्रैल से जुलाई तक गर्मी के पीक सीजन में टैंकरों से पेयजल की मांग पूरी करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 82 करोड़ और शहरी क्षेत्र में 25 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी कर दी गई है।

### » कंट्रोल रूम नम्बरों का करें व्यापक प्रचार-प्रसार

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएचईडी अधिकारी बिजली विभाग के अधिकारियों से समन्वय बना कर रखें ताकि पीक लोड के कारण बिजली ट्रिपिंग, फॉल्ट आदि की स्थिति में भी नलकूपों की विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं हो। उन्होंने कहा कि पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम्स के नम्बरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर इन पर आने वाली शिकायतों का त्वरित और समयबद्ध निस्तारण किया जाए।

### » नहरबंदी के दौरान रखें जल भंडारण की पूरी व्यवस्था

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान के जिलों में नहरबंदी के दौरान भी पेयजल की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी, इसके लिए उन्होंने स्वयं हनुमानगढ़ और गंगानगर के दौरे के दौरान अधिकारियों से चर्चा कर स्थिति की समीक्षा की है। पेयजल की व्यवस्था सुचारू रखने के लिए नहरबंदी के दौरान पहले माह में आंशिक क्लोजर ही रखा गया है और पेयजल के लिए पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है। पूर्ण नहरबंदी के समय पेयजल आपूर्ति के लिए पीएचईडी अधिकारियों को जल भंडारण की पूरी व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### » इसी माह जारी होंगे जेजेएम के 5 हजार वर्क ऑर्डर

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ने हमारे आग्रह पर जल जीवन मिशन की अवधि वर्ष 2028 तक बढ़ा दी है। उन्होंने जल जीवन मिशन में शेष वर्क आर्डर शीघ्र जारी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अप्रेल माह में 5 हजार करोड़ के कार्यादेश जारी कर जेजेएम के कार्यों को गति प्रदान की जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन योजनाओं को सफलतापूर्वक चलाने के लिए संचालन एवं संधारण नीति शीघ्र जारी किये जाने के निर्देश प्रदान किये।

सात दिन में ही बैकफुट पर ट्रम्प

# 90 दिनों के लिए टैरिफ रोका, चीन पर बढ़ाकर 125 प्रतिशत किया



**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को 75 से ज्यादा देशों पर जैसे को तैसा यानी कि रेसिप्रोकल टैरिफ 90 दिनों के लिए रोक दिया है। यह उनके फैसले के साथ ही लागू हो गया है। हालांकि, उन्होंने चीन को इस छूट में शामिल नहीं किया है, बल्कि उस पर लगे टैरिफ को 104 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है। ट्रम्प ने यह कार्रवाई चीन की तरफ से लगाए गए जवाबी 84 प्रतिशत टैरिफ के बाद की।

चीन पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आसान भाषा में मतलब है कि चीन में बना 100 डॉलर का सामान अब अमेरिका में जाकर 225 डॉलर का हो जाएगा। अमेरिका में चीनी सामानों के मंहगे होने से उसकी बिक्री कम हो जाएगी। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि चीन ने ग्लोबल मार्केट के लिए सम्मान नहीं दिखाया है। इसी वजह से मैं उस टैरिफ बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर रहा हूं। उम्मीद है कि चीन जल्द यह समझेगा कि अमेरिका और दूसरे देशों को लूटने के दिन चले गए हैं।

### जो देश डील करेंगे, उनके लिए टैरिफ 10 प्रतिशत रहेगा

ट्रम्प ने कहा कि 75 से ज्यादा देशों ने अमेरिका के प्रतिनिधियों को बुलाया है और इन देशों ने मेरे मजबूत सुझाव पर अमेरिका के खिलाफ किसी भी तरह से जवाबी कार्रवाई नहीं की है। इसलिए मैंने 90 दिन के विराम (पॉज) को स्वीकार किया है। टैरिफ पर इस रोक से नए व्यापार समझौतों पर बातचीत करने का समय मिलेगा। वहीं, वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत करने के इच्छुक देशों के लिए यह दर घटकर 10 प्रतिशत हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कनाडा और मेक्सिको के कुछ सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगता था। अब उन्हें भी बेसलाइन टैरिफ में शामिल कर लिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि यूरोपीय यूनियन इस बेसलाइन टैरिफ में शामिल है या नहीं।

### ऐलान होते ही अमेरिकी शेयर बाजार में 10 प्रतिशत तक तेजी

*टैरिफ रोकने के ऐलान से 4 घंटे पहले ही ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'दिस इज ए ग्रेट टाइम टु बाय (यह खरीदी का बहुत अच्छा समय है)।' इसके बाद जैसे ही ट्रम्प ने रेसिप्रोकल टैरिफ रोकने की घोषणा की, शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। डॉऊ जोंस 2,600 अंक (7.1 प्रतिशत) से अधिक उछला। नैस्डैक 1536 अंक या 10.3 प्रतिशत बढ़ा। नैस्डेक में यह बढ़त 2008 की मंदी के बाद सबसे बड़ी है। वहीं, एपल, एनवीडिया, टेस्ला जैसी कंपनियों के शेयर में भी उछाल देखा गया। सबसे ज्यादा बढ़त 20.01 प्रतिशत टेस्ला में हुई। बिटकॉइन में भी 6 प्रतिशत बढ़त हुई। मालूम हो, एक दिन पहले ही टैरिफ वॉर से घबराए दुनियाभर के बाजार 4 प्रतिशत तक गिर गए थे।*

### चीन पर टैरिफ क्यों बढ़ाया

*अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ट्रम्प ने उन देशों को टैरिफ वापस लेकर प्रोत्साहित किया है, जिन्होंने बढ़ते ट्रेड वॉर के बीच अमेरिका के खिलाफ मोर्चा नहीं खोला। चूंकि चीन ने बुधवार को ही अमेरिका पर टैरिफ 34 प्रतिशत से बढ़ाकर 84 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। इसलिए ट्रम्प ने चीन पर टैरिफ 104 प्रतिशत से 125 प्रतिशत कर दिया।*

# शेख हसीना को जाना पड़ेगा बांग्लादेश

कोर्ट ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट



**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ एक और गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। राजधानी ढाका की अदालत ने गुरुवार को भ्रष्टाचार के एक मामले में शेख हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजिद पुतुल और 17 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इन सभी को धोखाधड़ी के जरिये एक आवासीय भूखंड हासिल करने के मामले में आरोपी किया गया है। ढाका मेट्रोपोलिटन के वरिष्ठ जज जाकिर हुसैन गालिब ने गुरुवार को भ्रष्टाचार रोधी आयोग (एसीसी) की ओर से दाखिल आरोपपत्र को स्वीकार कर लिया। हालांकि आरोपी फरार हैं, इसलिए कोर्ट ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

### 4 मई को देनी होगी जांच रिपोर्ट

आयोग के वकील मीर अहमद सलाम ने पत्रकारों को बताया, वरिष्ठ जज जाकिर हुसैन गालिब ने एसीसी के आरोपपत्र को स्वीकार करने के साथ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। उन्होंने बताया कि जज ने एसीसी को सुनवाई के लिए मामले से जुड़ी जांच रिपोर्ट चार मई को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। एसीसी ने पूर्व प्रधानमंत्री हसीना और अन्य के खिलाफ 12 जनवरी को मुकदमा दायर किया था। आरोपपत्र के अनुसार, साइमा ने अपनी मां और तत्कालीन प्रधानमंत्री हसीना को भूखंड हासिल करने के लिए प्रभावित किया था। एक नवंबर, 2023 से साइमा नई दिल्ली स्थित विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार गठित हुई थी। तब से हसीना को कई मामलों में आरोपित किया जा चुका है।

# योग गुरु बाबा रामदेव के बयान से गर्मी में चढ़ गया सियासी पारा

'पतंजलि जूस' को बढ़ावा देते हुए किया जिहाद का इस्तेमाल



**नई दिल्ली।** दिग्गज उद्योगपति और योग गुरु बाबा रामदेव सुर्खियों में हैं। इस बार वह 'पतंजलि जूस' को बढ़ावा देते हुए 'शरबत जिहाद' शब्द का इस्तेमाल करने के कारण चर्चा में हैं। रामदेव ने एक वीडियो में आरोप लगाया कि एक शरबत कंपनी अपनी कमाई का इस्तेमाल मस्जिद और मदरसे बनाने में कर रही है। 'पतंजलि प्रोडक्ट्स' ने इस वीडियो को फेसबुक पर शेयर किया था। इसके बाद यह विवाद और बढ़ गया। वीडियो में रामदेव सॉफ्ट ड्रिंक्स की तुलना टॉयलेट क्लीनर से करते हुए दिखाई दे रहे हैं। रामदेव के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने अपनी राय जाहिर की। कई यूजर्स ने रामदेव पर निशाना साधा और कहा कि वह हिंदू-मुस्लिम कार्ड खेलकर अपने प्रोडक्ट को बेचने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ यूजर्स ने यह भी कहा कि रामदेव पहले खाड़ी देशों में निर्यात के लिए पतंजलि प्रोडक्ट्स के लिए हलाल सर्टिफिकेट ले चुके हैं। वीडियो में रामदेव कहते हैं कि लोग गर्मी में प्यास बुझाने के लिए कोल्ड ड्रिंक पीते हैं। ये असल में टॉयलेट क्लीनर की तरह होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक तरफ टॉयलेट क्लीनर जैसे जहर का हमला है और दूसरी तरफ एक कम्पनी है जो शरबत बेचती है। उससे कमाए गए पैसे से मस्जिदें और मदरसे बनवाती है। बाबा रामदेव ने किसी का नाम तो नहीं लिया। लेकिन, माना जा रहा है कि उनका निशाना 'रूहअफजा' पर था।

### » शरबत का मस्जिद कनेक्शन

रामदेव ने कहा कि अगर आप शरबत पीते हैं तो इससे मस्जिदों और मदरसों के निर्माण को सपोर्ट मिलेगा। लेकिन, पतंजलि का गुलाब शरबत पीते हैं तो इससे गुरुकुल, आचार्यकुलम, पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड आगे बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे लव जिहाद और वोट जिहाद है, वैसे ही शरबत जिहाद भी है। इस शरबत जिहाद से खुद को बचाना चाहिए। 'पतंजलि प्रोडक्ट्स' ने फेसबुक पर वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'अपने परिवार और मासूम बच्चों को सॉफ्ट ड्रिंक्स और 'शरबत जिहाद' के नाम पर बिकने वाले टॉयलेट क्लीनर के जहर से बचाएं। घर में केवल पतंजलि शरबत और जूस लाएं।'

### » अलग-अलग प्रतिक्रियाएं

सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने रामदेव के इस बयान की आलोचना की है। एक यूजर ने 'एक्स' पर लिखा कि रामदेव हिंदू-मुस्लिम कार्ड खेलकर अपने कम गुणवत्ता वाले पतंजलि शरबत को बेच रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि रामदेव सफल बिजनेसमैन हैं। उन्हें बेवजह निशाना बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि रामदेव एक इस्लामिक ब्रांड को टक्कर देने के लिए शरबत लेकर आए हैं। इसलिए उन्हें टारगेट किया जा रहा है।

# कोटा में नाबालिग को किडनैप कर गैंगरेप

सहेली के भाई ने दोस्तों के साथ की दरिंदगी, तीन दिन गोदाम में बंधक बनाया

**कोटा।** कोटा में 14 साल की नाबालिग का उसकी सहेली के भाई ने घर छोड़ने के बहाने किडनैप कर लिया। गोदाम में 3 दिन तक न सिर्फ बंधक बनाकर रखा, बल्कि दोस्तों के साथ मिलकर उसके साथ गैंगरेप भी किया। जब आरोपियों को पता चला कि नाबालिग की मां और पुलिस उन्हें ढूंढ़ रही है तो वो उसे उसकी सहेली के घर छोड़कर फरार हो गए। नाबालिग परिजनों को बदहवास हालत में मिली। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और वह डॉक्टर्स की निगरानी में है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की उम्र जांच रही है कि वे भी नाबालिग हैं अथवा बालिग। पुलिस अभी मामले में कुछ भी बोलने से बच रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोटा में रहने वाली 14-15 वर्षीय यह किशोरी अपनी मां के साथ रहती है। परिवार की शिकायत के मुताबिक, 2 अप्रैल को मां को किसी काम से शहर से बाहर जाना पड़ा, तो उन्होंने बेटी को दादा-दादी के पास छोड़ दिया। अगले दिन यानी 3 अप्रैल को नाबालिग की सहेली का फोन आया और उसने दोपहर में पढ़ने-खेलने के लिए अपने घर बुलाया। परिवार ने बताया कि दिनभर खेलने के बाद शाम को सहेली ने अपने भाई से कहा कि वह उसकी सहेली को घर छोड़ आए। भाई ने इस मौके का फायदा उठाया और नाबालिग को उसके घर छोड़ने के बजाय अपने दोस्तों के पास ले गया। आरोपियों ने 3 अप्रैल की रात को सामूहिक बलात्कार किया और फिर उसे बंधक बना लिया। 4, 5 और 6 अप्रैल तक नाबालिग को एक गोदाम और अन्य जगहों पर रखा गया, जहां अलग-अलग आरोपियों ने कई बार उसका शोषण किया।

# तीन लाख से ज्यादा लोगों की पेंशन रोकने की तैयारी

तय सीमा से ज्यादा इनकम वाले लोगों पर होगा एक्शन, सीएमओ को भेजा प्रस्ताव

**जयपुर।** राजस्थान में सामाजिक पेंशन (एकल नारी, बुजुर्ग, विशेष योग्यजन) लेने वाले लाखों लाभार्थियों की पेंशन रोकने की तैयारी की जा रही है। ये पेंशनधारी वो हैं, जो सरकार की तय सीमा से ज्यादा कमाई कर रहे हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने हाल ही में एक ऐसा प्रस्ताव तैयार किया है, जिसमें बिजली के बिलों के आधार पर पेंशन को रोकने का निर्णय किया है। इसे मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय भिजवाया है। अगर मुख्यमंत्री कार्यालय से मंजूरी मिलती है तो लाखों लाभार्थियों की पेंशन रुक सकती है। दरअसल, राज्य सरकार अभी मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना के तहत लाभर्थियों को 1150 रुपए से लेकर 1500 रुपए तक पेंशन हर महीने देती है। इन तीनों श्रेणियों में पेंशन पाने वाले लाभार्थियों की संख्या 91 लाख 85 हजार से अधिक है। सरकार की एक सर्वे रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें पता चला है कि पेंशन लेने वाले लाखों लाभार्थियों की वार्षिक आय इस पेंशन के लिए निर्धारित सीमा से ज्यादा है।



### 48 हजार से ज्यादा बिजली का बिल भरने वालों की पेंशन रोकने का सुझाव

*सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से जो प्रस्ताव तैयार किया है, उसमें अगर कोई लाभार्थी सालाना 48 हजार रुपए या उससे ज्यादा बिजली बिल का भुगतान कर रहा है तो उसकी पेंशन को रोकने का निर्णय किया है। इसके अलावा जिन लाभार्थियों के यहां सालाना बिजली का बिल 24 हजार रुपए या उससे ज्यादा है। उस पर भी मुख्यमंत्री स्तर पर सुझाव मांगा है।*

### सर्वे में 3 लाख से ज्यादा पेंशनधारियों की रिपोर्ट तैयार

*दरअसल, विभाग ने पिछले कुछ महीनों में एक सर्वे रिपोर्ट तैयार करवाई। सूत्रों का कहना है कि इस सर्वे रिपोर्ट में बिजली कंपनियों से पेंशन लाभार्थियों के बिजली बिल की रिपोर्ट मांगी गई तो पता चला कि 3 लाख से ज्यादा ऐसे लाभार्थी हैं, जो सालाना 48 हजार रुपए या उससे ज्यादा का बिजली बिल भर रहे हैं। राज्य सरकार ने पेंशन के लिए 48 हजार रुपए तक वार्षिक आय की सीमा निर्धारित की है। ऐसे में विभाग का मानना है कि जो लाभार्थी 48 हजार रुपए का बिजली का बिल दे सकता है। उसकी या उससे जुड़े परिवार की सालाना आय बहुत ज्यादा होगी।*

### जैन मुनि बोले- हिंदुस्तान में रहने वाला हिन्दू कहलाएगा

**जयपुर।** राजस्थान में भगवान महावीर का 2624वां जन्म कल्याणक महोत्सव गुरूवार को धूमधाम से मनाया गया। जयपुर, सीकर, अजमेर, अलवर, उदयपुर और भीलवाड़ा में भव्य शोभायात्राएं निकाली गई, इनमें महावीर स्वामी के जीवन पर आधारित ज्ञानवर्धक और संदेशात्मक झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। जयपुर में हुई एक धर्म सभा में जैन मुनि भट्टारक प्रमेय सागर ने कहा ''महावीर स्वामी का संदेश सिर्फ जैनों का नहीं, सभी का है। जैन और सनातन धर्म एक सिक्के के दो पहलू हैं। राम से ऋषभदेव और म से महावीर, दोनों नाम एक जैसे हैं। उन्होंने आगे कहा- जो हिंदुस्तान में रहता है, चाहे वह सिख और ईसाई हो, जैन हो या मुस्लिम हो, वह हिन्दू कहलाएगा, हिंदुस्तानी कहलाएगा।''

मुनि ने बताया कि एक दिन पहले पीएम मोदी ने 50 मिनट तक णमोकार मंत्र पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत के उद्भव से ही जैन और सनातन धर्म एक-दूसरे के पूरक रहे हैं। पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया भी शोभायात्रा में शामिल हुए।

अमेरिका जाना अब आसान नहीं!

# सोशल मीडिया पर संभलकर करें पोस्ट, नई नीति से रद्द हो सकता है वीजा




**वाशिंगटन।** अब जो लोग अमेरिका जाना चाहते हैं, उनके लिए वहां जाना पहले की तरह आसान नहीं रहा। भले ही आपके पास वैध अमेरिकी वीजा या ग्रीन कार्ड हो, फिर भी आपको ट्रंप प्रशासन की नई आव्रजन नीतियों के तहत अमेरिकी हवाई अड्डों पर हिरासत, निर्वासन या डिवाइस तलाशी का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) जो कि होमलैंड सुरक्षा विभाग की एक एजेंसी है ने कहा कि इजरायल, उसके नागरिकों या यहूदी समुदाय की आलोचना करने वाली पोस्ट शेयर करने पर भी अमेरिकी वीजा या निवास परमिट नहीं मिलेगा।

**ऐसे लोगों को नहीं मिलेगा वीजा...:-** अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों ने कहा है कि वो अब सोशल मीडिया गतिविधि की जांच करेंगे और ऐसे लोगों को वीजा या निवास देने से इनकार कर देंगे। यह नीति तुरंत प्रभावी होगी और छात्र वीजा और अमेरिका में रहने के लिए स्थायी निवासी ग्रीन कार्ड के अनुरोधों पर लागू होगी।

यूएससीआईएस के अनुसार, हमास, फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद, लेबनान में हिजबुल्लाह और यमन में हूतियों का समर्थन करने वाली पोस्ट को यहूदी विरोधी सामग्री के रूप में देखा जाएगा। वीजा आवेदन प्रक्रिया के दौरान इसे एक नकारात्मक कारक माना जाएगा।

### 'आतंकी समर्थकों के लिए अमेरिका में कोई जगह नहीं'

*डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी की असिस्टेंट सेक्रेटरी फॉर पब्लिक अफेयर्स ट्रिसिया मैकलॉफलिन ने कहा, 'दुनिया भर के आतंकी समर्थकों के लिए अमेरिका में कोई जगह नहीं है। हमारे ऊपर कोई जिम्मेदारी नहीं है कि हम उन्हें देश में आने दें या यहां रहने दें। उन्होंने कहा, कोई भी व्यक्ति जो सोचता है कि वह अमेरिका आ सकता है और यहूदी विरोधी हिंसा और आतंकवाद की वकालत करते हुए रह सकता है तो फिर से सोच लें, यहां आपका स्वागत नहीं है।'*

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-6766677, 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com